सुप्रभात
रांची, शनिवार
18.05.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024
सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net वैशाख, शुक्ल पक्ष, एकादशी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 303

06 बिजली संकट की असल बजहों का विश्लेषण



# झामुमो ने सीता सोरेन और लोबिन हेंब्रम को पार्टी से किया निष्कासित





खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झामुमो ने अपने दो बागी नेताओं को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। शिबू सोरेन परिवार की बड़ी बहू सीता सोरेन को पार्टी से 5 वर्षों के लिए निष्कासित किया गया है। वहीं पार्टी के वरिष्ठ नेता लोबिन हेंब्रम को भी पार्टी लाइन के खिलाफ राजमहल से लोकसभा चुनाव लड़ने के कारण बाहर कर दिया गया है।

बता दें कि दुमका सीट से भाजपा कैंडिडेट के तौर पर झामुमो की पूर्व विधायक सीता सोरेन चुनाव लड़ रहीं हैं। इस संबंध में केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन ने आदेश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि 19 मार्च 2024 को वरीय नेताओं पर आरोप लगाते हुए सीता ने झामुमो की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया था। साथ ही दुमका सीट से उन्होंने नामांकन कर दिया है। ऐसे में उन्हें झामुमो से 5 वर्षों के लिए निष्कासित किया जाता है।

झामुमो ने विधायक लोबिन हेम्ब्रम को पार्टी से बाहर कर दिया है। इस संबंध में पार्टी अध्यक्ष शिबू सोरेन के स्तर से शुक्रवार को आदेश जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि उन्होंने लोकसभा चुनाव 2024 में राजमहल सीट से नामांकन कर गठबंधन धर्म के विरुद्ध काम किया है। साथ ही उनके स्तर से पार्टी कार्यकर्ताओं को दिग्भ्रमित किया जा रहा है।

## 20 मई को होना है पांचवें चरण का मतदान

# चतरा, हजारीबाग और कोडरमा लोस क्षेत्र में आज थम जायेगा चुनाव प्रचार

### 19 मई को सिर्फ डोर टू डोर कैंपेन किया जा सकेगा

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड के दूसरे चरण की तीन सीटों चतरा, कोडरमा और हजारीबाग पर 20 मई को मतदान होगा। शुक्रवार को इन सीटों पर चुनाव प्रचार चरम पर था और शनिवार को शाम पांच बजे इन सीटों पर चुनाव प्रचार थम जायेगा। इसके बाद 19 मई को डोर टू डोर कैंपेन किया जा सकेगा। इस चरण में भी तीनों सीटों पर सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान किया जायेगा। शुक्रवार को इन सीटों पर दलों और प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार चरम पर था।




### इनकी प्रतिष्ठा लगी दांव पर

इस चरण में केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, राज्य के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी एवं तीन विधायकों विनोद कुमार सिंह, मनीष जायसवाल तथा जेपी पटेल की प्रतिष्ठा दांव पर है।

### इतने प्रत्याशी हैं मैदान में

आज शाम पांच बजे से प्रत्याशियों का डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान शुरू होगा। इस चरण में चतरा, कोडरमा तथा हजारीबाग तीनों सामान्य सीटें हैं। तीनों सीटों पर कुल 54 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इनमें दो महिलायें तथा 23 निर्दलीय हैं। चतरा में 22, हजारीबाग में 17 तथा कोडरमा में 15 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं।

## लोकसभा आम चुनाव 2024

# एसी बसों के लिए 4730 रुपये किराया निर्धारित

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए अधिग्रहित किए जाने वाले विभिन्न श्रेणियों के मोटर वाहनों के लिए हायर एंड डिटेंशन चार्ज नये सिरे से तय कर दिया गया है। वातानुकूलित, डीलक्स, सेमी डीलक्स बसों के लिए हायर एंड डिटेंशन चार्ज तय करते हुए परिवहन विभाग ने अधिसूचना जारी की है। इसी दर पर वाहन संचालकों को बस भाड़ा देना होगा।

जारी अधिसूचना के अनुसार 35 सीट बैठान क्षमता या अधिक वाले वातानुकूलित डीलक्स बसों के लिए 4730 रुपये, 35 सीट बैठान क्षमता वाले डीलक्स बसों के लिए 4150 रुपये, 20 सीट से 50 सीट तक सेमी डीलक्स बस 3800 रुपये, मिनी बस 14 सीट से 23 सीट तक वातानुकूलित 2500 रुपये व कम सीट वाले मिनी बस 8 सीट से 13 सीट तक वातनुकूलित बस का भाड़ा 1650 रुपए व टाटा मैजिक के लिए 650 रुपये की दर तय की गयी है।

झारखंड की 14 संसदीय सीटों के लिए चार चरणों में चुनाव हो रहा है। पहले चरण का चुनाव समाप्त हो गया है। शेष तीन चरण का चुनाव बाकी है। चुनाव ड्यूटी में बड़ी संख्या में बसों का अधिग्रहण किया जाना है। प्राइवेट बस संचालकों को बस जमा कराने के लिए नोटिस भेजा गया है। अब नये सिरे से बसों का दर तय कर दिया है। बस संचालकों को इसी दर पर भुगतान किया जायेगा।

Format C-1

(for candidate to publish in Newspapers, TV)

Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation &Ors. Vs. Union of India &Anr.)

Name and address of candidate KRISHNA NAND TRIPATHI

Name of political party INDIAN NATIONAL CONGRESS
(Independent candidates should write "Independent" here)

Name of Election LOKSABHA 2024

*Name of Constituency 04-CHATRA

I KRISHNA NAND TRIPATHI (name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending Criminal cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | JMFC (MP, MLA Court) Daltonganj, Palamu | GR-2659/21 FIR N.-94/2017 Dated-30-11-2019 | Appearance | IPC-342, 143, 188 |
| 2. | Judicial Magistrate, Daltonganj, Palamu | GR-448/20 FIR N.-307/2019 Dated-30-11-2019 | Evidence | IPC-188 |
| 3. | JMFC (MP, MLA Court) Daltonganj, Palamu | GR-2682/20 FIR N.-482/2009 Dated-07-12-2021 | Evidence | IPC-188, 288 |
| 4. | Judicial Magistrate, Daltonganj, Palamu | GR-645/20 FIR N.-306/2019 Dated-30-11-2019 | Evidence | IPC-147, 148, 149, 323, 324, 427 |
| 5. | JMFC (MP, MLA Court) Daltonganj, Palamu | GR-2675/21 FIR N.-494/2009 Dated-02-12-2009 | Evidence | IPC-188, 171H |
| 6. | Judicial Magistrate, Daltonganj, Palamu | GR-1984/18 FIR N.-346/2018 Dated-20-10-2018 | Hearing | IPC-420, 379 |
| 7. | Judicial Magistrate, Daltonganj, Palamu | GR-408/19 FIR N.-1970/2019 Dated-01-03-2019 | Appearance | IPC-419, 420, 467, 468, 471, 34, 120B, 147, 504 |
| 8. | Judicial Magistrate, Bokaro | FIR N.-209/23, Dated-24-06-2023 | | IPC-147, 148, 323, 324 |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Not Applicable | | | |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

## आम सूचना

### राजकीय कृत गोविन्द+2 उच्च विद्यालय गढ़वा (झारखंड)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी के आदेश संख्या 684 दिनांक 15.05.2024 के आलोक में पुराने भवनों की मरम्मत प्रक्रिया में नियुक्त प्रतिनिधि की उपस्थिति में विद्यालय के कमरा संख्या 35 एवं 36 में कई वर्षों से बंद पड़े महिला समाख्या केंद्र का ताला तोड़वाया गया। वर्तमान समय में जो भी संस्था या व्यक्ति उन कमरों में मौजूद सामानों पर अपना दावा समझते हैं वे 15 दिनों के अंदर अपना अधिकार पत्र प्रस्तुत कर उन सामानों को ले जायें, अन्यथा नियमानुसार नीलामी की कार्रवाई कर कमरों की सफाई करा दी जायेगी।

प्राचार्य

## शपथ पत्र

मैं सहनाज प्रवीण, पिता परवेज आलम, गम्हेल रोड हुसैन नगर पहाड़ी मोहल्ला वार्ड नंबर -05 , मेदिनीनगर, जिला पलामू झारखंड का निवासी हूँ-

1. यह कि मैं उपरोक्त नाम व पते का निवासी हूं।
2. यह कि मेरी नाम आधार कार्ड में सहनाज प्रवीण है और झारखंड एकेडमिक काउंसिल रांची के सर्टिफिकेट में मेरी नाम अजिमा काशिफ दर्ज हो गया है।
3. यह कि सहनाज प्रवीण एवं अजिमा काशिफ दोनों नामों से जानी व पुकारी जाती हूँ अर्थात दोनों नाम का एक ही व्यक्ति है। जो मैं ही हूं।
4. यह कि मेरा नाम परिवर्तन हो गया है, इसलिए मेरे नाम को सुधार किया जाये।

सहनाज प्रवीण, शपथकर्ता

उपरोक्त शपथकर्ता को जानता पहचानता हूँ, इन्होंने इस शपथ पत्र पर अपना हस्ताक्षर बनाया है।
नोटरी पलामू, डालटनगंज।
बुक नंबर - 06 सिरियल नंबर : 673
दिनांक- 17.05.2024

## चुनाव प्रभावित करने के लिए मंत्री आलमगीर आलम को किया गया गिरफ्तार: राजेश ठाकुर

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची/बोकारो। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि मंत्री आलमगीर आलम पर अभी दोष साबित नहीं हुआ। इसलिए उनके विरुद्ध पार्टी की ओर से किसी प्रकार की कोई कार्रवाई का कोई प्रश्न नहीं उठाता है। मंत्री आलमगीर के निर्णय के बाद पार्टी विचार-विमर्श के बाद ही कोई कदम उठाएगी। राजेश ठाकुर शुक्रवार को मीडिया से बात कर रहे थे। श्री ठाकुर ने कहा कि मंत्री आलमगीर आलम ईडी के पहले समन पर ही एजेंसी के कार्यालय गए थे। वह आगे भी जाते, उन्हें गिरफ्तार करने की आवश्यकता नहीं थी। इस प्रकार की कर्रवाई चुनाव को प्रभावित करने के लिए की जा रही है। जनता वोट देकर इसका जवाब देगी।

### चुटिया में गृहमंत्री अमित शाह का रोड शो फ्लॉप

रांची। रांची के चुटिया में देश के गृहमंत्री अमित शाह के रोड शो पर तंज करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि मोहल्लेवासियों ने भी भाजपा को नकार दिया है। अमित शाह का रोड शो पूरी तरह से फ्लॉप साबित हुई क्योंकि जनता को अब भाजपा पर भरोसा नहीं रहा। भरोसा है तो कांग्रेस की पांच न्याय और 25 गारंटी पर। राहुल गांधी जी द्वारा जनता के लिए पूछे गए प्रश्न देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को मुहल्लों में रोड़ शो करने को विवश कर दिया।

### छविरंजन की बेल पर सुनवाई पूरी

रांची। चेशायर होम रोड की लगभग एक एकड़ जमीन की गलत तरीके से खरीद-बिक्री करने और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई है। अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

छवि रंजन फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। छवि रंजन की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और अभिषेक चौधरी ने बहस की। वहीं इडी की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जेनरल अनिल कुमार ने बहस की। इससे पहले मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े दूसरे मामले में हाईकोर्ट उनकी जमानत अर्जी खारिज कर चुका है।

### संजीव और जहांगीर आज कोर्ट में होंगे पेश

रांची। ₹35.23 करोड़ कैश बरामद होने के मामले में मंत्री आलमगीर आलम के निलंबित ओएसडी संजीव कुमार लाल एवं उनका सेवक जहांगीर आलम को 11 दिनों की पूछताछ के बाद आज शनिवार को पीएमएलए कोर्ट में पेश करेगा। ईडी दोनों आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लेकर 8 मई से लगातार पूछताछ कर रही है। अदालत ने पहले छह दिन एवं दूसरी बार पांच दिनों की पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की अनुमति दी है। ईडी दोनों से अधिकतम और तीन दिन तक कोर्ट की इजाजत के बाद पूछताछ कर सकती है। पेशी के साथ ईडी और तीन दिन की पुलिस रिमांड की मांग कर सकती है। इसी मामले में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से भी ईडी शुक्रवार से पूछताछ कर रही है।

## खबर एक नजर में

### अब 21 मई से 7 जून तक गर्मी की छुट्टी

रांची। झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, रांची ने विभागीय स्तर से झारखंड राज्य के सभी कोटि के सरकारी स्कूलों में अवकाश तालिका में संशोधन कर पूर्व निर्धारित अवकाश (21 मई से 2 जून) में आंशिक संशोधन करते हुए यह अवकाश अवधि अब दिनांक 21 मई से 7 जून तक होगी। यह आदेश निदेशक आदित्य रंजन ने जारी किया है।

### राहुल गांधी पर लगा एक हजार का जुर्माना

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जवाब दाखिल करने में देर के कारण अदालत ने यह जुर्माना लगाया है। हालांकि कोर्ट ने राहुल गांधी को दी गई राहत बरकरार रखी है। पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ चाईबासा सिविल कोर्ट द्वारा जारी गैर जमानती वारंट पर अगली सुनवाई तक के लिए रोक लगा दी है। बता दें कि वर्ष 2018 में भारतीय जनता पार्टी को लेकर राहुल गांधी द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। राहुल गांधी ने वर्ष 2018 में कांग्रेस के एक अधिवेशन में कहा था कि भाजपा में कोई भी हत्यारा अध्यक्ष बन सकता है, लेकिन कांग्रेस में ऐसा नहीं है। जिसे लेकर भाजपा के नेता प्रताप कटियार ने चाईबासा कोर्ट में शिकायतवाद दायर करायी थी।

### तापस घोष की जमानत याचिका पर हुई सुनवाई

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बड़गाई अंचल से जुड़े 8.86 एकड़ जमीन घोटाले के मामले में जेल में बंद आरोपी कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के कर्मी तापस घोष की जमानत याचिका पर शुक्रवार को पीएमएलए कोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 21 मई निर्धारित की है। तापस घोष ने जमानत की गुहार लगाते हुये याचिका दाखिल की है।

### राजकुमार पाहन की जमानत पर सुनवाई पूरी

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गाई अंचल की 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले में जमीन के मूल रैयत राजकुमार पाहन की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर शुक्रवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के पश्चात अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत अपना सुरक्षित आदेश 27 मई को सुनायेगी। राजकुमार पाहन ने अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुये 1 मई को याचिका दाखिल की थी।

### विधायक इरफान अंसारी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी

रांची। झारखंड हाईकोर्ट से कांग्रेस विधायक डॉ. इरफान अंसारी को मिली राहत फिलहाल बरकरार है। शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान विधायक इरफान अंसारी और राज्य सरकार की ओर से बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने मूल याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस नवनीत कुमार की अदालत में हुई। पिछली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने विधायक के खिलाफ दुमका के एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रही कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। दरअसल वर्ष 2018 में छेड़खानी की शिकार हुई बच्ची की फोटो अस्पताल से वायरल होने के मामले में इरफान अंसारी के खिलाफ अदालत ने संज्ञान लिया था। इस मामले में इरफान अंसारी के खिलाफ जामताड़ा थाना में केस दर्ज किया गया था।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
(पोस्टल बैलेट-सह-मतपत्र कोषांग, हजारीबाग)

### प्रेस-विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि लोकसभा निर्वाचन–2024 के निमित्त हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में निर्वाचन कार्य हेतु प्रतिनियुक्त खूंटी, सिंहभूम, लोहरदग्गा, पलामू, गिरीडीह, धनबाद, चतरा, कोडरमा, रांची एवं जमशेदपुर के साथ हजारीबाग के वैसे सभी मतदाता जिनके द्वारा Facilitation Centre, जबरा में किसी कारणवश अभी तक अपना मतदान का कार्य नहीं किया गया है, उन छुटे हुए मतदाताओं के लिए Facilitation Centre, जबरा में पुनः दिनांक 18.05.2024 को मतदान कार्य करया जायेगा।

अतएव निदेश है कि सभी छुटे हुए मतदाता Facilitation Centre जबरा में दिनांक 18.05.2024 को अपना मतदान कार्य करना सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि दिनांक 19.05.2024 को पुनः Dispatch Centre जो निम्न दो स्थानों पर कार्य करेगा, में भी Facilitation Centre के माध्यम से मतदान का कार्य कराया जायेगा :–

| Dispatch Centre का नाम | मतदान की तिथि | समय |
|---|---|---|
| बिनोबा भावे विश्वविधालय, हजारीबाग | 19.05.2024 | 7.30 से 3.00 PM |
| संत कोलम्बस महाविधालय, हजारीबाग | 19.05.2024 | 7.30 से 3.00 PM |

नोट– हजारीबाग जिला का मतदान दिनांक 19.05.2024 के पश्चात् Facilitation Centre के माध्यम से नहीं किया जायेगा, परन्तु बाहरी जिला के मतदाताओं का मतदान दिनांक 20.05.2024 के पश्चात् अलग–अलग निर्धारित तिथियों को दिनांक 30.05.2024 तक Facilitation Centre जबरा में कराया जायेगा।

नोडल पदाधिकारी
पोस्टल बैलेट–सह–मतपत्र कोषांग,
हजारीबाग

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त,
हजारीबाग।

PR 324916 Election (24-25)_D

ब-अदालत,

## कोर्ट नोटिस

श्री चन्द्रभानु कुमार पीठासीन पदाधिकारी
वाणिज्यक न्यायालय रांची
सह दिवानी न्यायाधीश
वरीय कोटि प्रथम, रांची।
वाणिज्यक वाद संख्या- 199/2022

बैंक ऑफ इंडिया, रातु रोड शाखा, रांची ......वादी
बनाम
श्री अभिषेक आनंद ..........प्रतिवादी

नोटिस बनाम:-
श्री अभिषेक आनंद, पिता-कृष्णा गिरी, निवासी- 309, जनक नगर, पैस मौडम रोड, पोस्ट-हेहल, थाना-सुखदेवनगर, जिला-रांची-834005.

बजरिये इस नोटिस के द्वारा आप को सूचित किया जाता है कि वादी ने आपके विरूद्ध मेरे न्यायालय में उपरोक्त वाद दायर किया है। न्यायालय से पंजीकृत डाक एवं नजारत द्वारा नोटिस जारी किया गया लेकिन आप मेरे न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित नहीं हुए।

अतः न्यायालय के आदेश से इस प्रकाशन नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि आपकी उपस्थिति हेतु दिनांक 2.8.2024 को 10:30 बजे दिन में निर्धारित किया गया है। आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थिति होकर अपना पक्ष रखें, अगर उक्त तिथि को आप उपस्थित नहीं हुए तो मुकदमा की सुनवाई एकपक्षीय कर दी जायेगी, इसे सख्त ताकिद जानें। यह प्रकाशन नोटिस न्यायालय की सील, मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से निर्गत किया जा रहा है।

दिनांक:-
स्थान:-

श्री चन्द्रभानु कुमार पीठासीन पदाधिकारी
वाणिज्यक न्यायालय रांची

## ईचागढ़ विधानसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन आयोजित

# इंडी गठबंधन के पास न कोई स्पष्ट नीति है और न ही मजबूत नेता : सुदेश महतो

- तुष्टीकरण की राजनीति इंडी गठबंधन की पहचान
- स्पष्ट नीति एवं नेतृत्व के साथ एनडीए है चुनाव मैदान में
- रांची लोकसभा सीट पर बड़ी जीत दर्ज करने की बनी रणनीति



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि इंडी गठबंधन के पास न कोई स्पष्ट नीति है और न ही मजबूत नेता। जेएमएम ने कभी राज्यवासियों के हित में काम नहीं किया। कांग्रेस एवं जेएमएम ने राज्य को आर्थिक रूप से खोखला कर दिया है। तुष्टिकरण और वोट की राजनीति ही इंडी गठबंधन की पहचान है जबकि एनडीए विकास आधारित राजनीति, स्पष्ट नीति एवं नेतृत्व के साथ चुनाव में है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष ने भादुडीह, चांडिल में आयोजित ईचागढ़ विधानसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन में कही। मौके पर रांची लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ उपस्थित रहे।

इस दौरान 25 मई को होने वाले मतदान में एनडीए के पक्ष में जनता का मत हासिल करने की रणनीति पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि इस बार का लोकसभा चुनाव कई मायने में महत्वपूर्ण है। एक तरफ क्षेत्रीय शक्ति और राष्ट्रीय सोच के साथ सशक्त और विकासित देश बनाने का संकल्प लेकर एनडीए जनता के बीच है और दूसरी तरफ बेमेल और स्वार्थ पर टिका गठबंधन है, जो चुनावों बाद बिखर जायेगा।

सुदेश महतो ने कहा राज्य व देश का विकास तब ही संभव है जब गांवों का विकास हो। राज्य के मुख्यमंत्री ही बिजली मंत्री हैं फिर भी पूरे राज्य में बिजली व्यवस्था धवस्त है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को अपने पद का दायित्व बोध नहीं है।

उन्होंने कहा कि यह चुनाव देश के प्रधानमंत्री के चयन का चुनाव है। चुनाव के चार चरणों के मतदान में जनता ने एनडीए को अपना अपार प्यार और आशीर्वाद दिया है। आने वाले तीन चरणों के मतदान में भी यही दिखेगा।

रांची लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ ने कहा कि आजसू और भाजपा की जोड़ी राज्य से 13 फूल और 1 फल दिल्ली भेजेगी। ईचागढ़ समेत पूरे लोकसभा क्षेत्रवासियों की समस्याओं की आवाज राष्ट्रीय पटल पर बनूँगा।

पार्टी के प्रधान महासचिव राम चंद्र सहिस ने कहा कि 2047 के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए आजसू भाजपा एक साथ पूरी मेहनत और से जुटी है। इसका परिणाम लोकसभा चुनावों में देखने को मिलेगा।

मौके पर पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो ने कहा कि ईचागढ़ में कांग्रेस- जेएमएम का गठबंधन खारिज हो चुका है।

इस अवसर पर भाजपा ईचागढ़ संयोजक मधु गोराई, सह संयोजक सारथी महतो, भाजपा नेता बंटी सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष उदय सिंहदेव, आजसू महिला कार्यकारी अध्यक्ष अमला मुर्मू, केंद्रीय सचिव चंद्रगुप्त सिंह, केंद्रीय सचिव अशोक साव, सत्यनारायण महतो, सुनील सिंह उपस्थित हुए।

सुप्रभात
रांची, शनिवार
18.05.2024
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024 सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net वैशाख, शुक्ल पक्ष, एकादशी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 303

12 समान नागरिक संहिता लागू करेंगे : राजनाथ

न्यूज डायरी

### कांग्रेस, सपा के सपने टूटे खटाखट : मोदी

फतेहपुर। शुक्रवार को पीएम मोदी ने यहां एक जनसभा में कहा कि पंजे (कांग्रेस) और साइकिल (सपा) के सपने टूट गये- खटाखट खटाखट। अब 4 जून के बाद की प्लानिंग हो रही है कि हार का ठीकरा किस पर फोड़ा जाये, खटाखट खटाखट। उन्होंने कहा विदेश यात्रा का टिकट भी बुक हो गया है, खटाखट खटाखट।

### आपको अपना बेटा सौंप कर जा रही हूं : सोनिया

रायबरेली। सोनिया गांधी ने यहां एक चुनावी कार्यक्रम में भावुक बयान दिया। उन्होंने लोगों से कहा, मैं अपना बेटा आप लोगों को सौंप रही हूं। राहुल गांधी आपको निराश नहीं करेंगे। जैसे आपने मुझे अपना माना वैसे ही राहुल को अपना मानना।

### हजारीबाग, कोडरमा और चतरा में आज थमेगा प्रचार

रांची। झारखंड के दूसरे चरण की तीन सीटों चतरा, कोडरमा और हजारीबाग पर 20 मई को मतदान है। शुक्रवार को इन सीटों पर चुनाव प्रचार चरम पर था। शनिवार शाम पांच बजे इन सीटों पर चुनाव प्रचार थम जायेगा। अन्नपूर्णा देवी, केएन त्रिपाठी, विनोद सिंह, मनीष जायसवाल तथा जेपी पटेल की प्रतिष्ठा दांव पर है।

### 11वीं में 98 फीसदी पास

रांची। झारखंड बोर्ड ने 11वीं और 9वीं के रिजल्ट शुक्रवार को जारी कर दिया। इस साल दोनों ही परीक्षा में 98 फीसदी से ज्यादा बच्चे पास हुए हैं। 11वीं की परीक्षा में 98 प्रतिशत से ज्यादा और 9वीं की परीक्षा में 98.39 प्रतिशत बच्चे पास हुए हैं। पिछले साल 98.66 प्रतिशत बच्चे प्रमोट हुए थे।

# शाह के रोड शो में उमड़ी भीड़

## पुष्प वर्षा के बीच अबकी बार 400 पार, फिर मोदी सरकार के लगे नारे

- शाह ने संजय सेठ के पक्ष में मांगा वोट
- चुटिया राम मंदिर से शुरू रोड शो सरस्वती शिशु मंदिर में संपन्न



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार की शाम रांची में रोड शो किया। शाह की रांची में इस पहले रोड शो में जबरदस्त भीड़ उमड़ी। 1.3 किलोमीटर के रोड शो में सड़क के दोनों किनारे लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान जय श्रीराम, भाजपा जिंदाबाद, मोदी जिंदाबाद, अमित शाह जिंदाबाद, अबकी बार चार सौ पार, फिर मोदी सरकार जैसे नारे गूंजते रहे। गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ को भारी मतों से विजयी बना कर मोदी का संकल्प पूरा करने की अपील की। रोड शो के बाद श्री शाह रांची एयरपोर्ट से विशेष विमान से दिल्ली रवाना हो गये।

### केसरिया रंग के खुले वाहन में सवार थे शाह, साथ थे कई नेता

केसरिया रंग के खुले वाहन में सवार अमित शाह के साथ रांची के भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ सहित कई भाजपा नेता सवार थे। लोगों ने पगड़ी पहनाकर उनका अभिनंदन भी किया। श्री शाह के रथ के आगे पारंपरिक वेशभूषा में 500 महिलाएं चल रही थीं। कई जगहों पर महिलाएं जनजातीय वेषभूषा में नृत्य करती दिखीं। सड़कों के दोनों किनारों पर हजारों लोग उनकी झलक पाने को खड़े रहे। ढोल-बाजों के साथ पूरे रास्ते उन पर पुष्प वर्षा होती रही। अमित शाह ने कभी हाथ हिलाकर तो कभी हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन किया। 3 मई को रांची में पीएम मोदी भी रोड शो कर चुके हैं।

### अमित शाह ने रांची से संजय सेठ को जिताने की अपील की

श्री शाह ने दस साल के एनडीए शासन की उपलब्धियों के आधार पर संजय सेठ को भारी बहुमत से जीताने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने पिछले दस सालों में कई उल्लेखनीय कार्य किये हैं। पांच सौ वर्षों के सपने अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण का निर्माण इसका गवाह है।

### उत्साह चरम पर था



चुटिया इलाके के राम मंदिर से शुरू रोड शो सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में संपन्न हुआ। करीब ढाई किमी के रोड शो में महिलाओं की भारी भागीदारी थी। श्री शाह के साथ सांसद संजय सेठ, सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, समरी लाल, संजीव विजयवर्गीय, वरुण साहू, आरती कुजूर भी मौजूद थे। हर कोई अमित शाह की एक झलक पाने को बेताब था। लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस दौरान चुटिया मुख्य सड़क के दोनों ओर बैरिकेडिंग की गयी थी। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाकर्मी तैनात थे।

# हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत याचिका पर अब 21 को सुनवाई

### इडी दो दिनों में शीर्ष कोर्ट को देगी जवाब

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की उस याचिका पर 20 मई तक इडी से जवाब मांगा है, जिसमें सोरेन ने मौजूदा चुनाव में प्रचार के लिए कोर्ट से अंतरिम जमानत देने का अनुरोध किया है। मामले की अगली सुनवाई 21 मई की तारीख तय की। सुनवाई के दौरान ईडी ने सोरेन की याचिका का विरोध किया और दलील दी कि उन्हें आम चुनाव की तारीखों की घोषणा से काफी पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की बेंच ने इडी से सोमवार तक संक्षिप्त जवाब दाखिल करने को कहा। सुनवाई के दौरान सोरेन का पक्ष रख रहे वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की तरह कोर्ट से हेमंत मामले में भी समानता दिखाने का अनुरोध किया। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव प्रचार के लिए केजरीवाल को 22 दिन की अंतरिम जमानत दी है। सिब्बल ने कोर्ट को इस बात का आश्वासन दिया कि यदि सोरेन को अंतरिम जमानत दी जाती है तो वे भी दो जून को झारखंड के जेल अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर देंगे। उधर इडी का पक्ष रख रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने सोरेन की याचिका का विरोध किया। उन्होंने कहा कि नियमित जमानत के लिए उनकी याचिका पहले ही झारखंड की एक अदालत से खारिज हो चुकी है। एजेंसी के पास यह दिखाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि पूर्व सीएम कथित भूमि घोटाले में अपराध की आय के लाभार्थी थे। हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को सीएम पद से इस्तीफा देने के बाद कथित भूमि घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया गया था।

## जेल से रिमांड पर ले कर आलम से पूछताछ

रांची। टेंडर कमीशन घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार मंत्री आलमगीर आलम को शुक्रवार को जेल से इडी कार्यालय ला कर पूछताछ की गयी। पूछताछ से पहले डॉक्टर ने उनका मेडिकल चेकअप किया। जांच के बाद डाक्टरों ने कहा, उनकी तबीयत नासाज है। डॉक्टर ने कहा कि उन्हें रात को सोने के दौरान सांस लेने में समस्या है, इससे कुछ परेशानी हुई। गिरफ्तार मंत्री से इडी छह दिनों तक पूछताछ करेगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई के लिए कोर्ट के फैसला का इंतजार होगा। वहीं श्री आलम के वकील किसलय कुमार ने कहा कि उनके मुवक्किल अस्वस्थ हैं। इस आधार पर वह कोर्ट से उन्हें बेल देने की अपील करेंगे। (शेष पेज 11 पर)

## आदिवासियों का हक छीन लेगी मोदी सरकार : कल्पना

रांची। पाकुड़ के लिट्टीपाड़ा में झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने कहा कि अगर फिर से भाजपा की सरकार बनी तो वे संविधान को बदल देंगे। आदिवासियों और दलितों का हक छीन लेंगे। उन्होंने 1 जून को झामुमो के पक्ष में मतदान कर भाजपा के मंसूबों को नेस्तनाबूद करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार आदिवासियों को खुशहाल नहीं देखना चाहती है। यही वक्त है केंद्र की गलत नीतियों को नेस्तनाबूद करने का। वह लिट्टीपाड़ा में राजमहल संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी विजय हांसदा के पक्ष में चुनावी सभा में बोल रहीं थी। जनसभा में कल्पना सोरेन ने कहा यह चुनाव संविधान बचाने का है। उन्होंने कहा कि गुरु जी ने सम्मान बचाने के लिए अलग झारखंड राज्य लड़कर लिया, लेकिन 20 साल तक भाजपा की सरकार राज्य में रही, जिसके चलते राज्य के लोगों का विकास नहीं हुआ। (शेष पेज 11 पर)



सुप्रभात

शनिवार 18.05.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 28

epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ



## बुजुर्ग व दिव्यांगों के लिये होम वोटिंग शुरू

# पोस्टल बैलेट द्वारा 85 वर्ष से अधिक आयु वाले दिव्यांगोंओं को सुविधा

**विशेष संवाददाता**





**धनबाद।** बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं के लिये होम वोटिंग आज से शुरू हो गयी है। प्रतिनियुक्त मतदानकर्मियों, माइक्रो आब्जर्वर, बीएलओ, सेक्टर ऑफिसर व पुलिस पदाधिकारी द्वारा चिन्हित मतदाताओं के घर पहुंचकर होम वोटिंग प्रारंभ हुई। होम वोटिंग के लिये तैनात कल तक ऐसे लोगों का मतदान करायेगी। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक पोस्टल बैलेट द्वारा एभीएससी (अब्सेंटी वोटर सीनियर सिटीजन) एवं एभीपीडी (अब्सेंटी वोटर पर्सन विथ डिसेबिलिटी) के मतदान हेतु गठित प्रखण्डवार पोलिंग टीम पहुंची। इस दौरान मतदाता को मतदान कराने की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई। होम वोटिंग कराने की प्रक्रिया एवं विविध प्रपत्रों के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गईं। साथ ही पूर्ण दिशा निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए होम वोटिंग की प्रक्रिया संपन्न की जा रही है।

ज्ञात हो कि पूर्व मे कराये गये सर्वे के आधार पर 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांग मतदाताओं(चलने फिरने में असमर्थ) के लिए होम वोटिंग की व्यवस्था की गई है। धनबाद जिला में कुल 216 मतदाताओं को चिन्हित किया गया है। बुजुर्ग और दिव्यांग वोटरों को घर पर ही डाक मतपत्र उपलब्ध कराया जाता है। यहां अपना वे अपने पसंद के उम्मीदवार को वोट दे सकते हैं। इस दौरान चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए चुनाव अधिकारी की टीम और पुलिस भी मौजूद होते हैं।

# 4 जून तक धनबाद अनुमंडल में धारा 144 लागू

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**धनबाद।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर धनबाद अनुमंडल में 4 जून की रात तक धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है। इससे पूर्व 16 मार्च को जारी 144 लागू होने के आदेश की अवधि पूरी ही बहकी है जिसे 4 जून तक बढाया गया है।

अनुमंडल दंडाधिकारी उदय रजक ने ने आज यहां बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान आदर्श आचार संहिता को प्रभावकारी करने एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए तत्काल प्रभाव से 4 जून 2024 की रात्रि 12.00 बजे तक दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत पूरे धनबाद अनुमंडल में निषेधाज्ञा जारी की है। केंद्रीय चुनाव आईजी द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन के लिए तिथियों की घोषणा करने के बाद 16 मार्च 2024 को जारी की गई निषेधाज्ञा की अवधि पूर्ण हो चुकी है तथा धनबाद अनुमंडल अंतर्गत लोकसभा आम निर्वाचन 2024 का कार्य प्रक्रियाधीन है। इस स्थिति में आदर्श आचार संहिता को प्रभावकारी करने एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने तक निषेधाज्ञा जारी रखना आवश्यक है। निषेधाज्ञा के दौरान पाँच व्यक्तियों या उससे अधिक के समूह में चलना, किसी प्रकार के हरवे हथियार जैसे लाठी, डंडा, भाला, गड़ासा, तलवार, तीर-धनुष आदि लेकर निकलना या चलना प्रतिबंधित रहेगा। बिना अनुमति के किसी प्रकार का बैठक करना, धरना, प्रदर्शन, सभा आयोजित करना, लाउड स्पीकर का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा किसी प्रकार का आग्नेयास्त्र, अस्त्र-शस्त्र, विस्फोटक पदार्थ लेकर चलना या निकलना प्रतिबंधित रहेगा। वहीं नेपालियों द्वारा खुखरी व सिक्खों द्वारा कृपाण धारण, शादी विवाह से संबंधित जुलूस में सम्मिलित व्यक्तियों, शव यात्रा में जाने वाले जुलूस, हाट बाजार, अस्पताल जा रहे मरीज के साथ-साथ जा रहे व्यक्तियों, विद्यालय एवं महाविद्यालय जाने वाले छात्र/छात्राओं एवं कर्तव्य पर तैनात सरकारी कर्मचारी, पुलिस बल, विधि-व्यवस्था एवं निर्वाचन कार्य में लगे पदाधिकारी, कर्मचारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल इस निषेधाज्ञा की परिधि से बाहर रहेंगे।

## झरिया में दो बूथों का स्थान बदला

**धनबाद।** धनबाद संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत अग्नि प्रभावित झरिया के दो मतदान केंद्रों को बदल दिया गया है। झरिया विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत दोबरी पंचायत के मतदान केंद्र संख्या 225 एवं 226 में भू धसान एवं अग्नि प्रभावित क्षेत्र होने के कारण वहां से हटाते हुए 300 मीटर की दूरी पर स्थित डीएवी हाई स्कूल में बनाया गया है। केंद्रीय चुनाव आयोग ने इस पर अपनी सहमति प्रदान कर दी है।

स्पीड न्यूज

### राजद के प्रखंड अध्यक्ष ने की नुक्कड़ सभा, मथुरा को जिताने की अपील

**कतरास।** राष्ट्रीय जनता दल के बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष रोहित यादव ने महा गठबंधन के प्रत्याशी मथुरा महतो के पक्ष में जगह-जगह नुक्कड़ सभा की। कतरास केशलपुर रोड पंजाबी मोहल्ला में दर्जनों लोगों ने उनकी पार्टी का दामन थामा। इसके बाद नेशनल अंगारपथरा में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने महा गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में वोट करने की अपील की। मौके पर विनय पासवान सोनू शर्मा, वसीम खान, शमीम खान, मिस्टर खान, इकबाल खान, हैदर खान, अरविंद साव, मुश्ताक खान, संजय केसरी, सरफराज अंसारी, निसार खान, इमरान खान, राजा खान, सलीम अंसारी, बसंत, गौतम, तबरेज खान, लड्डन, पप्पू साव आदि मौजूद थे।

### यूकोवयू की बैठक में भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील



**कतरास।** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन गोविंदपुर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक न्यू अकाश किनारी कोलियरी में क्षेत्रीय अध्यक्ष लक्ष्मण महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो एवं गिरिडीह से भाजपा समर्थित उम्मीदवार सी पी चौधरी को जिताने की अपील की गई। बैठक में यूनियन के क्षेत्रीय सचिव बसंत कुमार शर्मा, इनमोसा के सचिव जयराम प्रसाद साव, सुदेव सिंह, सुकर महतो, संजय रवानी, उस्मान अंसारी, राजू रवानी, जगत महतो सहित अन्य मजदूर मौजूद थे।

# पोक्सो कोर्ट का फैसला, नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को दस वर्ष कैद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

धनबाद। धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह ने मंगेतर की नाबालिक बहन का अपहरण व उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में आज नामजद आरोपी हरियाणा सोनीपत निवासी राहुल गिरी को दस वर्ष कैद एवं पंद्रह हजार रुपए जुमार्ना से दंडित किया है। गुरुवार को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए शुक्रवार की तारीख निर्धारित की थी। प्राथमिकी पीड़िता के पिता की शिकायत पर टुंडी थाने में दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक पीड़िता की बड़ी बहन की शादी राहुल के साथ तय हुई थी। जिसके बाद राहुल पीड़िता के साथ फोन पर बात करने लगा। इसी दौरान राहुल ने पीड़िता को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और उसे बहला फुसलाकर 29 नवंबर 21 को दिल्ली अपने घर ले गया।

प्राथमिकी में आरोप है कि राहुल ने पीड़िता के साथ वहां कई बार दुष्कर्म किया उसका कई फोटो और वीडियो बना लिया इसके बाद वह लगातार पीड़िता को ब्लैकमेल करने लगा। आरोप था कि राहुल ने पीड़िता के साथ आर्य समाज मंदिर दिल्ली जबरन विवाह कर लिया। पीड़िता ने इसकी जानकारी अपने परिवार के लोगों को दी। इसके बाद पीड़िता के पिता ने एफआईआर दर्ज कराया। मुकदमा होने की सूचना पर राहुल उसके पिता और मां आसनसोल आए जहां पीड़िता को पुलिस ने उनके चंगुल से मुक्त कराया था। अनुसंधान के बाद पुलिस ने राहुल के खिलाफ 27 अप्रैल 23 को आरोप पत्र दायर किया था 31मई 23 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी। इस दौरान अभियोजन ने कुल 6 गवाहों का परीक्षण कराया था।

### नाबालिग से दुष्कर्म, दोषी करार

एक अन्य मामले में न्यायाधीश श्री सिंह ने दिव्यांग नाबालिग से दुष्कर्म कर उसे गर्भवती बना देने के नामजद आरोपी बरवड्डा निवासी राम दास कुमार मिश्रा को दोषी करार दिया है। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए सोमवार की तारीख निर्धारित की है। प्राथमिकी पीड़िता के पिता के शिकायत पर बरवड्डा थाने में दर्ज की गई थी प्राथमिकी के मुताबिक आरोपी पूजा पाठ करने के लिए गांव मे आता था।

आरोप था कि जब भी पीड़िता शौच करने के लिए जाती थी तो आरोपी उसका पीछा करता था। आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने उसे शादी करने का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया जब पीड़िता गर्भवती हो गई तो आरोपी ने उसे दवा खिला दिया जिस कारण उसका गर्भ खराब हो गया अनुसंधान के बाद पुलिस ने 16 अक्टूबर 23 को आरोपी के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था। 19 अक्टूबर 23 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी। सुनवाई के दौरान अभियोजन ने 6 गवाहों का परीक्षण कराया था।

## सड़क दुर्घटना से संबंधित विवादों के निपटारे का आदेश

▸▸ 8 जून को विशेष लोक अदालत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** झालसा के तत्वावधान मे आगामी आठ जून को सड़क दुर्घटना दावा से संबंधित विवादों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया है।जिसकी तैयारीयों की समीक्षा के लिए शुक्रवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा ने न्यायिक पदाधिकारीयों , इंश्योरेंस कंपनियों के अधिकारियों, अधिवक्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की। इस बाबत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धनबाद राकेश रोशन ने बताया कि सड़क दुर्घटना से संबंधित व्यवहार न्यायालय धनबाद में आगामी 8 जून को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया है। जिसकी तैयारियों की समीक्षा प्रधान न्यायाधीश ने की । सड़क दुर्घटना से संबंधित कुल 1317 मामले लंबित है जिसमें अब तक 748 वाद के वादी एवं प्रतिवादियो को नोटिस भेजा जा चुका है । अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि ज्यादा से ज्यादा मात्रा में सुलाह /समझौते के माध्यम से वादों का निपटारा कराया जाए ताकि सड़क दुर्घटना में मृतक के परिवार

## सीता सोरेन ने गांडेय विधानसभा में की जनसभा, कहा

# पीएम मोदी ने पिछले 10 सालों में बनाया है कीर्तिमान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गिरिडीह।** भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में शुक्रवार को इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी कल्पना सोरेन की बड़ी गोतनी और दुमका की भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन ने गांडेय के कई स्थानों पर जनसभा को संबोधित किया। बेंगाबाद के डाकबंगला चौराहा पर जनसभा को संबोधित करते हुए सीता सोरेन ने राज्य के चंपाई सोरेन सरकार को जुमलों की सरकार बताते हुए कहा कि केन्द्र सरकार की योजनाओं को सरकार सही तरीके से धरातल पर नहीं उतार पा रही है। जनसभा में भाजपा नेता नुनूलाल मंराडी, सुनील पासवान, रालोजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज मौजूद थे। उन्होंने कहा कि उनके झामुमो छोड़ने का मुख्य कारण सिर्फ यही रहा कि राज्य में परिवारवाद की सरकार हावी है। सीता सोरेन ने कहा कि मोदी ऐसे ही यशस्वी पीएम नहीं बन गए, उनके 10 साल के कार्यकाल ने उन्हें यशस्वी बनाया है। कहा कि सबका साथ सबका विकास का मंत्र लेकर पीएम मोदी ने पिछले 10 सालों में एक कीर्तिमान बनाया है।

## सिटी एसपी ने सिंदरी में दिया अपराधियों पर पैनी नजर रखने का निर्देश



**सिंदरी।** धनबाद सिटी एसपी अजीत कुमार ने शुक्रवार को सिंदरी एसडीपीओ कार्यालय में बैठक की। उन्होंने अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी व निरीक्षकों को अपने क्षेत्र में चुनाव से संबंधित दिशा निर्देश जारी किए। इस मौके पर सिंदरी एसडीपीओ भूपेंद्र प्रसाद राउत भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले और बाद में अप्रिय घटना नहीं हो, इसके लिए अपराधी व असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखें। बेल पर छूटे अपराधियों की लिस्ट थाना प्रभारियों को आदान प्रदान करने का निर्देश भी दिया। शराब, मादक पदार्थ पर नियंत्रण तथा वांछित अभियुक्तों की धरपकड़ के लिए सहयोग का निर्देश दिया गया। वोटरों को बूथ तक जाने में कोई दिक्कत नहीं आने की बात कही। पेट्रोलिंग और गश्ती दलों से क्षेत्र में विधि व्यवस्था कायम करने सहित लोकसभा चुनाव से संबंधित अन्य जरूरी दिशा निर्देश दिए।

### लोकसभा प्रत्याशी सुनैना किन्नर ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**धनबाद।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रत्याशियों ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। शुक्रवार को निर्दलीय प्रत्याशी सुनैना किन्नर ने गांधी सेवासदन में पत्रकारों को अपने लक्ष्य के बारे में बताया तथा सभी से अपने पक्ष में वोट करने की अपील की। वह अधिवक्ताओं के पास भी पहुंची अपने पक्ष में मतदान की अपील की। सुनैना ने कहा कि अधिवक्ता चित्रगुप्त की तरह हैं। लोगों को न्याय दिलाने का काम करते हैं। इसबार एक किन्नर के लिए न्याय करना है। इसके अलावा सुनैना ने गोविंदपुर, ईस्ट बसुरिया, कच्छी बलिहारी आदि क्षेत्रों में भी जनसंपर्क अभियान चलाकर वोट मांगा। लोगों को भरोसा दिलाया कि यदि उन्हें समर्थन मिला तो वह लोगों की उम्मीदों पर पूरी तरह खरी उतरेंगी।

# देश में फिलहाल मोदी सरकार का कोई विकल्प नहीं : विस्वा सरमा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** देश में फिलहाल मोदी सरकार का कोई विकल्प नही है। वर्तमान राजनीति में विपक्ष भी वैसा दमदार चेहरा नहीं है जो सत्ताधारी पक्ष को शिकस्त दे सके। इस बात को देश की जनता भली भांत समझ रही है। जहां जा रहे हैं, जनता का साकारात्मक रुख देखने को मिल रहा है। तीसरी बार भी देश में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। उक्त बातें शुक्रवार को धनबाद दौरे पर पहुंचे असम के मुख्यमंत्री हेमंत विस्वासरमा ने कही। वह अपनी पार्टी के नेता अमरेश सिंह से मिलने उनके आवास पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में विश्व पटल पर भारत को स्थापित करने का काम प्रधानमंत्री नरद्र मोदी ने किया है। यह सरकार हर चुनौतियों पर खरा उतरी है। दूसरी ओर विपक्ष बिल्कुल समाप्ति के कगार पर है। यही वजह है कि भाजपा को हराने के लिए सभी को एक साथ आना पड़ा है। लेकिन यह अच्छी बात नहीं है, विपक्ष होना चाहिए और मजबूत भी होना चाहिए। सबसे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति देश की कांग्रेस पार्टी है, इतनी बड़ी पार्टी कहां से कहां पहुंच गई है, इसकी चिंता उन्हें खुद करनी पड़ेगी। नहीं तो आजादी के समय का यह राजनीतिक दल समाप्त हो जाएगा।

## सुशांतो सेन हत्याकांड, सीबीआई को गवाह पेश करने का आदेश

**धनबाद।** फॉरवर्ड ब्लॉक के नेता सुशांतो सेन गुप्ता उनके भाई संजय सेन गुप्ता व कार्यकर्ता दुर्योधन पाल के हत्या के चर्चित मामले की सुनवाई सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत में हुई। सुनवाई के दौरान सीबीआई के वरिए अभियोजक चंदन सिंह ने दरोगा एस सी चौधरी का बयान अदालत में दर्ज कराया जिसने बताया कि उसके सामने बरामद मोबाइल की जप्ती सूची बनाई गई थी ।कोर्ट ने सीबीआई को गवाह पेश करने का आदेश दिया है। 5 अक्टूबर 2002 को सुशांतो अपने भाई संजय व कार्यकर्ता दुर्योधन के साथ कार से निरसा जा रहे थे। गोपालगंज के पास कार पर हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग की थी। मौके पर ही तीनों की मौत हो गई थी। जबकि प्रदीप तुरी एवं गणेश स्वर्णकार घायल हो गए थे। प्रदीप तुरी के फर्द बयान पर निरसा थाने में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। पुलिसिया जांच पर उंगली उठाते हुए सुशांतो की माँ ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। उच्च न्यायालय के आदेश पर सीबीआई ने मामले को दर्ज कर आरोप पत्र दायर किया था

## राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर निकाली गयी जागरूकता रैली

# मच्छरों के काटने से होता है डेंगू, रहें सतर्क

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन की अध्यक्षता में सदर सीएचसी से सिविल सर्जन कार्यालय तक जागरुकता रैली निकाली गई। सिविल सर्जन ने बताया कि इस बीमारी के खिलाफ लड़ाई में अधिक जागरूकता लाने के लिए राष्ट्रीय डेंगू दिवस भारत में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि डेंगू साफ एवं ठहरे हुए पानी में पनपने वाले संक्रमित मादा एडीज मच्छर के काटने से फैलने वाला एक संक्रामक तथा अधिसूचित बीमारी है। यह विषाणु जनित रोग है। समय पर जांच एवं इलाज नहीं होने से यह जानलेवा हो सकता है। अचानक तेज बुखार आना, तेज सिर दर्द, आंखों के पिछले हिस्से में दर्द, जोड़ों एवं मांस पेशियों में दर्द, मसूड़ों से खून आना, भोजन में अरुचि, भूख ना लगना डेंगू के लक्षण है। इसको अनदेखा नहीं करना चाहिए। इससे बचाव पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि मच्छरों से बचे, घर के आसपास सफाई रखें, पुराने टायरों, बर्तनों तथा व्यवहार में नहीं आने वाली वस्तुओं को हटा दें ताकि इसमें पानी जमा ना हो। पानी के बर्तनों को ढक कर रखें क्योंकि एडीज मच्छर स्वच्छ जल में ही पनपते हैं। सप्ताह में कम से कम एक बार पानी की टंकी, कूलर, फ्रीज, फूलदान आदि की सफाई कर सुखा लें। पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहने, हमेशा मच्छरदानी के अंदर सोए, बुखार होने पर खूब पानी पिएं और आराम करें, सप्ताह में 1 दिन सूखा दिवस अवश्य मनाएं।

जागरुकता रैली में जिला वीबीडी पदाधिकारी डॉ सुनिल कुमार, एमओआईसी सदर डॉ अनिता चौधरी, वीबीडी सलाहकार रमेश कुमार सिंह, मलेरिया इंस्पेक्टर उमेश चौधरी, उत्तम सिन्हा सहित एनसीसी बॉय्ज एवं गर्ल्स, सहिया, एएनएम व स्वास्थ्य कर्मी शामिल थे।

## प्रत्याशी के संसदीय चुनाव प्रभारी का दावा

# ढुल्लू को मिल रहा है अपार जन समर्थन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



धनबाद। भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा चुनाव के संयोजक सत्येंद्र कुमार ने कहा की भाजपा ने ढुलू महतो को प्रत्याशी बनाया है, इस से जनता में खुशी की लहर है। ढुलू महतो बाघमारा के तीन बार के विधायक रह चुके है, और एक विधायक के नाते जनता के बीच काम कर दिखाया है। भाजपा कार्यकर्ता मंडल स्तर, बूथ स्तर तथा शक्ति केंद्रो में जोर शोर से लगे हुए है। भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो का जनसंपर्क तथा जनसभा विभिन्न क्षेत्रों में किया जा रहा है। बरवाअड्डा रोड स्थित लोकसभा चुनावी कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि प्रत्याशी ढुलू महतो की पत्नी सावित्री देवी भी जनसंपर्क कर रही है। वही पीएम मोदी के द्वारा किए गए कार्यों को गिनाया। कहा कि ढुलू महतो को जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है। कहा की युवा वर्ग, व्यवसाई वर्ग का समर्थन मिल रहा है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहां की विपक्ष सिर्फ दुष्प्रचार कर रहा है।

### बोकारो में राजनाथ और धनबाद में योगी का कार्यक्रम

उन्होंने कहा की बोकारो में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 21 अप्रैल को जनसभा करेंगे वही यूपी के सीएम योगी आदित्य नाथ धनबाद में रोड शो करेंगे। योगी आदित्य नाथ की तिथि तय नहीं है। प्रेस वार्ता में संजीव अग्रवाल, नरेंद्र त्रिवेदी, बृजनंदन शर्मा, मिल्टन पार्थ सारथी, अजय के साथ भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### धनबाद संसदीय क्षेत्र के चुनाव मैदान में कोई दागदार तो कोई पहली बार

# प्रत्याशी जोड़ रहे हाथ, मतदाता मुश्किल में 'इधर जाऊं या उधर'

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** कोयलांचल में इन दिनों प्रत्याशियों की प्रचार गाड़ी घूम रही है, जबकि चौक चौराहे होडिंग बैनर से अटे पड़े हैं। हर गली-मुहल्ले में प्रत्याशी घूम घूम कर अपने पक्ष में वोट मांग रहे हैं। कई लोग सोशल मीडिया पर पसंदीदा प्रत्याशी का फोटो लगा कर वोट देने की अपील कर रहे हैं। भाजपा, कांग्रेस, मासस तथा कई निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव मैदान में अपनी किस्मत का ताला खुलवाने के लिए दिन रात मेहनत कर रहे हैं। लोगों के समक्ष हाथ जोड़ रहे हैं तो कुछ पैर पकड़ने को भी तैयार हैं। कई वादे भी कर रहे हैं।





**सिर्फ किस्मत आजमाने के नाम पर भी कई उम्मीदवार**

सुनयना किन्नर, मासस से जगदीश रवानी, निर्दलीय से लक्ष्मी देवी, प्रेम प्रकाश पासवान सहित कई प्रत्यासी चुनाव मैदान में हैं, जो अपना भाग्य अजमा रहे हैं।

**दो प्रत्याशियों में है टक्कर**

धनबाद में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर है। एक तरफ भाजपा के प्रत्याशी ढुल्लू महतो तो दूसरी ओर कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह हैं। ढुल्लू बाघमारा विधानसभा क्षेत्र से तीन बार के विधायक रह चुके हैं। कहा जाता है कि धनबाद भाजपा का गढ़ है। इसका लाभ ढुल्लू महतो को मिल सकता है। कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पति जयमंगल सिंह तीन बार बेरमो विधायक रह चुके हैं। दोनों प्रत्याशियों के बीच कड़ा मुकाबला है, अब जनता जनार्दन ही तय करेगी कि कौन धनबाद का सांसद होगा।

**अनुपमा सिंह पहली बार चुनाव मैदान में**

कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने पहली बार राजनीति में अपना कदम रखा है। हालांकि उनका पूरा परिवार में राजनीतिक गलियारे में नाम कमा रहा है। पति जयमंगल सिंह (अनूप सिंह) बेरमो के विधायक हैं। ससुर राजेंद्र प्रसाद सिंह संयुक्त बिहार में और झारखंड बनने के बाद ट्रेड यूनियन क्षेत्र में काफी चर्चित रहे। विधायक बने और मंत्री भी रहे। पार्टी के अंदर और बाहर उनकी तूती बोलती थी। उनके निधन के बाद भी पूरा परिवार राजनीति से जुड़ा है। हालांकि अनुपमा सिंह के पहली बार राजनीति में उतरने के कारण मतदाताओं के बीच कौतूहल के साथ आशंका भी है। हालांकि महिला होने का लाभ भी उन्हें मिल रहा है।

**ढुल्लू पर हैं कई आरोप**

प्रत्याशियों में कई दागदार हैं तो कोई पहली बार चुनाव मैदान में है। मतदाता द्वंद्व में फंसे हैं। किसे चुनें और किसे ठुकराएं। भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर कई गंभीर आरोप हैं। लगभग 50 से अधिक मामले उनपर दर्ज भी हैं और दबंगई में भी उनकी चर्चा होती रही है। टिकट मिलने के बाद बड़े बड़े वादे भी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके लिए सबसे बड़ा सहारा हैं। पार्टी का सबका साथ, सबका विकास नारा तो है, मगर उन्हें सबका साथ मिल भी रहा है या नहीं, विश्वास के साथ कुछ कहना मुश्किल है। पार्टी के कई कार्यकर्ता और पार्टी के दिग्गज नेता भी नाराज बताये जा रहे हैं। ऐसे में पीएम मोदी के नाम पर वोट मांगना जरूरी भी है और मजबूरी भी।

## खनिज लदे 5 वाहन जब्त



**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए खनन टास्क फोर्स में बिना परिवहन चालान के खनिज लेकर परिवहन करते 5 वाहनों को जब्त कर संबंधित थाना को कार्रवाई करने के लिए सुपुर्द किया है। इसकी जानकारी देते हुए खान निरीक्षक श्री बिनोद बिहारी प्रमाणिक ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर खनन टस्क फोर्स ने गोविंदपुर, सरायढेला एवं निरसा थाना क्षेत्र में संबंधित थाना के सहयोग से जांच अभियान चलाया। जांच के क्रम में गोविंदपुर थाना क्षेत्र से लगभग 800 -800 सीएफटी पत्थर चिप्स लोड हाइवा संख्या जेएच 10 सी.डबलयु. 6667 व जेएच 10 सी.एन. 6667, निरसा थाना क्षेत्र से लगभग 500 सीएफटी पत्थर चिप्स लोड हाइवा संख्या जेएच 10 ए.एक्स. 0208 तथा सरायढेला थाना क्षेत्र से लगभग 100-100 सीएफटी बालू लोड टाटा 407 संख्या जेएच 10 वी 6811 व ट्रेक्टर संख्या जेएच 10 सी.जी. 9243 को जब्त कर संबंधित थाना को कार्रवाई करने के लिए सुपुर्द किया गया। उन्होंने बताया कि जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध खनन टास्क फोर्स द्वारा लगातार अभियान चलाया जाएगा। इसमें दोषी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**स्पीड न्यूज**

### जेबीवीएनएल के मैनडेज कर्मी ने कनेक्शन के नाम पर किया घपला

**सिंदरी।** सिंदरी के एल 473 निवासी शांति देवी ने जेबीवीएनएल के सिंदरी क्षेत्र के मैनडेज कर्मी शशि सिंह पर नये कनेक्शन के लिए 15 हजार रुपये लेकर घपला करने का आरोप लगाया है। भुक्तभोगी ने शुक्रवार को सिंदरी क्षेत्र के कनीय अभियंता शशि मुंडा से लिखित शिकायत की है। शिकायत में सितंबर 2023 में नये विद्युत कनेक्शन के नाम पर पंद्रह हजार रुपये की वसूली का आरोप है। आरोप में कहा गया है कि बार बार आग्रह करने के बाद भी न तो कनेक्शन करा रहे हैं और न ही पैसे वापस देने को राजी हैं। उन्होंने विभाग से कार्रवाई की मांग की है। कनीय अभियंता ने बताया कि मौखिक शिकायत कई दिनों से प्राप्त हो रही थी। शुक्रवार को लिखित शिकायत मिली है। शशि सिंह को दूरभाष पर संपर्क करने की कोशिश की जा रही है। सबसे पहले मैनडेज कर्मी से बात कर शिकायतकर्ता का विद्युत कनेक्शन कराया जाएगा। वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों को घटना से अवगत कराया जा रहा है। उनके आदेशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्रीय कार्यपालक अभियंता मनीष चंद्र पूर्ति ने बताया कि जानकारी नहीं है। जानकारी प्राप्त कर कार्रवाई करूंगा।

### चंद्रप्रकाश चौधरी के पक्ष में लंबोदर महतो ने चलाया जनसंपर्क

**बोकारो/कसमार।** गिरिडीह के आजसू प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी के पक्ष में गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कसमार प्रखंड के बरईकला छतरबर पूरनाडीह जुमरा करकट्टाखुर्द खूंटाहारा परसाटांड़ करकट्टाकला सिंहपुर राजागोड़ा पाड़ी सुईयाडीह डोम टोला कोतोगाड़ा कोयरीजारा महतो कूल्ही पिरगुल रानीटांड़ हरनाद दुगार्पुर तिलेयतरिया भुरसाटांड़ खुदीबेडा डाभाडीह कमारहीर खैराचातर सिंहपुर गोरियाकुदर बगदा दुगार्पुर ललमटिया कुरको समेत दर्जनों गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर चंद्रप्रकाश चौधरी को वोट देने की अपील की। जगह जगह पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि सीपी चौधरी ने पिछले पांच साल में गिरिडीह संसदीय क्षेत्र में विकास की अनेक योजनाओं को सरजमीं पर उतारने का काम किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित में एक बार फिर मोदी सरकार बनाने के लिए गिरिडीह में सीपी चौधरी को भारी मतों से विजयी बनाएं। दौरा के क्रम में ग्रामीणों ने जगह जगह पर विधायक का स्वागत किया। दौरा में जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारी, डॉ लंबोदर महतो की धर्मपत्नी कौशल्या देवी, अजय सिंह, शशि शेखर, अशोक कुमार सिंह, महेंद्र नाथ महतो, तुलसीदास जायसवाल, बानेश्वर महतो, उमेश कुमार महतो, संजय जायसवाल, शुभम झा, विवेक ठाकुर, कपिलेश्वर सिंह, मनोज महतो, श्यामल झा, आनंद महतो, हीरालाल स्वर्णकार, इमाम सफी, कमल किशोर कपरदार, सुफल, रविदास संतोष महतो, दशरथ महतो, दिलीप कुमार महतो, राकेश महतो, कपिल महतो, राकेश साव, रिखी लाल महतो, सुरेश साव, धनलाल कपरदार, राजू महतो आदि मौजूद थे।

## चिरकुंडा पुष्पा मैरिज हॉल में इंडिया गठबंधन कार्यकर्ता का सम्मेलन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुमारधुबी।** चिरकुंडा पुष्पा मैरिज हॉल में शुक्रवार को बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में कांग्रेस, झामुमो, राजद, माले और सीपीआई के सभी कार्यकर्ता एकजुट हुए। वक्ताओं ने डोर टू डोर अपने प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में मतदान के लिए वार्ड और गांव-गांव में प्रचार प्रसार में तेजी लाने की अपील की। झामुमो नेता अशोक मंडल ने कहा कि बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में गठबंधन की प्रत्याशी अनुपमा सिंह को बड़ी जीत दिलाने का लक्ष्य रखकर जोर शोर से प्रचार में जुट जाएं। मौके पर चिरकुंडा नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष मुरली तूरी, झामुमो चिरकुंडा के अध्यक्ष रंजीत बाउरी, राजद के घमंडी यादव, काजल चक्रवर्ती, चिरकुंडा नगर के कांग्रेस अध्यक्ष गैरूल हसन, नन्हे खान, बाबू खान, कांग्रेस के चिरकुंडा प्रभारी आकाश कुमार, झामुमो के राजू झा, वार्ड पार्षद झंटू कांजीलाल सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### गठबंधन नेताओं के यहां मिल रहा नोटों का बंडल

## क्षेत्र का विकास भाजपा की देन : बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गिरिडीह।** जिले के गावां प्रखंड के लौढ़ियाटांड़ खेल मैदान में भाजपा की ओर से कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में चुनावी सभा का आयोजन किया गया। इसमें मौके पर मुख्यरुप से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मण सिंह, विधानसभा प्रभारी चुन्नुकान्त सिन्हा एवं अशोक उपाध्याय उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि क्षेत्र का विकास भाजपा का ही देन है। सुदूरवर्ती गांव में सड़क, पुल पुलिया के अभाव था। जिसके कारण लोग भारी परेशानी का सामना करते थे। मैं जब राज्य का मुख्यमंत्री बना तो इस क्षेत्र में पुल पुलिया व सड़को का निर्माण हुआ। लोग ढिबरी युग मे जी रहे थे। लेकिन भाजपा के सरकार में घर घर बिजली पहुंचाया गया है। वहीं आवास की सुविधा भी मिल रही है। क्षेत्र में उग्रवाद चरम पर था। लोग घर से निकलने में भी भय महसूस करते थे। भाजपा के शासनकाल में ही इन क्षेत्रों में पुलिस पिकेट की स्थापना की गई। जिससे क्षेत्र में शांति है। कहा कि इस क्षेत्र में ढिबरा रोजगार का साधन है। वर्तमान झामुमो की सरकार ने इसे छिनने का काम किया है। स्वयं बालू को बिहार व यूपी में भेजते हैं, पत्थर की चोरी करवाते हैं और गरीब जब घर बनाने के लिए नदी से बालू उठाता है तो उसे रोका जाता है। वर्तमान गठबंधन की सरकार में जब ईडी की छापेमारी हो रही है तो अवैध नोटों का बंडल मिल रहा है।

### विधानसभा स्तरीय बूथ सम्मेलन में बाबुलाल ने साधा निशाना कहा कांग्रेस व झामुमो दोनों विकास विरोधी

## कांग्रेस, झामुमो पैसे व परिवार के लिए करता है राजनीति : बाबूलाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**साहिबगंज।** राजमहल लोकसभा में कमल खिलाने को लेकर शुक्रवार को राजमहल नगर पंचायत क्षेत्र के चरवाहा मैदान में राजमहल विधानसभा स्तरीय कार्यक्रता सम्मेलन का आयोजन किया। वहीं सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पुर्व मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी व छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मौजूद थे। वहीं छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि झारखंड एवं छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना एक साथ हुई, लेकिन झारखंड राज्य विकास के मामले में छतीसगढ़ से पिछड़ गया है। इसकी एक मात्र वजह कांग्रेस व झामुमो के नेताओं ने सिर्फ झारखंड को लूटने का काम किया है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से 2024 में फिर से नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए राजमहल लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी को जिताने कीअपील की। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि कांग्रेस व झामुमो दोनों विकास विरोधी है। देश में करीब 55 साल तक कांग्रेस का शासन रहा। इस दौरान कांग्रेस ने देश को लूटने का काम किया। उन्होंने म कहा कि कांग्रेस ने झारखंड राज्य निर्माण के लिए सौदेबाजी की। जयपाल सिंह एवं शिबू सोरेन को प खरीद लिया। झारखंड राज्य भाजपा की की देन है। है। साथ ही कहा कि कांग्रेस एवं झामुमो पैसे एवं परिवार के लिए राजनीति करते हैं। इनसे विकास की उम्मीद करना बेमानी है। ये दोनों पाटी विकास विरोधी हैं। साथ ही उन्होंने उपस्थित बूथ स्तरीय म कार्यकताओं को आगामी एक जून को बूथ पर डटे रहने एवं चुनाव जीतने के टिप्स दिए। मौके पर भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी, राजीव चौधरी व जिला अध्यक्ष उज्जवल मंडल एवं पंकज घोष, कार्तिक साहा आदि भाजपा कार्यक्रता मौजूद थे।

### मतदान दलों को कराया गया गतिविधि आधारित प्रशिक्षण

**धनबाद।** श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय में लोक सभा निर्वाचन 2024 के मतदान दलों के तृतीय और अंतिम प्रशिक्षण के तहत आज गतिविधि आधारित प्रशिक्षण कराया गया। मुख्य प्रशिक्षक श्री दिलीप कुमार कर्ण ने बताया कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निदेर्शानुसार आज विभिन्न कमरों में एक डमी मतदान केंद्र बनाकर मतदान दलों के बीच के कर्मियों में से ही पीठासीन पदाधिकारी, मतदान पदाधिकारी, पोलिंग एजेंट और मतदाता बनाकर ईवीएम से डमी मतदान कराया गया।

### एक नजर में

### नाबालिग को अगवा करने का आरोपी गिरफ्तार

**दुमका।** नाबालिग को अगवा करने के आरोप में महिला थाना पुलिस आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। गिरफ्तार आरोपी लखीकुंडी निवासी विशल कुमार रजक है। जानकारी के अनुसार जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लखीकुंडी निवासी नाबालिग की मां ने महिला थाना पुलिस को 15 वर्षीय बेटी का अगवा करने का आरोप लगाते हुए महिला थाना में लिखित षिकायत की थी। बताया कि कोचिंग के लिए घर से निकली बेटी देर शाम तक वापस घर नहीं लौटी। आस-पास खोजबीन पर कहीं कुछ पता नहीं चला। बाद में नाबालिग की मां ने आरोपी युवक विशाल कुमार रजक पर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत की। नाबालिग आदिवासी समाज से है। मामले में पुलिस भादवी की धारा 366 के तहत अपहरण का मामला दर्ज करते हुए नाबालिग को बरामद करते हुए न्यायालय में 164 का बयान दर्ज करा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दी।

### एसबीआई के एक्सचेंज मेले में लोगों ने की शिरकत



**बोकारो।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा स्थानीय सिटी सेंटर सेक्टर 4 में आयोजित नोट और सिक्का एक्सचेंज मेले का उद्घाटन आरबीआई के प्रबंधक मोहित कुमार मीणा एवं एसबीआई के मुख्य प्रबंधक रंजीत रंजन ने किया। श्री मीणा ने आरबीआई की स्वच्छ नोट नीति को बढ़ावा देने में ऐसी पहल के महत्व पर जोर दिया। उद्घाटन के दौरान उन्होंने बैंकों को नियमित आधार पर इसी तरह का एक्सचेंज मेला आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया और जनता को इस तरह की पहल का लाभ उठाने और अपने पुराने या गंदे नोटों को नए नोटों से बदलने के लिए जागरूक किया जिससे अर्थव्यवस्था के भीतर स्वच्छ मुद्रा के प्रसार में योगदान दिया जा सके।

### रेलवे ट्रैक से एक व्यक्ति का लाश किया बरामद

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के दुमका रामपुरहाट रेल लाइन के बाबूपाड़ा गांव के निकट रेलवे ट्रैक से शिकारीपाड़ा पुलिस ने गुरुवार की देर रात एक व्यक्ति की शव बरामद की है। व्यक्ति की मृत्यु किसी यात्री ट्रेन से टकराने से हुई है। ऐसा बताया जा रहा है। शव की पहचान शुक्रवार को मृतक की पत्नी अनीता मुर्मू द्वारा की गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के शहरबेड़ा गांव निवासी 40 वर्षीय रगदा बेसरा के रूप में हुई है। मृतक की पत्नी के अनुसार वह असम में मजदूर का काम करता था और कल दोपहर में घर से मेठ के यहां से पैसा लाने की बात कह कर निकला था। उन लोगों को सुबह सूचना मिली कि रेलवे ट्रैक से एक व्यक्ति की शव पड़ा है। मृतक की पत्नी के बयान पर शिकारीपाड़ा पुलिस ने यूडी केस दर्ज करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया है।

### आरोपी की निशानदेही पर निशा की हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद



**धनबाद।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के पोलयडीह गांव में ग्यारहवीं की छात्रा निशा कुमारी की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। घायल आरोपी विशाल रजवार के अस्पताल से रिलीज होते ही बरवाअड्डा पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। उसे घटना स्थल पर ले जाया गया, जहां उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू व ब्लेड बरामद किया गया है। हत्या के बाद विशाल ने चहारदीवारी की बगल में घास के नीचे चाकू को छिपा दिया था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विशाल ने हत्या की बात स्वीकार कर ली है। उसने पुलिस को यह भी बताया कि निशा शादी करने का दबाव बना रही थी। दोनों खेत में मिलने गए थे। वहीं विवाद हो गया। इसके बाद विशाल ने चाकू से निशा की गला रेत कर हत्या कर दी और खुद भी ब्लेड से हाथ की नस काटने के बाद गर्दन पर ब्लेड चला लिया। बरवाअड्डा थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि ने बताया कि प्रेम प्रसंग में प्रेमी ने प्रेमिका की हत्या कर दी। आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया गया है। पुलिस आरोपी को जेल भेज रही है। साथ ही बरामद कपड़ों की फोरेंसिक जांच भी कराई जाएगी।

## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत डीवीसी कर्मियों ने ली स्वच्छता की शपथ

**बोकारो/चंद्रपुरा।** डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र प्रबंधन द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत डीवीसी सहित अन्य कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर वरिष्ठ जीएम मानव संसाधन डीसी पांडेय और जीएम अभिजीत घोष ने कर्मियों को हिन्दी और अंग्रेजी में स्वच्छता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में वरिष्ठ जीएम रामप्रवेश साह जीएम पीके मिश्रा डीजीएम मानवेंद्र प्रियदर्शी पीसी साहू दिलीप कुमार संजीव कुमार राजीव रंजन ओझा दिलीप कुमार अजीत सिन्हा आरपी सिंह राजकुमार चौधरी परविंद कुमार रविंद्र कुमार मोहम्मद इम्तियाज बालमुकुंद प्रजापति अजय कुमार संजीव कुमार सत्येंद्र कुमार सिंह लक्ष्मण प्रसाद आदि शामिल थे। इस अवसर पर डीवीसी सीटीपीएस के अधिकारी कर्मचारी सीआईएसएफ के अधिकारी/जवान एवं सप्लाई वर्कर श्रमिक संगठन के सचिव आदि ने स्वच्छता की शपथ ली। इस दौरान विद्यालयों में स्वच्छता पर छात्र छात्राओं के बीच निबंध लेखन एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

## ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा का हो रहा जोरदार स्वागत



**बोकारो।** धनबाद लोकसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन (कांग्रेस) की प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने बोकारो के उत्तर विस्थापित क्षेत्र के गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से अपने समर्थन में वोट देने का आग्रह किया। वास्तेजी गांव से दौरा शुरू करते हुए अनुपमा ने पचौरा मोहनपुर कुंडौरी शिबू टांड़ कनारी मानगो स्टेशन रोड तुपकाडीह गोड़ाबाली जरीडीह करहरिया आदि गांवों में कहा कि रोजगार उच्च शिक्षा महंगाई को दूर करने का मन कांग्रेस ने बनाया है। एक एक वोट देकर हमारे इस विकास के मिशन को मजबूत करें। अच्छे लोगों की जमात ही क्षेत्र के प्रगति के बारे में पहल कर सकती है। स्थानीय वोटरों व ग्रामीणों ने पूरा समर्थन देने का वादा किया। लोगों ने कहा कि इस बार ग्रामीण किसी के गोल मटोल बातों के झाँसे में नहीं पड़ने वाले हैं। हम सभी ग्रामीण साफ सुथरी बेदाग स्वच्छ छवि के प्रतिनिधि के चयन के लिए कृतसंकल्पित हैं। मौके पर झामुमो नेता मंटू यादव, बटेश्वर मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि निरंजन मिश्रा, मुकुंद केंवट, सौरभ भट्ट, अर्जुन महतो, रूपेश कुमार, योगेन्द्र सोरेन, बीरबल किस्कू, प्रदीप कुमार, भोला दत्ता, अफसर फारुक खुर्शीद, भैरव महत, लालजी बैजनाथ समेत दर्जनों लोग व पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मतदाताओं का रुझान इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में

## लोकसभा में शांति और विकास हेतु प्रत्याशी का चयन मतदाताओं की प्राथमिकता : अजय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो/धनबाद।** धनबाद लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में गठबंधन दल के संयुक्त तत्वाधान में प्रचार प्रसार कार्यक्रम के तहत मतदाताओं के बीच प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किए जाने का अपील के क्रम में मतदाताओं का व्यापक रुझान प्रत्याशी के पक्ष में मिल रहा है। प्रत्याशी का योग और सही होना मतदाताओं को काफी प्रभावित कर रहा है। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अनुपमा सिंह के स्वर्गीय ससुर राजेंद्र प्रसाद सिंह का कृति और कार्य लोग याद कर भी प्रत्याशी के पक्ष में गोल बंद हो रहे हैं। मजदूर और युवा वर्ग वर्तमान केंद्र सरकार से ठगा और छला महसूस कर रहा है। वहीं क्षेत्र की शांतिप्रिय जनता क्षेत्र के विकास हेतु योग और कर्मठ उम्मीदवार के पक्ष में गोल बंद हो रहे हैं। पिछले चुनाव में जिस प्रकार जनता के बीच में मोदी सरकार की उपलब्धि को गिरते हुए बेरोजगारों को रोजगार सृजन करने काला, धन की वापसी, देश में उद्योग धंधे का विस्तार होगा ठीक उसके विपरीत जनमत मिलने पर सरकार का कार्य देखने को मिला एक तरफ देश के पब्लिक सेक्टर को निजी हाथों में बेचने का षड्यंत्र बड़े उद्योगपतियों का सरकार का बकाया पैसा की माफी सहारा धारकों के साथ सपने दिखाना आदि कार्य से लोगों में व्यापक आक्रोश है। देश की आजादी के बाद कांग्रेस की सरकार में जिस प्रकार उद्योग धंधों का बढ़ावा लोगों को रोजगार मुहैया कराना उसकी प्राथमिकता थी ठीक यह सरकार इसके विपरीत है।

### केंद्रीय संचार ब्यूरो की मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन

## बीएसएस बालिका विद्यालय में हुई निबंध प्रतियोगिता

**खबर मन्त्र संवाददाता**






**धनबाद।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो की धनबाद यूनिट द्वारा मतदाताओं में मताधिकार का प्रयोग करने तथा लोक सभा के आम चुनाव में भाग लेने हेतु, पांच दिवसीय मतदाता जागरुकता अभियान के चौथे दिन आज बीएसएस बालिका उच्च विद्यालय, धनबाद में मतदाता जागरुकता रैली तथा युवा मतदाताओं का महत्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्रथा कुमारी, द्वितीय पुरस्कार रोशन आरा, तृतीय पुरस्कार शगुन कुमारी एवं सांत्वना पुरस्कार कशिश कुमारी को दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका अंजुला गुप्ता और क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकार नाथ पाण्डेय ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानाचार्या श्रीमती गुप्ता ने कहा कि उनके विद्यालय के लिए यह हर्ष और उत्साह का विषय है कि लोकतंत्र के इस पर्व में शामिल होने का अवसर मिला है। मतदान करना सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है, इससे लोकतंत्र और मजबूत होता है। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकार नाथ पाण्डेय ने युवा मतदाताओं और 'फर्स्ट टाइम वोटर्स' के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक छात्राओं को जानकारी दी। सभी से अपील की कि अपने परिवार और पड़ोस के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो के सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी राज किशोर पासवान, विद्यालय के शिक्षक सुषमा कांडुलना, अरविंद कुमार यादव, रश्मि कुमारी, रत्नेश कुमार, रमेश कुमार त्रिपाठी आदि उपस्थित थे। विदित होकि इससे पूर्व विभाग द्वारा 14 मई से मतदाता जागरुकता रथ चलाया जा रहा है, जिसका उद्घाटन नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया था। थ द्वारा आज भी रैली में हिस्सा लेने के बाद से, कोर्ट मोड़, डीआरएम चौक, श्रमिक चौक, नया बाजार, बैंक मोड़, बस्ता कोला, झरिया, गौशाला मोड़, इंदिरा चौक, लोधना मोड़ आदि जगहों पर जागरुकता अभियान चलाया गया।

# चारधाम यात्रा का दर्द

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा शुरू होते ही कई किलोमीटर लंबे जाम कष्टकारी और जानलेवा साबित हुए हैं। दरअसल, अक्षय तृतीया के दिन दस मई को केदारनाथ, यमनोत्री और गंगोत्री के कपाट खुले थे। उसके ठीक बाद बारह मई को बद्रीनाथ के कपाट खुलने के बाद तो श्रद्धालुओं का तांता लग गया। स्थिति इतनी विकट हो गई कि पहले पांच दिनों में ढाई लाख से अधिक श्रद्धालु तीर्थों के दर्शन कर चुके थे। इसके अलावा सत्ताईस लाख से अधिक श्रद्धालु अपना पंजीकरण करा चुके थे। बताया जाता है कि पिछले साल के मुकाबले इन दिनों में करीब पांच गुना अधिक श्रद्धालु तीर्थस्थलों तक पहुंचे। स्थिति का अनुमान न लगा पाने के कारण व्यवस्था व सुविधाएं अस्त-व्यस्त होकर रह गई। उत्तराखंड का शासन-प्रशासन तीर्थ यात्रियों की संभावित संख्या का सही अनुमान नहीं लगा सका। दरअसल, पारिस्थितिकीय रूप से बेहद संवेदनशील इस हिमालयी क्षेत्र की संरचनाएं बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों के दबाव झेलने में सक्षम नहीं हैं। चारधाम ऑल वेदर रोड बनाने के प्रयास तो हुए लेकिन यात्रा को सहज-सुगम बनाने के लक्ष्य हासिल नहीं किये जा सके। दरअसल, देश के मध्यम वर्ग में आई संपन्नता व बैंकिंग सुविधाओं के चलते वाहनों की खरीद में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। लोग बसों आदि के बजाय अपने वाहन लेकर इन तीर्थ स्थलों पर पहुंच रहे हैं। अफरा-तफरी और कुछ श्रद्धालुओं की मौत के बात शासन-प्रशासन जागा है। फिर आनन-फानन में दर्शन के इच्छुक तीर्थयात्रियों की संख्या को सीमित किया गया। दरअसल, तीर्थयात्रियों का दबाव कम करने हेतु यात्रा के लिये होने वाले नामांकन को भी फिलहाल टाला गया है। प्रशासन की सुविधा के नाम पर किये गये छल के कारण यात्रियों के कष्टों में इजाफा ही हुआ है।

# बढ़ते हवाई यात्री

पहले से कहीं अधिक भारतीय अब देश के भीतर या बाहर की हवाई यात्रा कर रहे हैं। इस साल के पहले तीन महीनों में ही 9.7 करोड़ यात्रियों ने भारतीय हवाईअड्डों से यात्रा की। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। मास्टरकार्ड इकोनॉमिक्स इंस्टीट्यूट (एमईआई) की तरफ से जारी यात्रा रुझान 2024: सीमाओं से परे रिपोर्ट में एशिया-प्रशांत क्षेत्र के 13 बाजारों समेत कुल 74 बाजारों में यात्रा उद्योग के विकसित परिदृश्य को लेकर व्यापक नजरिया दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2024 में बढ़ते मध्यम वर्ग और हवाई मार्गों की क्षमता बढ़ने से पहले से कहीं अधिक भारतीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यात्रा कर रहे हैं। साल के पहले तीन महीनों में ही 9.7 करोड़ यात्रियों ने भारतीय हवाईअड्डों से यात्रा की। महज 10 साल पहले इस आंकड़े तक पहुंचने में पूरा साल लग गया था। रिपोर्ट कहती है कि घरेलू हवाई यात्री यातायात 2019 के स्तर से 21 प्रतिशत अधिक बढ़ गया जबकि अंतरराष्ट्रीय यात्रा में चार प्रतिशत की वृद्धि हुई। भारतीय यात्री तेजी से प्रमुख बाजारों का रुख कर रहे हैं। वर्ष 2019 की तुलना में जापान की यात्राओं में 53 प्रतिशत, वियतनाम की यात्राओं में 248 प्रतिशत और अमेरिका की यात्राओं में 59 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ऐसा अमेरिकी डॉलर के मजबूत रहने के बावजूद देखा गया है। इसके अलावा एम्स्टर्डम, सिंगापुर, लंदन, फ्रैंकफर्ट और मेलबर्न शीर्ष पांच गंतव्य हैं जहां भारतीय यात्री इस साल की गर्मियों में जा रहे हैं। रिपोर्ट में उड़ानों की बुकिंग के आंकड़ों से यह आकलन पेश किया गया है। वर्ष 2020 में पेश किया गया मास्टरकार्ड इकोनॉमिक्स इंस्टीट्यूट उपभोक्ता के नजरिये से व्यापक आर्थिक रुझानों का विश्लेषण करता है।

यह रूझान देश में बढ़ती आर्थिक संपन्नता को तो दर्शाता ही है साथ ही यह लोगों के बदलते व्यवहार का भी संकेत दे रहा है।

# बिजली संकट की असल बजहों का विश्लेषण



हमें उन अधिकारियों से सहानुभूति होती है जो बिजली उत्पादन संयंत्रों के लिए अतिरिक्त कोयला जुटाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं क्योंकि तपती गर्मियों में बिजली की मांग में भारी इजाफा हुआ है। अल्पावधि में हालात से निपटने का तरीका यह है कि मौजूदा व्यवस्था में ही समझदारी से प्रयास किए जाएं। परंतु इसके साथ ही हमें अपने सोच को भी विस्तार देना होगा तथा कुछ ज्यादा बुनियादी प्रश्न करने होंगे। ऐसा ही एक सवाल यह है कि इन लू के थपेड़ों के बीच आइसक्रीम की कहीं कोई कमी क्यों नहीं है?

आइसक्रीम बनाना, उसे ढोना या एक जगह भंडारित करके रखना काफी खचीर्ला है। गर्मियों के दिनों में इसकी मांग खासतौर पर बढ़ जाती है। आइसक्रीम की मांग में होने वाला इजाफा बिजली की मांग में बढ़ोतरी से काफी अधिक है। परंतु आइसक्रीम को लेकर कोई आधिकारिक भागदौड़ देखने को नहीं मिल रही है। आइसक्रीम का बाजार इसलिए काम कर रहा है क्योंकि यह बाजार अर्थव्यवस्था के बीचोबीच है। आइसक्रीम के कई मुनाफा कमाने वाले कारोबारी यहां मौजूद हैं। इसमें उनके अपने हित हैं। वे समय से पहले भविष्यवाणी करते हैं कि आने वाले दिनों में कितनी मांग हो सकती है। वे कच्चे माल की आपूर्ति और उत्पादन क्षमता को निर्धारित करते हैं। वे मांग के अतिरिक्त अनुमान, कीमतों में उतार-चढ़ाव का जोखिम उठाते हैं और दांव उलटा पड? पर वे नुकसान भी उठाते हैं। कुछ कंपनियों के लिए गर्मियां नये उत्पाद पेश करने का अवसर होती हैं। आइसक्रीम का बाजार सर्वाधिक गर्म दिनों में भी चलता है। इस दौरान आइसक्रीम की कोई कमी नहीं होती क्योंकि इस प्रक्रिया में कोई सरकारी अधिकारी शामिल नहीं होता।

बिजली के साथ दिक्कत यह है कि उसमें बाजार का अभाव है, राज्य के पास अपनी शक्ति इस्तेमाल करने का अवसर है और नतीजतन निजी कारोबारियों के लिए गलत प्रोत्साहन मौजूद है। सरकारी नियंत्रण ने निजी कारोबारियों से अधिक आपूर्ति और कम मांग का लाभ छीन लिया है। इसका परिणाम समाजवादी अतीत के एक अजीब से शब्द के रूप में सामने आता है: कमी।

एक फैक्टरी के पास अपना गैस आधारित ताप बिजली संयंत्र है और उसके पास ग्रिड से बिजली खरीदने का विकल्प भी है। यूक्रेन के आक्रमण के बाद दुनिया भर में गैस कीमतों में इजाफा हुआ। अब फैक्टरी के लिए यही उपयुक्त है कि वह अपना निजी संयंत्र बंद करके ग्रिड से बिजली खरीदे। यहां क्या गड़बड़ी है? एक चरण में बाजार आधारित मूल्य है (गैस की वैश्विक कीमतों के निर्धारण में कोई अधिकारी शामिल नहीं है) जबकि दूसरे चरण में तयशुदा कीमत है (बिजली कमी केंद्रीय योजना व्यवस्था में बिजली की उच्च कीमतों तक नहीं पहुंचती)।



-अजय शाह

> भारत सरकार ने कोयले के बाजार को कृत्रिम ढंग से दो अलग-अलग बाजार में बांटा हुआ है। यह है घरेलू कोयला और आयातित कोयला। हमारे यहां विशेष 'आयातित कोयला आधारित ताप बिजली संयंत्र' मौजूद हैं जो केवल आयातित कोयले से बिजली बनाते हैं और उसे बेचते हैं। दिक्कत यह है कि उनकी बिजली की कीमत 25 वर्षों के लिए लॉक है।

भारत सरकार ने कोयले के बाजार को कृत्रिम ढंग से दो अलग-अलग बाजार में बांटा हुआ है। यह है घरेलू कोयला और आयातित कोयला। हमारे यहां विशेष 'आयातित कोयला आधारित ताप बिजली संयंत्र' मौजूद हैं जो केवल आयातित कोयले से बिजली बनाते हैं और उसे बेचते हैं। दिक्कत यह है कि उनकी बिजली की कीमत 25 वर्षों के लिए लॉक है। जब कोयला महंगा होता है तो उन्हें संयंत्र के संचालन में नुकसान होता है और वे उसे बंद करने को तरजीह देते हैं। यहां एक बार फिर समस्या तयशुदा कीमत कीमत की है। कोयला क्षेत्र बाजार नहीं है। यह एक नेहरूवादी केंद्रीय नियोजन वाली अर्थव्यवस्था है। अधिकारी हर रोज कोयला खनन और परिवहन के लिए काम करते हैं, बिजली उत्पादन कंपनियों को ऊंची कीमत चुकाने का निर्देश देते हैं, जो आयातित कोयले का इस्तेमाल करती है वगैरह। हम इन अधिकारियों की ऊर्जा और प्रयासों की सराहना करते हैं। परंतु उनका काम किसी भी सरकारी अफसरशाही के लिए अव्यवहार्य है। एक समृद्ध अर्थव्यवस्था को संगठित करने का इकलौता तरीका मूल्य व्यवस्था के तहत ही है। जहां मुनाफा केंद्रित फर्म यह पता लगाती हैं कि कैसे कोयले का उत्खनन, भंडारण, आयात और परिवहन किया जाए।

जब भी कमी होती है तो कीमतें ऊपर जाती हैं। यह बुनियादी आर्थिक समायोजन है। ऊंची कीमतों को अधिक आपूर्ति प्रतिक्रिया मिलती है। बढ़ी हुई कीमतें मुनाफे का अवसर लेकर आती हैं जिससे तकनीकी बदलाव को गति मिलती है।

केंद्रीय नियोजन वाली व्यवस्था में इन स्वसुधार उपायों का अभाव होता है। यह दुनिया अनुशासित निजी लोगों की दुनिया है जो अधिकारियों के निर्देश की प्रतीक्षा करते रहते हैं। ऐसे में निजी बिजली संयंत्रों को बाजार के संकेतों की स्वतंत्रता देने का अवसर देने के बजाय एक बार जब हम कोयला भंडारण में चले जाते हैं तो सरकारी आयातित कोयला आधारित संयंत्रों को चालू करने का निर्देश देती दिखती है।

हम यह स्वीकार करते हैं कि अधिकारी कोयला, बिजली और परिवहन जैसी व्यवस्थओं को चलाने का प्रयास करते हैं जहां बुनियादी निर्णय केंद्रीय नियोजन से लिए जाते हैं और कुछ निजी कारोबारी भी हाशिये पर मौजूद रहते हैं। इस आलेख में हमारी कोशिश उनकी आलोचना की नहीं है। कोई भी केंद्रीय नियोजक यह पता नहीं लगा सकता कि क्या किया जाना है। आधुनिक अर्थव्यवस्था में उत्पादन की समस्या को हल करने के लिए लाखों मस्तिष्क की आवश्यकता होती है जो मूल्य व्यवस्था से संचालित होते हैं।

मौजूदा संकट नीतिगत सुधारों का आह्वान करता है जो उत्पादन, खपत, तकनीकी डिजाइन और मूल्य निर्धारण में सरकारी सहभागिता को समाप्त कर देंगे। अल्पावधि में हम केंद्रीय नियोजन व्यवस्था में हैं और इससे बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं है।

परंतु हमें रणनीतिक प्रश्नों से परे गहरायी से नजर डालनी चाहिए और समस्या की जड़ का विश्लेषण करना चाहिए। आज रणनीतिक विचार की आवश्यकता है ताकि 2023 या 2024 में चलने वाली गर्म हवाओं से निपटने के लिए बेहतर बुनियाद रखी जा सके।

## खास बात

### जो लौट के घर न आये

समीर चौधरी

पिछले साल दिसम्बर में उत्तरी बेल्जियम में था, उन पदचिन्हों का पीछे करते हुए जो भारतीय सैनिक पहले विश्व युद्ध के दौरान यहां लड़ते हुए शहीद हुए थे। सुंदर ग्रामीण क्षेत्र में ड्राइव करते हुए स्वप्निल गांवों व शांत कस्बों से गुजर रहा था। इन्हें देखते हुए यह विश्वास करना कठिन होता जा रहा था कि भारतीयों ने फ़्लैंडर्स के मैदानों में वह जंग लड़ी थी, जिससे उनका कुछ लेना-देना नहीं था। बेल्जियम का उत्तरी क्षेत्र जो नीदरलैंड की सीमा से लगा हुआ है उसे फ़्लैंडर्स कहते हैं।

ट्राम लाइंस, ऑफिस ऑवर ट्रैफिक और संसार का कॉमिक्स कैपिटल, मैंने ब्रुसेल्स को अपनी उम्मीदों से न ज्यादा और न ही कम पाया। ऐतिहासिक इमारतों के अतिरिक्त आधुनिक अवंत-ग्रेड आर्किटेक्चर, यह एक व्यस्त शहर है। किनारे पर चर्चित हेर्गे म्यूजियम के अतिरिक्त ब्रुसेल्स में लगभग 80 अन्य म्यूजियम हैं।

ब्रुसेल्स से यप्रेस या जैसा कि उसे स्थानीय फ्लेमिश में कहते हैं ह्यइएपरह्न गया। इस छोटे से कस्बे का संबंध मध्य युग से है, जब यहां एक नहर इसके बीच में से बहती थी। यहीं पर अक्तूबर, 1914 में भारतीय सैनिकों को टुकड़ियों में पहले विश्व युद्ध की सबसे भयंकर जंग में उतारा गया था। एक विशाल गोथिक शैली की इमारत को मैं कैथेड्रल समझ बैठा था, लेकिन स्थानीय लोगों ने बताया कि यह कभी कपड़ा फैक्टरी थी। जब अर्थव्यवस्था का आधार कपड़ा था, तो यह इमारत यप्रेस का दिल थी। आज यह इन फ़्लैंडर्स फील्ड्स म्यूजियम है, जो पहले विश्व युद्ध की क्रूरता को दशार्ता है। मुझे इसमें कुछ भारतीय सेना की कलाकृतियां डिसप्ले पर नजर आयीं, जिनमें 1915 की एक गोरखा सैनिक की खुखरी भी थी।

पहला विश्व युद्ध चार वर्षों तक चला था। यप्रेस इस अवधि में शुरू से अंत तक जंग का केंद्र बना रहा और पूरी तरह से बर्बाद हो गया। यप्रेस में हर जगह खाई खोदकर मोर्चे बनाये गये थे, मीलों तक दलदली नहरें थीं जहां सैनिक रहते, लड़ते व मरते। जो हजारों मौतें हुईं उनकी कब्रें इस क्षेत्र में भरी पड़ी हैं।

# कैसा आहार

## धर्म-प्रवाह

जग्गी वासुदेव

**दुर्भाग्यवश,** बहुत सारे लोगों को आलस्य और जड़ता में ही मजा आता है। उनको जीवन ने छुआ ही नहीं है, तो उन्हें अपने एक भाग के मृत होने में ही मजा आता है। बस पड़े रहना, सोना, नशे में रहना और ज्यादा खाना, उन्हें सक्रिय, गतिशील और जीवंत रहने से बेहतर लगता है। ऐसे ही लोगों के लिये फल समस्या हो सकते हैं क्योंकि फल आप को जागृत और सतर्क रखते हैं। अगर ये पके हुए न हों तो ये आप को मदहोश नहीं रखेंगे।

हां, उच्च स्तर की जागरूकता भी आप को अपार आनंद, गहरा सुख और नशा दे सकती है। मगर अब प्रश्न यह है कि क्या मैं फल खा कर भी सामान्य जीवन जी सकता हूं प्रकृति ने हमारे लिए फलों का आहार ही चुना है!

एक सरल उत्तर, जो आप के जीवन की सामान्य क्रियाओं में ही है। मान लीजिये, आप एक अस्पताल के बिस्तर पर बीमार हैं, तो कोई भी आप के लिये चिकन बिरयानी नहीं लायेगा। वे आप के लिये फल ही लायेंगे क्योंकि आप के रिश्तेदार, मित्र भी समझते है, तुम ये सब खा कर बीमार हो गये हो, कम से कम अब तो सही ढंग से खाओ ! आप जानते हैं, आदम ने भी शुरूआत फल से ही की थी। तो फल एक ऐसी चीज है जिसे प्रकृति ने भोजन के रूप में ही बनाया है। आम में गुठली महत्वपूर्ण भाग है, उसका गूदा और छिलका तो पशु, पक्षियों को आकर्षित करने के लिये है, जिससे वे फल खायें और उसके बीज को कहीं दूर तक पहुंचा दें।

## कॉर्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडीटर

### समय सीमा तय हो

तब-तब पार्टियां सत्ता हासिल करने के लिए घोषणा पत्रों को तैयार करने के लिए कोई भी कसर नहीं छोड़ती। सत्ता हासिल करने के बाद घोषणा पत्र को लागू करना भूल जाते हैं और केवल कागजों में ही सिमट कर रह जाते हैं। इस मामले पर निर्वाचन आयोग को घोषणा पत्र लागू करवाने के लिए तय सीमा सुनिश्चित करनी चाहिए। ऐसे भ्रम फैलाने वाले घोषणा पत्रों से बचा जा सके। -संदीप वत्स, रांची

### शिक्षा की चिंता

गांवों में सूक्ष्म स्तर की निगरानी के लिए सिस्टम बनाने की जरूरत है, ताकि लॉकडाउन से प्रभावित परिवारों के बच्चों को बाल श्रम के रूप में काम करने से रोका जा सके, पंचायतें, अन्य ग्रामीण स्तर के अधिकारी साथ ही ब्लॉक के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने में प्रमुख भूमिका निभानी चाहिए कि बच्चे काम न करें और स्कूलों में बरकरार रहें।

– निशा, हजारीबाग

**जो** निःशुल्क है , वही सबसे ज्यादा कीमती है ...
नींद , शांति , हवा , पानी ,
प्रकाश और
सबसे ज्यादा हमारी सांसें ..!!

–अमिताभ बच्चन

## आपके ट्वीट

कौन थे वे लोग, जिन्होंने गोड्डा में आदिवासियों की जमीन छीन कर अपने व्यापारी मित्रों को दिया था? वे कौन लोग थे, जिन्होंने अपने अधिकार मांग रहे हजारों आदिवासियों एवं मूलवासियों पर मुकदमा दर्ज करवाया था?

– चंपईसोरेन सीएम





जनता के मुद्दे - कमाई, महंगाई
भाजपा के मुद्दे - दंगा, तानाशाही
देश को आगे बढ़ाना है तो भाजपा की नकारात्मक सोच और नफरत की राजनीति को हराना है।

– राहुल गांधी

# महारानी अहिल्या ने देश भर के मंदिरों का निमाार्ण कराया

सुधांशु कुमार

**एक** आदर्श हिंदू राज्य व्यवस्था स्थापित करने वाली सनातन धर्म के न जाने कितने तीर्थों, मंदिरों को पुनर्जीवित, संरक्षित करने का श्रेय अहिल्याबाई को जाता है। मराठा महारानी अहिल्या बाई होल्कर ने मालवा क्षेत्र पर 30 साल शासन किया और एक आदर्श हिंदू राज्य व्यवस्था स्थापित की। महारानी अहिल्या बाई आज भारतीय जनमानस में एक देवी का दर्जा प्राप्त कर चुकी हैं। ऐसी मालवा की महारानी अहिल्या बाई की 294वीं जन्मतिथि है।

महारानी अहिल्याबाई होल्कर का जन्म 31 मई 1725 को जामखेड (महाराष्ट्र) में हुआ था। ये वह समय था जब पेशवा बाजीराव के नेतृत्व में मराठा सेना उत्तर भारत में तेजी से मराठा साम्राज्य का प्रसार कर रही थी। जल्द ही मराठों ने मालवा क्षेत्र को मुगलों से मुक्त करा लिया और यहां पर पेशवा बाजीराव ने अपने एक सशक्त सेनापति मल्हावराव होल्कर को कमान सौंप दी।

आगे चल कर इन्हीं मल्हावराव होल्कर के बेटे खांडेराव होल्कर से उनका बचपन में ही विवाह हो गया लेकिन जल्द ही उनके पति की एक युद्ध में मृत्यु हो गई। इसके बाद अहिल्याबाई अपने पति के चिता के साथ सती होना चाहती थीं लेकिन उनके ससुर मल्हावराव होल्कर ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया। बड़े होने पर महारानी अहिल्याबाई ने अपने ससुर मल्हावराव होल्कर से ही राजकाज की शिक्षा ली। पानीपत की तीसरी लड़ाई के कुछ समय बाद साल 1766 में मल्हावराव होल्कर का भी देहांत हो गया। इसके बाद अगले 30 साल तक महारानी अहिल्याबाई ने मालवा क्षेत्र का नेतृत्व किया और इस पूरे क्षेत्र को सुख,-संपदा और भक्ति-शक्ति से संपन्न एक राज्य बनाया।

## धर्म

**आदर्श है उनका शासन**

महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने करीब 30 साल 1767 से लेकर 1795 तक मालवा क्षेत्र पर शासन किया। उनके शासन को आदर्श राज के रूप में माना जाता है। पं. जवाहर लाल नेहरू, श्रीमती एनी बेसेंट से लेकर कई देसी-विदेशी विद्वानों ने उनके शासन व्यवस्था की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। अगर माता जीजाबाई ने संघर्ष की बीज बोया और महारानी ताराबाई ने उस बीज को आंधियों और तूफानों से बचाया तो महारानी अहिल्याबाई होल्कर ही हैं जिन्होंने उस संघर्ष से प्राप्त होने वाली सुखद फल की अनुभूति हिन्दू समाज को कराई।

**मृतप्राय हिंदू तीर्थो का कायाकल्प**

मालवा में तो उन्होंने एक आदर्श हिन्दू राज स्थापित किया ही, अपनी राज्य की सीमाओं से परे जाकर भी उन्होंने मृतप्राय पड़े हिन्दू तीर्थों का पुनरोद्धार किया। आज जिन भी स्थानों को हिन्दू समाज तीर्थ के रूप में जानता है उसके 80 फीसदी निर्माण महारानी आहिल्या बाई होलकर ने कराया है। काशी विश्वनाथ, वैद्यनाथ, सोमनाथ, ॐकारेश्वर, भीमाशंकर, महाकालेश्वर जैसे ज्योतिर्लिंग या इन तीर्थों में दूसरे अन्य बड़े मंदिरों, कुंडों, धर्मशालाओं का निर्माण महारानी आहिल्या बाई ने कराया। पुष्कर से लेकर गया तक अयोध्या, मथुरा से लेकर केरल-तमिलनाडु तक महारानी आहिल्या बाई ने सैकड़ों मंदिरों-तीर्थों को पुनर्जीवित किया। काशी, गया, सोमनाथ, अयोध्या, मथुरा, हरिद्वार, कांची, द्वारका, बद्रीनारायण, रामेश्वर और जगन्नाथपुरी का आज जो भी रूप हम देखते हैं, वह महारानी आहिल्या बाई की ही देन है।

अपने 70 वर्ष के जीवन में चाहे महारानी अहिल्याबाई ने कितने भी दुख और संताप झेले लेकिन 30 साल के अपने शासन में एक शासक के तौर पर वो हमेशा जनता की सेवा में लगी रहीं। इसलिए आज भी कई राज्य उनके नाम पर लोक कल्याणकारी योजना चलाते हैं।

# गर्मी में सावधानी से टालें लू का जोखिम

## हेल्थ

आभा जैन

चिकित्सा विशेषज्ञों के मुताबिक, चार महीनों यानी अप्रैल,मई, जून और जुलाई में व्यक्ति को खान -पान ,रहन -सहन में पूरी सावधानी बरतनी चाहिए। विश्व के 245 शहरों के आंकड़े हैं कि हीट वेव के कारण प्रतिवर्ष 12000 लोगों की जान चली जाती है। भारत में हीटवेव के संदर्भ में 640 जिलों में से 10 बहुत अधिक और 97 बहुत जोखिम वाले जिलों की श्रेणी में आते हैं। शोध से ज्ञात हुआ कि तापमान में सामान्य से 10 डिग्री फारेनहाइट की बढ़त से हृदय रोग, स्ट्रोक, श्वसन रोग,निमोनिया ,निर्जलीकरण ,गर्मी से स्ट्रोक और किडनी फेल सहित कई बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। शरीर में पित्त विकार बढ़ने लगते हैं जिनके कारण शरीर में टूटन ,सिर दर्द , आंखों में भारीपन, आलस, मूत्र विकार और कमजोरी आ जाती है।

**डिहाइड्रेशन से बचने को ठंडे पदार्थ**

गर्मी के दिनों में डिहाइड्रेशन से बचने के लिए दिन भर में 8 से 10 गिलास पानी अवश्य पीना चाहिए। इसके अलावा लस्सी, केरी का पानी,नारियल पानी, गन्ने का रस, फ्रूट जूस, शिकंजी आदि का सेवन करते रहें। प्रातः जल्दी उठकर 30-40 मिनट ताजी हवा में घूमना चाहिए। ठंडा पानी पीना चाहिए। चाय-कॉफी के स्थान पर दूध,दही व ठंडाई को प्राथमिकता दें। सुबह हल्का नाश्ता लें। सार्वजनिक स्थानों पर पानी स्वच्छ न हो तो वहां पानी नहीं पीना चाहिए। पानी फिटकरी से शुद्ध करके, उबालकर अथवा वॉटर फिल्टर से छानकर पीएं।

**पहनावा हो हलका**

हल्के रंग के ढीले व सूती वस्त्र पहनें। कपड़े ऐसे हों कि शरीर अधिक से अधिक ढका हो क्योंकि खुले कपड़े पहनने से शरीर की त्वचा झुलस जाती है जिससे ?लू लगने का डर रहता है। सिर को साड़ी, चुन्नी या रुमाल से ढकें व चश्मे का प्रयोग करें। दोपहर में यात्रा से बचें। बाजार के कार्य सुबह जल्दी या शाम के समय करें।

**घर से बाहर जायें तो**

घर से बाहर जाते समय पानी पीकर तो अवश्य जाएं वैसे लस्सी, शिकंजी या केरी का पानी पीकर निकले। खाली पेट बाहर न निकलें।

**प्याज का सेवन**

गर्मी में पेट दर्द, उल्टी, एसिडिटी या डायरिया जैसी परेशानी हो तो प्याज खाएं जो गर्मी सोख लेता है। क्योंकि इसमें फाइबर होता है जो पाचन के लिए अच्छा रहता है। यह फाइबर पेट के अच्छे बैक्टीरिया बनता है।

**लू लग जाने पर तुरंत राहतकारी उपाय**

गर्मी के मौसम में थोड़ी सी लापरवाही लू लगने का कारण बन सकती है। लू गंभीर बीमारी की कारक व जानलेवा भी हो सकती है। अतः गर्मी के दिनों में बहुत ही सावधानी रखें। लू उस समय लगती है जब हमारा शरीर बाहर की गर्मी से अपना सामंजस्य स्थापित नहीं कर पाता है। शरीर का तापमान एकाएक बढ़ जाता है और पसीना निकलना बंद हो जाता है। तलुओ में जलन सी महसूस होती है। बेहोशी आ जाती है। प्राकृतिक चिकित्सक सुनीता जायसवाल के अनुसार, ह्यलू लगने से चक्कर आने लगते हैं। श्वास लेने में कठिनाई होने लगती है। नब्ज की गति बढ़ जाती है। सिर दर्द ,बदन दर्द और कमजोरी महसूस होती है। इस स्थिति में चादर गीली कर पेशेंट को उस पर लिटाएं। हाथ-पैरों की मालिश करें। तुलसी पत्तों का रस या भुने प्याज का रस पियें, नमक नाभि पर रखें व उस पर पानी की धार बनाकर डालें। इससे लू बाहर निकल जाएगी। इमली का गूदा मसलकर हाथ-पैरों पर मलें, लू का असर जल्दी खत्म हो जाएगा ह्न रोगी को नींबू पानी, आम पन्ना, बेल का शरबत व इलेक्ट्रॉल पाउडर आदि पिलाते रहें।

**बचाव के देसी नुस्खे**

कहते हैं धूप में जा रहे हों तो प्याज को जेब में रखो, लू नहीं लगेगी। मेडिकल साइंस के अनुसार, प्याज एक नेचुरल कूलेंट है। वहीं लू से बचने तथा लू लगने पर केरी का पन्ना लाभदायक है। इसमें पुदीना व जरा सी शक्कर मिलाकर पिएं। गर्मी में इमली का पानी पीना भी लाभदायक रहता है। इमली को भिगोकर उसमें थोड़ा सा गुड़ मिलाकर इसका पानी पिएं।

स्पीड न्यूज

## डीसी ने जागरूकता रथ किया रवाना



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर जिला प्रशासन सहित अन्य निजी क्षेत्र के कई प्रतिष्ठान अभियान चला रहे हैं। 20 मई को लेकर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने समाहरणालय परिसर से छह जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता वाहनों पर लगे लाउडस्पीकर के माध्यम से प्रत्येक प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जाकर लोगों को । मतदान की तिथि की जानकारी दी जाएगी। मौके पर नोडल पदाधिकारी मतदाता जागरूकता कोषांग सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की, सोशल मीडिया एवं पब्लिसिटी पदाधिकारी विक्रम सोनी सहित अन्य उपस्थित थे।

## महागठबंधन ने चलाया जनसंपर्क



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल की जीत को लेकर शुक्रवार को महागठबंधन के नेताओं ने रिभर साईड सहित आसपास के क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। राजद के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव के नेतृत्व में सयाल उतरी पंचायत के पूर्व मुखिया सत्येंद्र यादव, झामुमो के वरिष्ठ नेता रामविलास यादव, वरिष्ठ नेता सुमन सिंह, भोला सिंह कुशवाहा, सुनील कुमार, रवि सोनी आदि शामिल थे।संतोष यादव ने कहा कि भाजपा को हजारीबाग ही नहीं पूरे देश से उखाड़ फेंकना होगा, तभी यहां के आदिवासी व मूलवासियों और सभी समुदाय के लोगों का विकास संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के रहते आदिवासी, मूल निवासी और गरीबो का शोषण होते रहेगा।

## भुरकुंडा में पुलिस ने किया पैदल मार्च



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लोकसभा चुनाव को सफल और शांति पूर्ण कराने को लेकर शुक्रवार को भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार के नेतृत्व में पैदल मार्च कर कोयलांचल के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान रिवर साइड, पटेल नगर, सुंदर नगर, जवाहर नगर, सौदा डी, सेंट्रल सौदा, केके कोलियरी सहित ओपी क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। कल्स्टर बीटीटीआई कैंप से इंडिया रिजर्व बटालियन और एसआईआरबी 73के जवानों ने पंक्तिबद्ध रोड मार्च करते हुए मतदान केंद्रों तक पहुंचे। जहां क्षेत्रवासियों से निर्भिक होकर शांतिपूर्ण माहौल में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की। निरीक्षण के मौके पर एसआईआरबी 73 के एसआई नागेन्द्र महतो, आईआरबी सब इस्पेक्टर दामोदर सिंह, भुरकुण्डा ओपी के एसआई कुणाल कुमार सहित दोनो बतालियन के दर्जनों जवान शामिल थे।

## बरलंगा में शराब कई भट्टी ध्वस्त



**गोला (रामगढ़)।** अवैध शराब निर्माण व बिक्री के विरुद्ध आचार संहिता के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देशानुसार बरलंगा पुलिस ने गुरुवार देर शाम बरलंगा थाना क्षेत्र के स्वर्णरेखा नदी के किनारे संचालित अवैध शराब भट्ठियों को नष्ट कर दिया। इस दौरान जब्त किए गए 20 लीटर अवैध महुआ शराब तथा 300 किलोग्राम जावा महुआ को नष्ट कर दिया गया। पुलिस की इस औचक कार्रवाई से शराब कारोबारी अंधेरे का फायदा उठाकर नदी में कूदकर रामपुर( रांची जिला) की ओर भाग गया। इस अभियान में बरलंगा थाना प्रभारी एसआई अनंत कुमार सिंह, एएसआई मंगल उरांव, एएसआई परीक्षित महतो एवं सैप के जवान शामिल थे।

## श्री अग्रसेन स्कूल में कार्यशाला



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में शुक्रवार को सीबीएसई ट्रेनिंग के तहत लाइफ स्किल्स विषय पर कार्यशाला हुआ। इसका उद्घाटन प्राचार्य विवेक प्रधान, निदेशक एकाडमिक एसके चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। शिक्षको को ट्रेनिंग देकर लाइफ स्किल्स के बारे में बताया गया। ताकि वे बच्चों को लाइफ स्किल्स के बारे में ट्रेंड कर सकें। लाइफ स्किल्स को अपने दैनिक जीवन में उतारने, लाइफ स्किल्स के लिए पाठ योजना, मूल्यांकन और राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आधारित शिक्षण पद्धति की जानकारी दी गई। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि वर्तमान युग को युवाओं का युग कहा जाता है। ऐसे में इनके कौशल विकास पर ध्यान देना जरूरी है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारे छात्र किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहें। मौके पर अरविंद दुबे, साधना सिन्हा, एचके सिंह, सूरज सिंह, कुमुल कुमार, रितिका, दीपिका तिवारी, श्रीपर्णा गुप्ता, विजय शर्मा, विनोद मिश्रा, बसंत कुमार, सोनम खातून सहित अन्य मौजूद थे।

# जनता ने मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने के लिए ठाना : शाही

**भाजपा विधायक बोले- विपक्ष के पास न कोई नेता और न विजन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कटकमसांडी।** भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के समर्थन में शुक्रवार को भवनाथपुर के विधायक भानु प्रताप शाही ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश की जनता ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने को ठान ली है। उन्होंने दस वर्षों के भाजपा काल में विकास की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि कांग्रेस के जमाने में लोग राशन, बिजली, पानी स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे।

भाजपा सरकार ने नागरिकों के मौलिक आवश्यकताओं को पूरा करने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने मनीष जायसवाल को जिताने की अपील की। उन्होंने इंडिया गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के पास न कोई नेता है और न ही कोई मिशन व विजन है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, प्रखंड उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार बीरू, प्रभारी केपी ओझा, जिला उपाध्यक्ष टोनी जैन, कंचनपुर मुखिया प्रतिनिधि अशोक राणा, महामंत्री अरविंद यादव, गदोखर मुखिया नारायण साव, एससी मोर्चा के पूर्वी मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार रविदास एक, एससी मोर्चा के पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार दास, युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष दीपक मेहता, कंचनपुर के उपमुखिया प्रकाश कुशवाहा, शाहपूर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रेम प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि मुनेश ठाकुर, चंदर यादव, कृष्णा यादव, संदीप मुंडा, अजय अग्रवाल, मनोज पांडेय, अमित सिंह, चिंतन शर्मा, मनोज यादव, कैलाश यादव सहित दर्जनों सक्रिय कार्यकर्ता व सैकड़ों समर्थक मौजूद थे।

### चरही में मनीष के पक्ष में शाही ने किया प्रचार

**चरही।** भवनाथपुर के भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही पार्टी के चुनाव कार्यालय चरही पहुंचे ।जहां पर गठबंधन के कार्यकताओं ने फूल-माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। उन्होंने सभा को सबोंधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने देश में काफी विकास किया है ।तथा देश को विकसित करने और आगे बढ़ाने में अहम भूमिका रहा है ।मोदी सरकार ने सभी वर्ग के लोगों एक साथ लेकर चलने का काम किया है।

सभा के बाद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में इंद्रा,जरबा,निमाडीह, मुकरू सहित आधे दर्जन गांवों का दौरा कर मतदाताओं से घर-घर जाकर भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चुरचू मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह और संचालन आजसू के लोकसभा प्रभारी परमेश्वर महतो ने किया। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता खोखा सिंह,मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह आजसू के केंद्रीय सदस्य सुरेंद्र महतो, दिनेश वाल्मीकि वाल्मीकि व अन्य मौजूद थे।

# मोदी ने भारत को शक्तिशाली राष्ट्र बनाया : राकेश प्रसाद

**भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने मनीष जायसवाल के लिए मांगा वोट**



भुरकुंडा (रामगढ़)। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने शुक्रवार को भुरकुंडा कोयलांचल में चुनावी दौरा कर भाजपा के पक्ष में वोट मांगा। कोयलांचल के विभिन्न क्षेत्रों के दौरा के क्रम में राकेश प्रसाद ने पटेलनगर, सयाल मोड़ देवी मंदिर के समीप एमईसीएल कॉलोनी में ग्रामीणों संग जनसंवाद किया। इस दौरान श्री प्रसाद ने अबकी बार 400 पार का नारा बुलंद करते हुए मोदी सरकार के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा की भाजपा सरकार दस वर्षो में कई जन समस्याओं का समाधान किया है। मोदी सरकार ने सड़क, बिजली, पानी क समस्या दूर करते हुए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण, अन्न योजना, आयुष्मान कार्ड, उज्जवला योजना, किसान सम्मान योजना, अंत्योदय भोजना, उजाला योजना सहित दर्जनों योजनाएं धरातल पर उतारकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम किये हैं। मोदी सरकार 10 वर्षो में भारत को एक शक्तिशाली राष्ट्र बनाने का सफल प्रयास किया है। इसलिए इस बार फिर मोदी सरकार को अपना मत देकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। इससे पूर्व सयाल मोड़ में भाजपा कार्यकत्ताओं ने राकेश प्रसाद को फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। मौके पर पटेलनगर पंचायत की मुखिया गुलाब देवी, शंकर प्रसाद मुन्ना, संजीव कुमार बाबला, कन्हैया सिंह यादव, सुरज, जनार्दन, प्रदीप मुखर्जी, राजेश महतो, शैलेन्द्र कुमार, रौशन नायक, सुरज भुईयां, गोरे कुमार, दीपक कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## एनडीए भारी बहुमत के साथ सरकार बनायेगी : भाजपा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भारतीय जनता पार्टी ने शास्त्री चौक भुरकुंडा स्थित अशोक सोनी के आवास पर शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस किया। प्रेस कांफ्रेस में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद उपस्थित थे। श्री प्रसाद ने कहा कि देश में एनडीए गठबंधन नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे भारी बहुमत के साथ केंद्र में सरकार बनायेगी। इंडिया गठबंधन लाख कोशिश कर ले भाजपा को नहीं हरा सकती। इंडिया गठबंधन पूरे देश मे कांच की तरह बिखर जायेगी। लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के चुनाव में एनडीए गठबंधन मजबूत स्थिति में है। एनडीए झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि हजारीबाग लोकसभा मे भाजपा लगातार जीतते आ रहा है। इस बार भी भारी मतो से भाजपा प्रत्याशी मनीष जयसवाल की जीत होगी। उन्होने कहा कि यहां के मतदाता राष्ट्रवादी हैं। कांग्रेस जातिवाद का खेल रहा है। कांग्रेस समाज को बांटने का काम कर रही है और भाजपा जोड़ने का। प्रसाद ने कहा कि राज्य में इंडिया गठबंधन की सरकार घोटाला और भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। पूर्व सीएम और एक मंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल मे बंद है। उन्होंने केंद्र सरकार ने दर्जनों कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उताकर इसका सीधा लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है।

# मोदी ने ओबीसी समाज का मान बढ़ाया : अमरदीप यादव

**▸▸ भाजपा सरकार ने जननायक कर्पूरी ठाकुर व पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह को दिया भारत रत्न**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हजारीबाग।** भाजपा चुनाव कार्यालय हजारीबाग में ओबीसी मोर्चा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव एवं भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने प्रेस वार्ता की। श्री यादव ने कहा कि मोदी के 10 वर्षों के शासनकाल में पिछड़ों एवं दलितों का जो सम्मान दिया गया । कांग्रेस सरकार 60 वर्षों के शासनकाल में नहीं किया। मोदी सरकार ने पिछड़ों के मसीहा जननायक स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जैसे महान विभूतियों को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया। मोदी सरकार ने ओबीसी वर्ग की दशकों से चल रही मांग को 2018 में पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देकर पूरा किया। ।सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के बजट आवंटन को भाजपा सरकार ने 90% तक मवृद्धि की है कांग्रेस के शासनकाल में 2013- 14 में जो बजट 6725 करोड़ था। उसे बढ़ाकर मोदी सरकार 2023 -24 मोदी सरकार द्वारा 12847 करोड़ कर दिया।

मोदी ने पीएम विश्वकर्म योजना की शुरूआत कर नाई ,बढ़ई ,लोहार, सोनार ,कुम्हार ,धोबी ,मोची ,राजमिस्त्री यदि के पारंपरिक शिल्प और कौशल को विकसित करने के लिए 13000 करोड़ का बजट दिया। प्रधानमंत्री संपदा योजना, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास विभाग के विकास के लिए बजट में 50% की वृद्धि की ।मोदी ने ओबीसी वर्ग को बढ़ावा देने के लिए संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिए हैं ।अब हमारी बारी है मोदी को तीसरी बार 400 पर के साथ प्रधानमंत्री बनाना है। यह जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद ने दी।

## चितरपुर में खुला 49 बचत बाजार



**रजरप्पा ।** शुक्रवार को चितरपुर काली चौक में 49 बचत बाजार प्रतिष्ठान का उद्घाटन रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने किया। विधायक ने कहा कि चितरपुर जैसे जगह में 49 बचत बाजार के खुलने से आम लोगों की काफी पैसे की बचत होगी। 49 बाजार बचत बाजार के प्रोपराइटर विकास पोद्दार ने कहा कि यहां प्लास्टिक आइटम, किचन आइटम, गिफ्ट आइटम, कपड़ा, बच्चों के लिए खिलौने, कॉस्मेटिक, घरेलू समान उपलब्ध है। मौके पर चितरपुर उत्तरी पंचायत मुखिया मंजू देवी सहित गौतम पोद्दार, श्याम नारायण पोद्दार, सुबिन तिवारी, जयंत पोद्दार, आशा कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# धर्म की राजनीति करती है मोदी सरकार : संजीव बेदिया

**▸▸ झामुमो ने जेपी पटेल को जिताने का किया आह्वान**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर क्षेत्र अंतर्गत चोरधरा पंचायत के तुरी टोला में शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता बीरबल तुरी व संचालन दारा यादव ने किया। बैठक में झामुमो के केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव बेदिया बेदिया उपस्थित थे। बैठक में इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को हजारीबाग लोकसभा चुनाव में जीत दिलाने को लेकर चर्चा की गई। मौके पर मुख्य अतिथि संजीव बेदिया ने कहा कि जेपी पटेल को जिताएं रोजगार के पलायन नहीं करना पड़ेगा। साथ ही सभी अधूरे कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने का काम किया जायेगा। उन्होंने मोदी सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा मुद्दों से भटकर हिन्दू-मुस्लिम व मंदिर-मस्जिद के नाम पर लोगों को लड़ाने का काम करती है। मोदी सरकार सिर्फ पूंजीपतियों की सरकार है, इसमें गरीब-मजदुर-किसानों का कोई भला नहीं हो सकता। श्री बेदिया ने कहा कि यहां के आदिवासी, मूलवासी और सभी समुदाय के लोगों का विकास के लिए भाजपा को हजारीबाग ही नहीं पूरे देश से उखाड़ फेंकना होगा। संजीव बेदिया ने केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा आम जनता से किये गये झूठे वायदों लोगों को अवगत कराते हुए जेपी पटेल के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान कर भ्रष्ट भाजपा सरकार को उखाड़ फेकने की बात कही। बैठक में उदय अग्रवाल, मुकेश राउत, आजाद अंसारी, बिरेंद्र यादव, अर्जुन बेदिया, विक्की बेदिया, प्रताप, सुनील, टिंकु, सुरज उरांव, साहील चौहान, सुरज यादव, विजय तुरी, राजु कुजूर, अमित बेदिया, शिव बेदिया, लक्ष्मण, जीतु, मनोज कुमार पासी, आयुष, शिबु, कन्हैया उरांव, सुगन देवी, मनीषा कुमारी, सुकुंती देवी, ललीता देवी, रेखा देवी सहित दर्जनों महिला-पुरूष मौजूद थे।

एक नजर में

## मोदी ने विश्व में देश का मान बढ़ाया : शिवलाल




**बड़कागांव।** भाजपा लोकसभा चुनाव कार्यालय में भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवलाल महतो ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को जिताने की अपील लोगों से की। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 वर्षों में देश की स्मिता को बचाए रखा और पूरे विश्व में देश के मान सम्मान प्रतिष्ठा को बढ़ाया हैं। इनके कार्यकाल में भारत विकसित देश के रूप में निरंतर आगे बढ़ रहा है। पूरे देश में सड़क की जाल बिछी हुई है। निश्चित ही 5 वर्षों में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित देश के रूप में जाना जाएगा। राम मंदिर निर्माण, जम्मू कश्मीर से 370 धारा हटाने, सीसीए लागू करने, गरीब परिवारों को निशुल्क अनाज देने के अलावा कई अनगिनत कार्य किए हैं। इस बार एनडीए 400 पार होगा और एक बार फिर देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी। शिवलाल ने झामुमो की सरकार पर हमला करते हुए कहा कि हमारे राज्य में 40फीसदी मिनरल होने के बावजूद यहां के लोग गरीब होते जा रहे हैं। यह बात किसी से छिपी नहीं है कि झारखंड के कई नेता के यहां से ईडी की छापामारी में करोड़ रुपए पकड़े जा रहे हैं जिसके कारण कई लोग जेल में हैं बंद है। राज्य में विधि व्यवस्था में सुधार के साथ संपूर्ण विकास होगा। मौके पर मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी,अजय सिंह,शिवशंकर मेहता उर्फ शिबू ,किशोर राणा,कैलाश राणा , कौलेश्वर महतो,मुनि नाथ महतो,बबलू वर्मा,उर्मिला देवी,नरसिंह प्रसाद,इंद्र भूषण, मनीष पांडे,अरुण मालाकार के अलावा दर्जनों भाजपाई उपस्थित थे।

## एक दर्जन कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा में शामिल

**दारु।** चुनावी मौसम मे दारु प्रखंड मे भी चुनावी तपिश काफी बढ़ी हुई है और भाजपा कोंग्रेस सहित कुछ अन्य पार्टियां पुरा जोर अजमाइस कर रही है। कोंग्रेस पार्टी के एक दर्जन कार्यकर्ता शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर लिए। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले लोगों ने बताया कि भाजपा के सबका साथ सब का विकास के नारा और नरेन्द्र मोदी के कार्य से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण किये है । भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालो मे दिलीप राम,जीतन राम,पिंटू राम,करण राम,कार्तिक राम,भोली राम,मंटू राम,प्रदीप राम,चंद्रदीप राम, राजकुमार आदि शामिल थे।

### कांग्रेस और भाजपा नहीं कर रहे ब्राह्मण समाज का सम्मान

**टाटीझरिया ।** अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष (सुल्ताना मेयातु) निवासी सुनिल कुमार पांडेय , तथा अं . ब्रा.महासंघ प्रदेश मीडिया प्रभारी संदीप पांडेय टाटीझरिया ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि हजारीबाग लोकसभा और कोडरमा लोक सभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल , कोडरमा से अनपुर्णा देवी सहित कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल भी कहीं ना कहीं ब्राह्मणों से दूरी बनाए हुए हैं। दोनों पार्टियों के प्रत्याशी द्वारा जिले के ब्राह्मणों को अनदेखा किया जा रहा हैं। जिसका खामियाजा दोनों प्रत्याशीयों को भुगतना पड़ सकता हैं। ब्राह्मण समाज में पकड़ रखने वाले कई व्यक्तियों को जेपी पटेल, मनीष जायसवाल , अनपूर्णा देवी अनदेखी कर रहें है, जिससे जिले का ब्राम्हण समाज अपने को अपमानित महसूस कर रहा हैं। हर चुनाव में समाज की अहम भागिदारी रहीं हैं। इस बार ब्राह्मण समाज निर्णय लेने पर मजबूर हो जाएगा।

## अपराधियों ने चार ट्रैक्टरों में लगायी आग

**बड़कागांव।** थाना क्षेत्र में गुरुवार रात कांडतरी गांव में खड़ी चार ट्रैक्टरों में अपराधियों ने आग लगायी, जिसमें तीनों ट्रैक्टर जल कर खाक हो गया। जबकि एक ट्रैक्टर आंशिक रूप से क्षति हो गई ।यह घटना लगभग 12 :00 बजे रात की है ।सूचना मिलने पर थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर जायजा लिया। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि सभी बिंदुओं पर जांच पड़ताल चल रही है ।अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। रात में जानकारी मिलते ही ग्रामीणों के द्वारा आग को बुझाने का प्रयास किया गया पर आग इतनी भयावह थी कि आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा था ।देखते ही देखते तीनों ट्रैक्टर जल कर खाक हो गया। घटना स्थल पर अमन साहू के नाम पर दो पर्चा छोड़ा गया है ।पर्चा में लिखा हुआ है कि हमें जब तक पैसा नहीं मिलता है,तब तक ट्रैक्टर मालिकों को भारी नुकसान होते रहेगा, ट्रैक्टर यूनियन द्वारा हमें अनदेखा कर रहा है ।जब तक हमें पैसा नहीं मिल जाता है, तबतक जान माल का हानि होता रहेगा ।इसका जिम्मेवार खुद ट्रैक्टर यूनियन होगा।

## इचाक में मतदान को लेकर नुक्कड़ सभा

**इचाक।** रहिया चंपानगर नावाडीह तिलरा डूमरौन रूद इचाक मोड़ चंदा चौक मुंगरा करियातपुर बड़की कारी माटी एवं छोटकी करी माटी का सघन दौरा एवं नुक्कड़ सभा का आयोजन करते हुए कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी विनोद सिंह का झंडे पर तीन तारा वोट देने की अपील की । मौके पर उपस्थित युवा राजद प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार यादव प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता यादव प्रदेश महासचिव कमलेश यादव प्रदेश प्रवक्ता क्षितिज मिश्रा राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार बसंत नारायण मेहता जिला सचिव प्रदीप कुमार मेहता कांग्रेस से जिला सचिव मनोज मेहता अल्पसंख्यक के प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना मलिक ओबीसी प्रखंड अध्यक्ष अशोक ठाकुर पंचायत समिति सदस्य रामू यादव राजेंद्र यादव विनोद यादव विनय सिंह बसंत नारायण मेहता सूरज रजक माले,लोकनाथ महतो मो सलीम, भीम मेहता व राजकुमार मेहता सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर डीसी ने की बैठक



**रामगढ़।** 20 मई को होनेवाले लोकसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को टाउन हॉल में बैठक हुई। बैठक में रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार व पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे। उपायुक्त चंदन कुमार व पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ, पुलिस निरीक्षक, सभी थाना व ओपी प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 20 मई को मतदाताओं को किसी भी प्रकार की दिक्कत नही हो इस बात का अधिकारी ख्याल रखें। डीसी ने कहा कि अधिकारी इस बात पर ध्यान दें की मतदान पूरी तरह से सवतंत्र और निष्पक्ष संपन्न हो। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ, पुलिस निरीक्षक, सभी थाना व ओपी प्रभारी मौजूद थे।



## स्पीड न्यूज

### जिन्हें उत्कृष्ट विधायक का सम्मान मिला उन्हें लोकसभा भेजें : अम्बा प्रसाद




**डोमचांच (कोडरमा)।** कोडरमा लोकसभा से महागठबंधन के प्रत्याशी विनोद सिंह के पक्ष में वोट देने की अपील करने बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद डोमचांच पंहुचीं। वहां पंहुचते ही सबसे पहले उन्होंने नगर क्षेत्र स्थित शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी, उसके बाद रोड शो किया। रोड शो डोमचांच ढाब रोड, बाजार रोड व टैक्सी स्टैंड, गिरीडीह रोड होते हुए शहीद चौक पहुंची, जहां सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोडरमा की जनता के लिए बहुत सौभाग्य की बात है कि जिन्हें उत्कृष्ट विधायक का सम्मान मिला है, वो आज लोक सभा प्रत्याशी के रूप में आपके सामने है। लोग आगे आकर उन्हें चंदा दे रहे हैं कि आप चुनाव लड़िये। वे आपके दम पर चुनाव लड़ रहे हैं तो जीत भी आपके दम की होनी चाहिए। वहीं उन्होंने कहा विनोद सिंह लोकसभा में कोडरमा की समस्याओं को निडरता और सहजता के साथ रखेंगे। भगवान के नाम पर वोट मांगने वालों से बचिए, भगवान हमसभी के हैं, जो गरीबों के हक के लिए लड़े उन्हें आप वोट करें। वहीं उन्होंने कहा कि आप विनोद सिंह को वोट देकर कोडरमा क्षेत्र के ढिबरा, पत्थर, क्रशर व्यवसाय को पुनः स्थापित कर रोजी रोटी की समस्या को दूर करें। विनोद सिंह जैसा ईमानदार प्रत्याशी कोडरमा को मिला है। वहीं उन्होंने भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो जिस पार्टी से आये आज उसी पार्टी को पहचानने से इनकार कर दी तो जरा सोंचिए वो आपको क्या पहचानेंगे। मौके पर मनोज सहाय पिंकू, दिव्या भगत, लीलावती मेहता, रोहित मेहता, प्रदीप यादव, मनोज रजक, प्रदीप सिंह, सुरेश कुमार, महाप्रसाद गोस्वामी, शैलेंद्र सिंह, प्रदीप चौधरी, मुन्ना राम, तेजन राम, परवेज खान, मो.सलीम अंसारी, तैयब अंसारी, आदर्श पासवान, प्रदीप चौधरी, संतोष राम आदि मौजूद थे।

### कुंदा मंडल में भाजपा ने बैठक कर कालीचरण सिंह को जिताने की अपील



**कुंदा।** कुंदा मंडल के कुंदा शक्तिकेन्द्र के अंतर्गत देवी मंडप व बौधाडीह के शक्तिकेन्द्र के अंतर्गत बनासाम के देवी मंडप के पास बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दस साल के कार्यकाल पर चर्चा की गई और लोगों को देश में संचालित योजनाओं के बारे में बताया गया। लोगों से अपील की गई कि वे लोकसभा चुनाव में भाजपा के स्थानीय सांसद उम्मीदवार कालीचरण सिंह को जिताकर प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करें। कुंदा मंडल के चुनाव प्रभारी भोला साव ने लोगों से अपील की कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को वोट देकर उनके कंधे को मजबूत करें और चतरा लोकसभा उम्मीदवार कालीचरण सिंह को अपार मतों से विजयी बनाएं। भुईया समाज के मंडल संयोजक इन्द्रदेव भारती ने कहा कि भाजपा के सरकार में महिलाओं को पूर्ण सम्मान मिला है और उन्हें घर से बाहर जाने की जरूरत नहीं है क्योंकि उनके लिए घर-घर शौचालय का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के सरकार ने ही लोगों को उज्ज्वला योजना का लाभ दिया है जिसके तहत हर रसोई में गैस चूल्हा और सिलेंडर उपलब्ध कराया गया है।

### थाना के समीप चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान




**गिद्धौर।** थाना के समीप शुक्रवार को लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने किया। चेकिंग के दौरान फोर व्हीलर, टू व्हीलर और मालगाड़ी जैसे दर्जनों वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान वाहनों के कागजात, ड्राइवरी लाइसेंस, हेलमेट और सीट बेल्ट की जांच की गई। जिन वाहनों में कमी पाई गई, उन्हें फटकार लगाकर छोड़ दिया गया और अगली बार पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। इस अभियान में गिद्धौर थाना के सशस्त्र बल के जवान भी मौजूद थे।

## लोकसभा चुनाव तैयारी को लेकर डीसी व एसपी ने की प्रेसवार्ता, कहा

# मतदाताओं के लिए हर प्रकार की सुविधा रहेगी उपलब्ध

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा लोकसभा के लिए 20 मई 2024 को वोट डाले जाएंगे। 20 मई को होने वाले मतदान को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतदान की तैयारी के मद्देनजर शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज व एसपी अनुदीप सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से परिसदन सभागार में प्रेसवार्ता का अयोजन किया गया एवं तैयारी के बाबत जानकारी दी गई। वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बताया कि जिले के कई बूथ अलग-अलग थीम पर आधारित होंगे, जहां पर्यटन केंद्रों की झलक देखने को मिलेगी। साथ ही ग्रीन बूथ और प्लास्टिक मुक्त बूथ बनाए जाएंगे। इसके अलावे गर्मी को देखते हुए सभी मतदान केन्द्रों पर शेड की व्यवस्था की जा रही है। वहीं मतदाताओं को लाने ले जाने के लिए वाहनों की भी व्यवस्था की गई है। बीएलओ की सहायता से बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक लाया ले जाया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए तमाम इंतजाम किए जा रहे हैं। स्वच्छ, निष्पक्ष व त्रुटिरहित चुनाव संपन्न कराने को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी व पोलिंग पार्टी को सभी तरह का प्रशिक्षण दिया गया है। वहीं उन्होंने बताया कि शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराना हमारी प्राथमिकता है। सुदूरवर्ती क्षेत्रों के मतदाता, दिव्यांग और वृद्ध मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों पर वाहन की व्यवस्था की गयी है। मीडिया के माध्यम से जिलेवासियों से अपील करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि 20 मई 2024 को मतदान अवश्य करें।

### मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे : एसपी



एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। इसके अलावा मतदान से पूर्व मादक पदार्थों की तस्करी पर लगातार नकेल कसा जा रहा है। तकरीबन 9000 लीटर शराब पकड़े जा चुके हैं। जिले के 12 चेकनाकों पर फोर्स की तैनाती है, जो नियमित वाहनों की जांच कर रही है। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## उपायुक्त द्वारा सेक्टर मजिस्ट्रेट व मतदान पदाधिकारी प्रथम के साथ की बैठक

# हरेक वोट महत्वपूर्ण है, मतदान अवश्य करें : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा अभियंत्रण महाविद्यालय बागीटांड़ स्थित ऑडिटोरियम में सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, पीठासीन पदाधिकारी और मतदान पदाधिकारी प्रथम के साथ बैठक किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी को चुनाव को स्वच्छ, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए उनके दायित्वों और कर्तव्यों को विस्तार से बताया। वहीं उन्होंने बताया कि चुनाव में सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी की भुमिका काफी अहम हैं। अपने दायित्वों का बेहतर तरीके से निभाएंगे और शांतिपूर्ण, स्वच्छ व निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने मतदान दिवस को उनकी भुमिका के बारे में सूक्ष्मता और गहनता से जानकारी देते हुए कहा कि मतदान प्रक्रिया को सुगम और सरल बनायेंगे। मतदान दिवस के दिन मतदान केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है, ऐसे में अपने जिम्मेदारियों को अच्छी तरह से समझें। मतदान कार्य से जुड़े यथा ईवीएम, वीवीपैट के कनेक्शन, संचालन एवं समस्त मतदान प्रक्रियाओं का बेहतर तरीके से करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की है। वहीं उन्होंने कहा कि हरेक वोट महत्वपूर्ण है मतदान अवश्य करें। वहीं एसपी अनुदीप सिंह ने कहा कि सभी मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा पर फोर्स की तैनाती की जायेगी। किसी भी प्रकार की समस्या या कठिनाई होने पर चुनाव सेल को तत्काल सूचित करें। मौके पर एसडीओ रिया सिंह, उप निर्वाचन अधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, डीइओ अजय कुमार समेत अन्य मौजूद थे।



**मतदान को लेकर लिया गया शपथ :** स्वीप कार्यक्रम के तहत बैंक ऑफ इंडिया द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में एलडीएम, डीपीएम, ईओडीबी मैनेजर, आरसेटी डायरेक्टर की उपस्थिति में 90 प्रशिक्षण ले रही दीदी, भाइयों एवं आरसेटी कर्मचारियों को मतदान करने एवं अन्य लोगों को प्रेरित करने को कहा। वहीं उन्होंने सभी से अपील किया कि 20 मई 2024 को अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए मतदान अवश्य करें। सभी लोगों ने मतदान करने के लिए शपथ भी लिया।

### भूमि विवाद के चलते सुनसान हुआ गांव मतदान पर संशय

**चतरा।** जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र के ग्राम शंकरपुर टोला दुमुहान में भूमि विवाद के चलते हुई हिंसक घटना के बाद गांव पूरी तरह से सुनसान हो गया है। गांव के लगभग सभी लोग गांव छोड़कर चले गए हैं, केवल कुछ ही लोग बचे हैं। गांव में लगभग 100 घर हैं और 500 से अधिक मतदाता हैं। घटना के बाद से गांव में कोई नहीं है और यह देखना दिलचस्प होगा कि आने वाले 20 मई को होने वाले चुनाव में ये मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर पाएंगे या नहीं। जिला प्रशासन को इस मामले में पहल करने की आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि गांव के ही रामकिशुन और जागों भारती के बीच भूमि विवाद में मारपीट हुई थी, जिसके बाद पुलिस ने 20 से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तारी के बाद से ही गांव पूरी तरह से खाली हो गया है।

### केएन त्रिपाठी ने लातेहार में भरी हुंकार, कहा देश में अबकी बार महागठबंधन की बनेगी सरकार



लोगो से जनसंपर्क करते केएन त्रिपाठी, झामुमो विधायक व अन्य।

➲ पूरे देश की संपति लूटकर गुजराती कर रहें है राज : केएन त्रिपाठी

खबर मंत्र संवाददाता

**लातेहार।** चतरा लोकसभा क्षेत्र के महागठबंधन प्रत्याशी पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने शुक्रवार को सैकड़ो समर्थकों के साथ लातेहार मुख्यालय के बाजार क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों से ईवीएम क्रमांक तीन पर स्थित पंजा छाप पर वोट देने की अपील की। वहीं इसके पूर्व उन्होंन लोगो को संबोधित किया। केएन त्रिपाठी ने अपने संबोधन के जरिए कार्यकताओं को बताया कि एक बाप के दो बेटे है, बाप ने अपने बड़े बेटे को सारी संपत्ति सौप दी और छोटे बेटे को बड़े बेटे के यहां नौकरी करके गुजर बसर करने की बात कही। ठीक इसी तरह इस देश में हो रहा है। सभी राज्यों से टैक्स और जीएसटी का पैसा भारत सरकार के पास जा रहा है। लेकिन वहीं रह जा रहा है विकास सिर्फ गुजरात राज्य और उनके जिलों का हो रहा है। झारखंड और बिहार भी भारत का ही एक राज्य है पर यहां से दस वर्षो में सिर्फ पैसा गया है, आया कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्रीय कमेटी में अधिकांश गुजराती है। लोकसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार विकास के नाम पर नहीं बल्कि मोदी के नाम पर वोट मांग रहें है, अब आप बताइए आपके क्षेत्र का विकास मोदी जी आकर करेंगे। इसलिए नेता ऐसा चुनिए जो आपके बीच का हो, जो आपकी तकलीफों को समझ सके और क्षेत्र का का सर्वांगीण विकास करे न की गलती से ऐसा नेता चुन लीजिए जो गुजरातियों के इशारे पर एक बार फिर आप सभी को पांच साल तक नचाता रहे। इस मौके पर लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, राजद जिलाध्यक्ष रामप्रवेश यादव, युवा नेता अंकित पांडेय समसूल होदा, हरिशंकर यादव समेत सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बी.आर इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली




खबर मन्त्र संवाददता

**कोडरमा।** चाराडीह स्थित बीआर इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता को लेकर रैली निकाली, जिसे विद्यालय प्राचार्या डॉ. राखी शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं विद्यालय के उपप्राचार्य नवल किशोर के नेतृत्व में रैली विद्यालय परिसर से निकाली गई जो चाराडीह, पुतो, करियाबर समेत अन्य गांव मुहल्ला होते हुए विद्यालय परिसर पहुंची। वहीं विद्यालय के बच्चों ने गांव के मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग कर 20 मई को मतदान करने का आग्रह किया। इस दौरान छात्र-छात्राएं हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियां लेकर चल रहे थे। जिसमें पहले मतदान फिर जलपान, चाहे नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेवारी, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, सत्य और ईमान से सरकार बनाएंगे मतदान से, अब जागो प्यारे, मतदाता वोट हमारा अधिकार, कभी ना करें इसका बहिष्कार जैसी स्लोगन लिखा था। वहीं विद्यालय के निदेशक ओपी राय ने कहा कि भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है। भारत के नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान देकर एक सशक्त सरकार का निर्माण करने में अहम भूमिका निभाना चाहिए। मौके पर शिक्षक अभिजीत कुमारी, शिवम सिंह, केदार साव, कमलेश कुमार, विकाश कुमार, तबारक अंसारी, शिक्षिका लक्ष्मी कुमारी, इंद्रमणि कुमारी, छात्र-छात्राओं में अंकित कुमार सुधांशु कुमार ओमप्रकाश, साक्षी कुमारी, विद्या शर्मा, माही कुमारी, नायसा राज, कृष्णा पांडेय, आलोक कुमार, अंकित कुमार, आर्यन कुमार, खुशी रंजन, अदिति कुमारी, हरिंदर कुमार, शिवम कुमार, दीपंकर, शिवानी, अंजली, गुंजन समेत अन्य शामिल थे।

# कांग्रेस ने देश को 13 प्रधानमंत्री दिये, लेकिन गरीबी वहीं की वहीं रही: भानुप्रताप

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** चतरा लोकसभा चुनाव की तिथि नजदीक आते ही भाजपा और कांग्रेस के नेता एक-दूसरे पर हमलावर हो रहे हैं। चतरा से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाने पहुंचे भवनाथपुर विधायक सह भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने महागठबंधन पर जमकर हमला बोला है। कालीचरण सिंह के आवासीय परिसर बैजनाथ अंबिका भवन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कांग्रेस को आड़े हांथो लेते हुए कहा है कि भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने महागठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने 65 साल में देश को 13 प्रधानमंत्री दिए, लेकिन गरीबी वहीं की वहीं रही। उन्होंने कहा कि गरीबों का भूख तक नहीं मिटा पाई कांग्रेस पार्टी। भानु प्रताप ने कहा कि अगर किसी ने गरीबों का भूख मिटाया है तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। उन्होंने कहा कि चांद पर जाने से लेकर पाकिस्तान में घुसकर मारने तक सब मुमकिन है तो वह नरेंद्र मोदी के कारण ही है। यही वजह है कि देश के लोगों का विश्वास आज नरेंद्र भाई मोदी में है।

## आठ लाख मत लाकर जीतेंगे कालीचरण, प्रतिद्वंद्वी का जप्त होगा जमानत




भानुप्रताप शाही ने कहा कि मोदी युग में मजदूरों और किसानों का कल्याण हुआ, गांवो की तस्वीर बदल रही है। पहले हम साइकिल से नहीं चल पाते थे। लेकिन आज सभी के घरों में मोटरसाइकिल खड़ी है, पक्के मकान बन रहे हैं। गांवों में पक्की सड़कों का जल बीछ रहा है। ऐसे में तेजस्वी की बातों को सुनने के लिए झारखंड की जनता कतई तैयार नहीं है। भानु ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद संगठन की जिम्मेवारी शुरू होगी। हम लोग चाहेंगे कि कालीचरण जैसे अनुभवी सांसद केंद्र में मंत्री बने। ताकि चतरा संसदीय क्षेत्र का अधूरा विकास पूरा हो। आठ लाख से ज्यादा मत प्राप्त कर कालीचरण सिंह जीतेंगे। और केंद्रीय मंत्री का स्थान प्राप्त करेंगे। कहा कि प्रतिद्वंदी अपना जमानत बचाने का प्रयास करें, खासकर मेरे पुराने मित्र केएन त्रिपाठी जो बात-बात पर रिवाल्वर निकालते हैं। कार्यकर्ता और जनता को धमकाते हैं। एक बार जीताने के बाद जनता दोबारा विधायक नहीं बनाई। डाल्टेनगंज से भाग कर चतरा में शरण लिए हुए हैं। अपना जमानत बचा ले ताकि उनका राजनीतिक भविष्य सुरक्षित रहे। दूर-दूर तक लड़ाई में कोई नहीं है।

### चार साल में स्टेट नहीं पाए बदल, अब कर रहे देश बदलने की बात

झारखंड में कांग्रेस, राजद और झामुमो की सरकार ने विगत विधानसभा चुनाव के दौरान पांच लाख नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन साढ़े चार साल बीत जाने के बाद भी साढ़े 22 लाख नौकरी नहीं दी गई। भाजपा विधायक भानु प्रताप ने कहा कि जो चार साल में राज्य को बदल नहीं पाए वो देश बदलने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव बाद सिर फोड़व्वल गठबंधन वालों में होगा और एक दूसरे के साथ जमकर मारपीट करेंगे। भानु प्रताप ने कहा कि चुनाव का परिणाम चार तारीख को घोषित होने दीजिए पांच तारीख की शाम को ये लोग फिर मारपीट करेंगे।

### तेजस्वी को झारखंड में आकर वोट मांगने का नहीं है अधिकार

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी को झारखंड में आकर वोट मांगने का कोई अधिकार नहीं है। उनके पिता लालू यादव ने कहा था कि उनके लाश पर ही झारखंड बनेगा। अब जब झारखंड बन गया है तो बिजली युग में तेजस्वी यहां के लोगों को लालटेन थमा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 15 वर्षों तक तेजस्वी के पिता संयुक्त बिहार में मुख्यमंत्री रहे, 65 साल कांग्रेस की सरकार रही, लेकिन कुछ विकास नहीं हुआ।

## एक नजर में

### मतदान केंद्रों पर कीट का वितरण



**सतगावां (कोडरमा)।** लोकसभा चुनाव के दौरान प्रखंड में आगामी 20 मई को होने वाले मतदान के मद्देनजर स्वास्थ्य सुविधा उपलब कराने को लेकर शुक्रवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रामाशीष चौधरी के नेतृत्व में गठित 60 टीम को फर्स्ट एड कीट का वितरण किया गया। टीम के द्वारा प्रखंड के सभी 76 मतदान केंद्रों पर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराया जायेगा। स्वास्थ्य विभाग की ओर से 8 चिकित्सा पदाधिकारी, 9 सीएचओ तथा 21 एएनएम को स्वास्थ्य सुविधा के लिए लगाया गया है। इसके आलावे प्रखंड के सभी सहिया को ओआरएस पाउडर उपलब्ध कराया गया। साथ ही क्विक रेस्पॉन्स टीम बनाया गया। जिसमें प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रामशीष चौधरी, परिधापक नीरज नयन मिश्रा, स्टॉप नर्स रजनी डुंगडुंग तथा चालक अशोक यादव शामिल हैं। वहीं नियंत्राधीन कंट्रोल रूम में बीपीएम मनोज राम, विपुल कुमार तथा रोहित रौशन को लगाया गया है। मौके पर डॉ.टिकेश्वर नाथ, डॉ. विश्वनाथ विपुल, बीपीएम मनोज राम, विनय कुमार, पंकज कुमार, हाकिम सिंह, नीलम कुमारी, सुधा कुमारी समेत सभी स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### कृषि में ऊर्जा संरक्षण व उपयोग पर कार्यशाला



**कोडरमा।** कृषि विज्ञान केंद्र जयनगर में झारखंड नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (ज्रेडा) द्वारा प्रायोजित कृषि क्षेत्र में ऊर्जा संरक्षण व उपयोग पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में ज्रेडा के प्रतिनिधि प्रभाकर झा द्वारा उर्जा एवं जल संरक्षण पर प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने सिंचाई एवं अन्य गतिविधियों के लिए पानी की आवश्यकता को पूरा करने के लिए सौर ऊर्जा द्वारा संचालित एक ऊर्जा कुशल समाधान पीएम कुसुम योजना के कंपोनेंट, ऊर्जा संरक्षण के विभिन्न तकनीक आदि की विस्तृत जानकारी दी। वहीं वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ एके रॉय ने कृषि में प्राकृतिक संसाधन संरक्षण पर प्रकाश डाला। वहीं डॉ.चंचला कुमारी ने कृषि में उपयोग होने वाले मशीनों के उपयोग में ऊर्जा संरक्षण की बारीकियों को बताया। कार्यशाला में मुख्य रूप से प्रमुख अंजू देवी, कृषक मित्रों प्रतिनिायों के अलावा जिले के विभिन्न भागों से 55 कृषकों ने भाग लिया। जिसमें रामचंद्र महतो, रामाशंकर यादव, अर्जुन यादव, दुलारी कुमारी, मोहन राम, पिंटू पंडित ने अपनी अपनी विचार एवं समस्याएं रखी। जिसका समाधान और उपाय भूपेंद्र सिंह के द्वारा किया गया। मौके पर रुपेश रंजन, मनीष कुमार, संजय कुमार आदि मौजूद थे।

### मालवाहक ट्रेन की चपेट में आने से एक की मौत



**मरकच्चो (कोडरमा)।** कोडरमा-मुपुर रेलखंड के नवलशाही हॉल्ट के समीप बीती रात मालवाहक ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। वहीं मृतक की पहचान 32 वर्षीय सिकेंद्र यादव पिता स्व.लालमोहन यादव नवलशाही थाना क्षेत्र के कुशमाई निवासी के रूप में की गयी। मिली जानकारी के अनुसार युवक गुरुवार की रात्रि लगभग 8 बजे अपने घर से शौच करने के लिए रेलवे हॉल्ट की तरफ गया था। जब युवक अपने घर वापस लौट रहा था इस दौरान मालवाहक ट्रेन युवक को अपने चपेट में ले लिया, जिससे युवक की मौत हो गई। जब देर रात तक युवक घर नही लौटा तो परिजनों ने खोजबीन करना शुरू किया एवं खोजबीन के दौरान रेलवे पटरी के बगल में युवक मृत पड़ा मिला। वहीं लोगों ने इसकी सूचना नवलशाही पुलिस को दिया एवं सूचना मिलते ही थाना प्रभारी नीतेश कुमार अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं इस घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### लोकसभा चुनाव को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च



**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड में 20 मई को प्रखंड क्षेत्र में भयमुक्त व निष्पक्ष लोकसभा चुनाव संपन्न कराने को लेकर एसपी अनुदीप सिंह के निर्देशानुसार शुक्रवार को थाना प्रभारी विजय गुप्ता के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान काफी संख्या में पुलिस जवान मौजूद थे। फ्लैग मार्च थाना परिसर से निकलकर नासरगंज चौक होते हुए बासोडीह, कलीडीह, मरचोई, मीरगंज, माधोपुर पचौड़ी समेत आसपास के गांव होकर गुजरा। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त माहौल में लोकसभा चुनाव संपन्न कराने व लोगों को निर्भय होकर मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च निकाला गया। वहीं मतदाताओं से मिलकर उनको भरोसा दिलाया गया कि प्रशासन उनके साथ है, वे निर्भीक होकर अपने मताधिकार करें। चुनाव में किसी प्रकार का अफवाह फैलाने पर कानूनी कारवाई की जाएगी। मौके पर पुलिस पदाकािरी के अलावे जैप के जवान एवं सीआरपीएफ के जवान शामिल थे।

### मॉडर्न पब्लिक स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन



**कोडरमा।** सीबीएसई 10वीं एवं 12वीं के रिजल्ट में जिले के मॉडर्न पब्लिक स्कूल के छात्रों का प्रदर्शन शानदार रहा है और यह विद्यालय के लिए बड़े गर्व की बात है। इसलिए विद्यालय में दसवीं एवं 12वीं की परीक्षा में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। वहीं छात्रों के साथ आए उनके माता-पिताओं का सुमधुर स्वागत गीत गाकर अभिवादन किया गया एवं विद्यालय की छात्राओं के द्वारा एक आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया। वहीं विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार ने स्वयं छात्रों एवं उनके अभिभावकों का सहृदय अभिवादन किया। वहीं अभिवादन के पश्चात् छात्रों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं दसवीं की परीक्षा में जिला टॉपर्स की सूची में शामिल हुए अरमान सूद 98, पथ अग्रवाल 98 एवं सिद्धि भालोटिया 97.60 प्रतिशत, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में 12वीं की परीक्षा में जिला टॉपर्स की सूची में आई हर्षिता प्रणय 90. 20 एवं प्राप्ति सोनी 95. 60 प्रतिशत को अचीवमेंट सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा दसवीं की परीक्षा में जिन छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त प्राप्त कर विद्यालय टपर्स रहे उन्हें मेरिट सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। वहीं निर्देशिका संगीता शर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को विशेष रूप से सफलता के लिए बधाइयां दी। मौके पर कृष्णकांत मिश्रा, दीपेश सिंह, सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्राएं मौजूद थे।

### अवैध मिट्टी खनन से राजस्व की हानि



**टंडवा।** शिवपुर कठौतिया रेलवे निर्माण कार्य में लगे संवेदकों द्वारा अवैध मिट्टी खनन से झारखंड सरकार को करोड़ों रुपए का राजस्व नुकसान हो रहा है। मिट्टी खनन के लिए जिला खनन कार्यालय से खनन पट्टा लीज और निर्धारित राजस्व जमा करना आवश्यक है। टंडवा अंचल के धनगड़ा में सरकारी नियमों की अनदेखी करते हुए गैरमजरुआ और सरकारी भूमि से बिना अनुमति के मिट्टी खनन किया जा रहा है। अंचल अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि धनगड़ा मौजा के हल्का एक में किसी तरह का भूमि लीज नहीं हुआ है और उन्होंने खनन विभाग को लिखित जानकारी देने की बात कही है।

# कार व बाइक की सीधी भिड़ंत में बाइक सवार दो की हुई मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के पालकोट रोड कार्तिक उरांव कॉलेज के समीप अल्टो कार व बाइक की सीधी भिड़ंत में बाइक सवार दो लोगों की शुक्रवार को मौत हो गई। मृतकों में बाइक सवार जलडेगा निवासी 47 वर्षीय सुधीर कांडुलना और 56 वर्षीय मंगल लोहरा है। घटना के संबंध में प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि अल्टो कार पालकोट की ओर से आ रही थी। वहीं बाइक सवार दो लोग गुमला से अपने घर जलडेगा जा रहे थे। उसी वक्त कार्तिक उरांव कॉलेज के समीप अल्टो कार अनियंत्रित होते हुए बाइक सवार को धक्का मार दिया। वहीं आल्टो चालक घटनास्थल पर कार छोड़कर फरार हो गया। घटना में बाइक सवार दोनों व्यक्ति का दाहिना पैर बुरी तरह से टूट गया व सर में गंभीर चोट लगी थी। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल गुमला इलाज के लिए भेजा गया। जहां सदर अस्पताल गुमला में इलाज के क्रम में दोनों व्यक्ति की मौत हो गई।



घायल को अस्पताल ऑटो से ले जाते लोग

# बेटे ने मां को त्रिशूल से मारकर किया घायल, बेटी ने पहुंचाया अस्पताल

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के पुग्गु बेहरा टोली निवासी 50 वर्षीय मानू उरांव पति स्वर्गीय बुधु उरांव को उसके अपने ही बेटे 18 वर्षीय गुड्डू उरांव ने त्रिशूल से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना में महिला को चार से पांच जगह चोट लगी है। जानकारी के मुताबिक युवक कुछ माह पूर्व काम करने गोवा गया था और बुधवार को वापस गुमला लौटा और अपने एक दोस्त के यहां सिलम चला गया। जानकारी मिलने पर उसकी मां गुरुवार की अपराह्न अपने बेटे को लाने सिलम गई और लेकर घर आई। वह घर पर ही था। इसके बाद उसकी छोटी बहन दिव्या उरांव घर में लाल साड़ी पहन कर मोबाइल से अपना फोटो खींच रही थी। तभी युवक उसके पास गया और उसे गाली गलौज करने लगा और लाल साड़ी पहनने से मना किया। इसके बाद बहन ने भी उसे कुछ कह दिया। इसके बाद युवक अपनी बहन को मारपीट करने लगा और उसका मोबाइल भी छीन कर अपने पास रख लिया। मां बचाने पहुंची तभी आंगन में पूजा के लिए गाड़े गये त्रिशूल को उखाड़ कर अपनी मां को दौड़ा दौड़ा कर मारने लगा। जिससे उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसके बाद युवक घर से भाग गया। वहीं छोटी बेटी अपनी मां को ऑटो से सदर अस्पताल लेकर आई। जानकारी पर घायल की बड़ी बेटी जो पालकोट रोड में एक संस्था में सिलाई की ट्रेनिंग करती है वह भी अस्पताल पहुंची। वही दिव्या ने बताया कि उसका भाई हमेशा हम लोगों के साथ सौतेला व्यवहार करता है। कुछ माह पूर्व उसने अपने ही घर में आग लगा दिया था। जिसमें सब कुछ जल गया था। दिव्या ने बताया करीब एक साल पहले गांव के ही एक वृद्ध महिला से बलात्कार के आरोप में उसे बाल सुधार गृह भी भेजा गया था।



सदर अस्पताल में इलाज कराती घायल महिला

## बजरंग दल के दो कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

**गुमला।** आपातकालीन स्थिति में ब्लड बैंक में बजरंग दल के दो कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में शम्मी कुमार ने ए पॉजिटिव और दीपक कुमार ने ए पॉजिटिव ब्लड डोनेशन किया। शम्मी कुमार ने सातवीं बार व दीपक कुमार ने दूसरी बार रक्तदान किया। वर्तमान समय में ब्लड बैंक गुमला में ए पॉजिटिव ब्लड स्टॉक में उपलब्ध नहीं है। जिससे जिन मरीजों को ए पॉजिटिव ब्लड की आवश्यकता है उन्हें बहुत दिक्कत हो रही है। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए मरीजों की सहायता के लिए दोनों कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। मौके पर यशराज सिंह, रोहित खंडेलवाल लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार उपस्थित थे।

## परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का के छोटे भाई का हुआ निधन, लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**जारी।** परमवीर चक्र विजेता लांस नायक अल्बर्ट एक्का के छोटे भाई सिल्वेस्टर एक्का का गुरुवार को निधन हो गया। वे करीब 80 वर्ष के थे। वे काफी लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनको कैंसर की बीमारी थी। उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन पर जारी व आसपास के क्षेत्रों के लोगों ने घर पहुंच कर श्रद्धांजलि दी। वही गांव में ही आदिवासी रीति रिवाज से उनका दाह संस्कार किया गया।

## शराब पिलाने से मना करने पर दोस्त ने ईंट से मारकर किया दोस्त को घायल

**गुमला।** शराब नहीं पिलाने पर दोस्त ने ही अपने दोस्त को ईंट से मारकर घायल कर दिया। शहर के बड़ाइक मुहल्ला निवासी गोबी लोहरा ने अपने दोस्त सुजीत खड़िया को शराब पिलाने को कहा। सुजीत द्वारा मना करने पर वह उसके साथ मारपीट करने लगा। इसके बाद ईंट से उसके सिर पर प्रहार कर दिया। जिससे सुजीत जमीन पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया और लहूलुहान हो गया। इसके बाद वह जमीन पर ही पड़ा रहा। होश आने के बाद वह किसी तरह सदर अस्पताल पहुंचा और अपना इलाज कराया। जानकारी देते हुए सुजीत ने बताया वह टेंट हाउस में काम करता करता है और पांच रूपया मजदूरी में मिला था। जिसे देखकर गोभी लोहारा शराब पिलाने की जिद करने लगा। मना करने पर मेरे साथ मारपीट किया। सुजीत ने बताया एक दिन पहले गोभी लोहरा को भी काम के बदल पांच सौ रूपया मिला था। मैंने भी उसे शराब पिलाने को कहा उसने इंकार कर दिया था।

## प्रेम प्रसंग में युवक ने कीटनाशक खाया

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र के सुगा कांटा कांसीर टांड़ निवासी 19 वर्षीय ललित तिर्की ने गुरुवार की शाम कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत खराब होने पर परिजन तत्काल उसे सदर अस्पताल लेकर आये। जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक युवक का गांव के ही एक महिला से प्रेम प्रसंग विगत 5 वर्षों से चल रहा था। महिला के तीन बच्चे भी हैं। महिला अपने पति के साथ रांची में रहती है। युवक भी बीच-बीच में उससे मिलने रांची जाता है। तीन दिन पहले ही वह पूरे परिवार के साथ गांव आई थी। इसी बीच युवक से उसका विवाद हो गया। महिला ने युवक से कहा कि वह शादीशुदा है और अब वह उसके साथ कोई संबंध नहीं रखना चाहती है।

## मशीन खराब होने के कारण लगातार तीन दिनों से जलापूर्ति बाधित

**गुमला।** गुमला शहर में लगातार तीसरे दिन जलापूर्ति बाधित रही। विभागीय सूत्रों के अनुसार नागफेनी नदी में मशीन खराब होने के कारण शहर में तीन दिनों से जलापूर्ति नहीं की जा रही है। विभाग के लोगों ने बताया कि मशीन की खराबी को दूर कर लिया गया है। शनिवार से नियमित जलापूर्ति की जाएगी। इधर लगातार तीन दिनों से जलापूर्ति नहीं होने से शहर में पेयजल को लेकर हाहाकार मच गया है। भीषण गर्मी के कारण लोगों का दिनचर्या ऐसी है परेशानी में गुजर रहा है। अब जलापूर्ति नहीं होने से वे पानी के लिए दिनभर परेशान हैं। शहर के चापनलों की स्थिति भी इतनी बदत्तर है कि एक बाल्टी पानी भी निकालना मुश्किल है। ऐसी स्थिति में पानी के लिए शहर वासी पानी-पानी हो रहे हैं।

## बिजली कटौती से परेशान है ग्रामीण

**कैरो।** प्रखंड क्षेत्र में बिजली के कटौती से बिजली उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं को आये दिन बिजली की कटौती होने से जहां अनेक ऑनलाइन काम करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है वहीं दूसरी ओर पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं को भी दिक्कत हो रही है। इतना ही नही गृहणियों को भी खाना बनाने से लेकर अन्य कामों को करने में परेशानी हो रही है। उपभोक्ताओं की माने तो लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में चुनाव भी सम्पन्न हो चुका है किंतु हर पार्टी द्वारा जात-पात, धर्म व अन्य तरह की घोषणा और भाषण दिया गया किन्तु सबसे जरूरी बिजली, सड़क व किसानों के लिए बाजार व्यवस्था को लेकर किसी तरह की चर्चा कहीं पर नही की गई।

## थाना प्रभारी के बर्बरता पूर्वक कार्रवाई को नहीं किया जाएगा बर्दाश्तः सुखदेव

**गुमला।** सिसई प्रखंड अंतर्गत पुसो कांग्रेस मंडल अध्यक्ष जितेंद्र लोहरा ने कांग्रेस नेता सुखदेव भगत को बताया कि दो दिन पूर्व पुसो थाना प्रभारी हिमांशु शेखर सिंह एक पारिवारिक मामला को लेकर पूछताछ के नाम पर जितेंद्र लोहरा को थाना में बुलाकर हाजत में बंद कर दिया तथा अमानवीय तरीके से उन्हें बहुत मारा। जिसके कारण जांघ, गुप्तांग एवं पीछे के हिस्से में काफी गंभीर चोट लगा है। जितेंद्र लोहरा ने श्री भगत से उन्हें न्याय दिलाने एवं अमानवीय रूप से कृत करने वाले थाना प्रभारी पर कार्रवाई करने की मांग किये। श्री भगत ने कहा कि थाना प्रभारी के द्वारा कांग्रेस मंडल अध्यक्ष पर बर्बरता पूर्वक की गई कार्रवाई को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राज्य में संवेदनशील सरकार है। कांग्रेस कार्यकर्ता हो या आम जनता उन्हें पूरा न्याय मिलेगा। श्री भगत ने पुलिस अधीक्षक से वार्ता कर पुसो थाना प्रभारी द्वारा किया गया अमानवीय एवं बर्बरता पूर्वक कार्रवाई से उन्हें अवगत कराते हुए शीघ्र थाना प्रभारी पर कार्रवाई करने की बात कही। जिसपर पुलिस अधीक्षक गुमला ने श्री भगत को पुसो थाना प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की बात कही।

# घर में आग लगने से 50 हजार का हुआ नुकसान, जलकर कई समान हुए खाख

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के कोटामाटी टंगराटोली गांव में शुक्रवार की सुबह साढ़े 7 बजे अचानक मुन्ना उरांव के घर में आग लगने से कई समान जलकर राख हो गई। इस संबंध में पीड़ित मुन्ना उरांव ने बताया कि वह एक होटल में काम करता है और उसकी पत्नी भी मनरेगा में काम करती है। इस क्रम में वे दोनों सुबह ही अपने घर से निकल गये थे। वहीं बच्चे भी स्कूल चले गये थै और घर पर कोई नहीं था। अचानक घर के अंदर से धुंआ निकलता हुआ ग्रामीणों ने देखा। इसके बाद इसकी सूचना हम सभी को दी गई। जब तक घर पहुंचते तब तक आग के लपेट तेज हो गई थी। ग्रामीणों के सहयोग से आग को बुझाया गया। तब तक एक घर में लगे एलबेस्टर का काठ जल गया और एलबेस्टर पूरी तरह गिरकर टूट चुकी था। साथ ही उक्त घर में रखें दो बोरा धान जलकर राख हो गया। वहीं ग्रामीणों के सहयोग से पानी डालकर आग को बुझाया गया। इस संबंध में पीड़ित मुन्ना उरांव ने बताया कि लगभग 50000 का आर्थिक नुकसान उक्त आग लगने से हुई है। वहीं घर के बगल रूम में ग्रामीणों के मसकत के कारण आग नहीं पहुंच सका। उसे बुझा लिया गया। जिसके कारण बड़ी क्षति नहीं हुई। वही पीड़ित ने बताया की उसके घर की स्थिति काफी दयनीय है। वही पीड़ित ने अंचल प्रशासन से मुआवजा की मांग की है ।



घर में लगे आग को बुझाने में जुटे लोग

# कांग्रेस नेता के साथ मारपीट मामले में पुसो थानेदार निलंबित

## एसडीपीओ ने खबर की पुष्टि की, *खबर मंत्र* में प्रमुखता से प्रकाशित हुआ था खबर

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिसई।** पुसो थाना प्रभारी के खिलाफ कांग्रेसी के पुसो मंडल अध्यक्ष जितेंद्र लोहरा ने पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह को आवेदन देकर हाजत में बंद कर मारपीट करने व अमानवीय व्यवहार करने की शिकायत की थी। मारपी के मामले को लेकर खबर मंत्र में प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया गया था। जिसके बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आई और एसपी ने उक्त घटना के संबंध में एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव को 24 घंटा के अंदर जांच कर रिपोर्ट करने का आदेश दियाथा। एसपी के आदेशानुसार एसडीपीओ ने उक्त सभी विंदुओं पर जांच कर रिपोर्ट सौंप दी है। जांच रिपोर्ट के अनुसार एसपी ने पुसो थानेदार हिमांशु शेखर सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। इस संबंध में एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने बताया कि बीते 14 मई को कांग्रेसी नेता जितेन्द्र लोहरा को पुसो थाना पूछताछ के लिए लाया गया था। जितेंद्र ने थाना प्रभारी पर पुछताछ के नाम पर मारपीट करने के साथ कई गंभीर आरोप लगाये थे। जितेंद्र ने एसपी को आवेदन दिया था। उसी आवेदन के आधार पर एसपी ने मुझे जांच करने का आदेश दिया था। जिस पर मैं जांच कर एसपी सहाब को रिपोर्ट सौंप दिया है। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट के अनुसार जांच में सही पाए जाने की वजह से पुसो थानेदार हिमांशु शेखर सिंह को निलंबित कर दिया गया है।

# श्री सिद्धिविनायक हनुमान मंदिर में मनाया गया सीता नवमी कार्यक्रम

खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** सीता नवमी कार्यक्रम का आयोजन लोहरदगा नगर के श्री सिद्धिविनायक हनुमान मंदिर पुराना शुक्र बाजार में किया गया।इस मौके पर श्रद्धालु महिलाओं में बढ़ चढ़कर भागीदारी दी। सीता नवमी कार्यक्रम शुभारंभ का मां सीता जी के चित्रों पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सुषमा देवी के द्वारा मां सीता के संपूर्ण चरित्र के बारे में विस्तार से बताया गया। एवं विशिष्ट अतिथि सविता देवी ने बताया कि माता सीता जी का जन्म जनकपुरी में हुआ था।एवं विवाह अयोध्या में प्रभु श्री रामचंद्र जी के साथ हुआ था। मां सीता पति भक्ति भावना एवं त्याग कष्ट से आज के नारी को सीख लेनी चाहिए। दुख के चलते हुए भी कभी अपने भावना से नहीं हटी। इस अवसर पर महिला कीर्तन मंडली के द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन भी किया गया।

अंत में महा प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सुषमा देवी, सविता देवी, संगीता देवी, शीला देवी, मीणा देवी, पूनम देवी, नूपुर देवी, शमुली देवी, सरस्वती देवी, नीलम देवी, प्रिंसी रानी प्रजापति, अर्पिता कुमारी, बजरंग दल पूर्व संयोजक प्रमोद प्रजापति के अलावा कई राम भक्त माताएं बहनें उपस्थित थी।

# अवैध बालू के उठाव पर रोक लगाने के नाम पर पुलिसिया दादागीरी

खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र में एक होमगार्ड जवान का गुंडागिरी का मामला सामने आया है। बताया जाता हैं कि बिना ड्यूटी में रहते सेन्हा थाना के चालक होमगार्ड जवान एनामुल अंसारी ने ट्रैक्टर ड्राइवर पर तान दिया पिस्तौल। इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत एकागुरी गांव में शुशील भगत और मनाजुल अंसारी का खाली ट्रैक्टर सड़क किनारे खड़ा था ड्राइवर खलासी शादी समारोह शामिल होने पहुंचे थे। वही अवैध बालू के उगाही में निकले सेन्हा थाना में चालक के रूप में कार्यरत होमगार्ड जवान एनामुल अंसारी ने पूछताछ कर ट्रैक्टर के ड्राइवर कमलेश उरांव और मंगल उरांव, विराज उरांव पर अवैध पिस्तौल तान दिया और गाड़ी में बालू लोड करने के लिए कहने लगा इस दौरान होमगार्ड जवान एनामुल अंसारी ड्यूटी में नही थे और क्षेत्र में सिविल में घूम रहे थे। घटना गुरुवार रात की है जहां होमगार्ड जवान एनामुल अंसारी ट्रैक्टर चालक और खलासी को डरा धमकाकर दोनो गाड़ी को मेढ़ो घाट ले गया। जहां दो ट्रैक्टर में बालू लोड कराया गया कुछ देर बाद सेन्हा थाना में कार्यरत सब इंस्पेक्टर मनोज कुमार भी मोटरसाइकिल से मेढ़ो घाट पहुंचे और एनामुल अंसारी का साथ दिया और फिर गस्ती दल को बुलाकर दोनो ट्रैक्टर को अवैध बालू उठाव का मामला दर्ज कर थाना ले जाया गया और ट्रैक्टर के ड्राइवर और खलासी का मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया गया। वही मेढ़ो बालू घाट में सेन्हा थाना के चालक होमगार्ड जवान एनामुल अंसारी का भाई आजम अंसारी का ट्रैक्टर में भी अवैध बालू लोड था जिसे होमगार्ड जवान और सब इंस्पेक्टर मनोज कुमार द्वारा छोड़ दिया गया। वही घटना को लेकर ट्रैक्टर चालक और उसके साथियों ने एसपी को आवेदन देकर पूरे मामले पर कार्रवाई का मांग किया है। बताया जाता हैं कि मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी समीर तिर्की ने जांच के आदेश दिया है। उन्होंने बताया की उनके संज्ञान में मामला आया है ।जांच के बाद दोषियों पर कड़ी कारवाई की जायेगी।

## खबर एक नजर में

### शिवाय डांस स्टुडियो में डांस, चित्रांकन व गेम प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**गुमला।** शिवाय डांस स्टुडियो में शुक्रवार को तृप्ति केसरी के द्वारा डांस, चित्रांकन व गेम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वार्ड पार्षद अनिता सिंह, किरण देवी व बीणा केसरी ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता में गुमला, लोहरदगा व टोटो के बच्चों ने भाग लिया। मौके पर मुख्य अतिथि अनिता सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता से बच्चों का मानसिक विकास होता है। आज डांस के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में लोग अपना करियर बना रहे हैं। बच्चे भी बेहतर नृत्य सिखकर जीवन में आगे बढ़ सकते हैं। किरण देवी ने कहा कि वर्तमान समय प्रतियोगिता का है। प्रतियोगिता में शामिल होकर ही बच्चे अपनी प्रतिभा को निखार सकते हैं और आगे जाकर एक बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।

### डालसा जिले में कानूनी जागरूकता के साथ चलाएगा नशा उन्मूलन अभियान

**गुमला।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष श्री ध्रुव चंद्र मिश्र के निर्देश पर डालसा जिले में विधिक जागरूकता एवं नशा उन्मूलन अभियान की शुरूआत करेगी। जिसको लेकर शुक्रवार को डलसा सचिव रामकुमार लाल गुप्ता ने जिले के पीएलवी सदस्यों के साथ एक बैठक की और सभी को विधिक जागरूकता के साथ लीगल लिटरेसी क्लब के बच्चों को नशा उन्मूलन पर भी जागरूक करने का निर्देश दिया । उन्होंने कहा कि नशा पान करना एक गंभीर दुष्परिणाम को जन्म देता है। जिसे आज सिर्फ बड़े व्यक्ति नहीं बल्कि बच्चे भी प्रभावित हो रहे हैं। इसलिए हमें नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाना होगा और नशा मुक्त जिला बनाने की दिशा में कार्य करना होगा। जिसके लिए उन्होंने स्कूलों में बच्चों का एक समूह बनाकर उनको जागरूक करने के लिए भी निर्देश दिया। वहीं पालकोट प्रखंड के राजकीय बुनियादी विद्यालय बघिमा में विधिक जागरूकता एवं नशा उन्मूलन पर एक जागरूकता अभियान चलाया गया। पीएलबी सदस्य बीणा कुमारी ने बच्चों को कानून के साथ-साथ नशा के दुष्प्रभाव की जानकारी दी तथा बच्चों को नशा से होने वाली हानियों के विषय में विस्तृत रूप से बतलाया गया।

### युवती के साथ सामुहिक दुष्कर्म मामले में दो नाबालिग सहित चार गिरफ्तार

**कुडू लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के एक शादी समारोह से लौट रही नाबालिग कै साथ पांच युवकों के द्वारा सामुहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के बाद पुलिस हरकत में आयी हैं तथा इस मामले में संलिप्त दो नाबालिग सहित चार को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए दो को लोहरदगा जेल तथा दो नाबालिक आरोपियों को बाल सुधार गृह भेजा दिया गया है। पकड़े गए आरोपियों में प्रकाश उरांव तथा सुजीत उरांव को जेल भेजा गया है जबकि दो अन्य को बाल सुधार गृह गुमला भेज दिया गया है। वही पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### द्वितीय पुण्यतिथि पर याद किये गए लखन टाना भगत

**कुडू लोहरदगा ।** स्वतंत्रता सेनानी लालू टाना भगत के पुत्र तथा पुर्व विधायक कमल किशोर भगत के पिताजी सेवानिवृत्त शिक्षक लखन टाना भगत के द्वितीय पुण्यतिथि के मौके पर शुक्रवार को प्रखंड के जिंगी गांव में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। समाजसेवी सह पुर्व विधायक कमल किशोर भगत के छोटे भाई अनिल टाना भगत ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े आमजनों तक पहुंचने की ललक लखन टाना भगत में थी। उसके मार्गदर्शन में ही पुर्व विधायक स्व० कमल किशोर भगत लोहरदगा की विकास पर काम कर रहे थे। कमल किशोर भगत के अधुरे सपनों को पुर्ण करने का संकल्प लेने के दिन हैं। पिताजी के समाधिस्थ से संकल्प लेते हैं कि लोहरदगा की जनता ने मौके दिया तो कमल दादा के अधुरे सपनों को पुर्ण करने के लिए पुरी ताकत लगा देंगे। उनके बताए पद चिन्हों पर चलकर लोहरदगा का समुचित विकास करेंगे। इससे पहले लखन टाना भगत के परिजनो ने समाधि स्थल पर पहुंच विधी विधान के साथ पुजा अर्चना करते हुए नमन किया इसके बाद आमजनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर आजसू पार्टी के रामनरायण प्रसाद, विलियम कुजुर, संजु सिंह, विपिन सिंह, प्रदीप ठाकुर, सुरज टाना भगत, प्रकाश उरांव, कंचन राम सहित लखन टाना भगत के परिजन तथा गांव के लोग शामिल थे।

### प्रखंड विकास पदाधिकारी की नई पहल, ग्रामीणों के साथ बैठक कर प्रखंड में लिखेंगे विकास की नई रेखा

**कैरो।** प्रखंड सह अंचल अधिकारी छंदा भट्टाचार्य ने आगामी 22 मई से प्रखंड के अलग अलग गांवों में करेंगी ग्रामीणों के साथ बैठक, जिसमें ग्रामीणों की प्राथमिकता के आधार पर किया जाने वाला काम व समस्याओं को निबटारा करने को लेकर बनाई जाएगी रणनीति। इसकी जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य ने कहा कि एक प्रखंड के अधिकारी होने के नाते क्षेत्र की जनता के साथ जुड़कर उनकी समस्याओं को दूर करना हमारा कर्तव्य है और इसके लिए हमने रणनीति तैयार कर लिया है। जिसके तहत सीधे ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा करेंगे और वहीं तय किया जाएगा को कौन सी समस्या प्रखंड व अंचल स्तर पर और कौन सी समस्या जिला स्तर से सुधार किया जाएगा।

### बीडीओ ने अधिकारियों और कर्मियों के साथ की बैठक, योजनाओं की समीक्षा

**भंडरा ।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में शुक्रवार को बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा बैठक अधिकारी एवं कर्मियों के साथ किया। बैठक में बीडीओ ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में चल रहे विकासात्मक योजना मनरेगा के तहत सिंचाई कूप , अबुवा आवास सहित विभिन्न योजनाओं का पेंशन सहित सभी सरकारी विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा की । बीडीओ ने बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों को समय से सभी योजनाओं को पूर्ण करने एवं कार्यान्वित योजनाओं में पारदर्शिता पूर्ण संपन्न कराने के साथ ही आगामी दिनों में जिलाधिकारी का प्रखंड मुख्यालय के निरीक्षण की विभिन्न तैयारियों का भी मुख्य रूप से चर्चा किया गया।

# इंटर कॉलेजों में सीटों में कटौती ने मैट्रिक पास छात्र-छात्राओं की बढाई मुश्किलें

## 6,160 छात्रों ने की है मैट्रिक की परीक्षा पास, प्लस टू में दाखिला लेने में आ रही है परेशानी

रोशन कुमार

**लोहरदगा।** जिले में प्लस टू में नामांकन के लिए शिक्षण संस्थानों में, खासकर इंटर कालेजों में मारामारी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। राज्य सरकार द्वारा इंटर कालेजों में सीटें कम किए जाने से काफी संख्या में छात्र-छात्राओं के आगे की पढ़ाई जारी रखने के अरमान टूट सकते हैं। समय निकलता जा रहा है। प्लस टू स्कूलों में संसाधन कम हैं। इंटर कालेजों में नामांकन फार्म सीमित है। राज्य सरकार द्वारा सीट बढ़ाने के जगह उसमें और कटौती कर दी गई है। लोहरदगा के पांच इंटर कालेजों में एक स्थायी प्रस्वीकृति प्राप्त महिला इंटर कालेज एमएलए वुमेन कालेज शहर के बीच स्थित है। यहां इंटर आर्टस में सीटें 896 से घटाकर 384 कर दिए जाने के बाद रोजाना दर्जनों छात्राएं और उनके अभिभावक दाखिले से नाउम्मीद होकर लौट रहे हैं। अंगीभूत कालेजों में गत 10 वर्षों से नामांकन बन्द है। वहीं जिले के वर्ष 2024 में जिले भर से 6,160 विद्यार्थी मैट्रिक की परीक्षा पास कर चुके हैं,जिनमे छात्राओं की संख्या अच्छी खासी है। मैट्रिक पास हुई छात्राओं के अनुपात में जिले के इंटर कालेजों में सीटों की भारी कमी है। अन्य इंटर कॉलेजों में भी सीट की कटौती कर दी गई है। छात्राओं के साथ-साथ उनके अभिभावक भी बेटियों के नामांकन के लिए इंटर कालेजों की दौड़ लगा रहे हैं।

अभिभावक फरमान अली का कहना है कि महिला इंटर कालेज में विभाग द्वारा सीटों में कटौती कर दी गई है। ऐसे में मात्र बेहतर अंक लाने वाली छात्राओं का ही महिला इंटर कालेज में नामांकन हो रहा है। से में पढ़ाई करने की ख्वाहिश रखने वाली छात्राओं की ख्वाहिश भी दम तोड़ने लगी है। रीना देवी कहती हैं कि एक ओर सरकार बेटी पढ़ाओ का नारा देती है वहीं इंटर कॉलेजों में सीटों की कटौती कर बेटियों को जबरन घर बैठाने को मजबूर किया जा रहा है। छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। जीतन उरांव कहते हैं कि हम निश्चिंत थे कि कम अंक वाले बच्चों का भी नामांकन हो जाएगा। विभाग के गलत फैसले से गरीब बच्चों का भविष्य संकट में है। अमित उरांव कहते हैं कि इंटर कालेज में सीट कम होने की बात कहकर फार्म भी नहीं दिया जा रहा है। सरकार को सीटों में कटौती नहीं करनी चाहिए। वरना बड़ी संख्या में गरीब-पिछडे वर्ग के बच्चे-बच्चियां शिक्षा से वंचित हो जाएंगे। छात्रा लक्ष्मी कुमारी,रेशमी खातून, पूजा उरांव आदि ने नामांकन फार्म नहीं मिलने से आगे की पढ़ाई बंद होने की चिंता जतायी है।



एडमिशन फॉर्म नहीं मिलने से परेशान विद्यार्थी और परिजन एमएलए कॉलेज के प्राचार्य से गुहार लगाते

> जिले के सरकारी प्लस टू स्कूलों में नामांकन के लिए सीटों की सीमा निर्धारित नहीं है। विभाग का तर्क है कि यहां जितनी संख्या में चाहे दाखिला लिया जा सकता है। जो व्यावहारिक तौर पर हास्यास्पद है। क्योंकि किसी भी विद्यालय में एक संकाय में 200 से ज्यादा विद्यार्थियों को बैठने की जगह नहीं है और नही जरूरी संसाधन उपलब्ध है। ऐसे में इस वर्ष मैट्रिक पास करने वाले बच्चो को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## लखना घाटी में दर्जन भर ट्रकों को लूटा



गम्हरिया। कांड्रा–चौका मार्ग पर लखना सिंह घाटी के पास बीते गुरुवार की रात सड़क लुटेरों ने करीब दर्जन भर ट्रकों को रोककर लूटपाट और तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया। बताया गया है कि 10 से 15 लूटेरों द्वारा उक्त वारदात को अंजाम दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उक्त मार्ग पर करीब दो घंटे तक नकाबपोश अपराधियों ने बाहरी गाड़ियों को रुकवाकर उसमें तोड़फोड़ की और चालकों के साथ मारपीट कर पैसे छीन लिए। अपराधियों द्वारा इस दौरान धारदार हथियार से कई चालकों पर हमला भी किया गया जिससे वे जख्मी हो गए। इसके बाद अपराधियों ने चालकों से नकद, मोबाइल आदि की छिनतई की गई। करीब दो घंटे तक अपराधी सड़क पर लूटपाट करते रहे किंतु पुलिस नहीं पहुंच पाई। इस दौरान कई चालकों पर गौरतलब है कि लखना सिंह घाटी कांड्रा और चौका थाना सीमा से सटा है। पुलिस यह तय नहीं कर सकी कि किसके अधिकार क्षेत्र में अपराधी तांडव मचा रहे हैं। लूटपाट कर अपराधी के चले जाने के बाद पीड़ित ट्रक चालको ने अपनी ट्रकों को बीच सड़क पर खड़ा कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। रात्रि दो बजे के बाद चौका थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित ट्रक चालकों को समझाकर सड़क जाम हटाया। बाद में कांड्रा पुलिस भी मौके पर पहुंची और ट्रक चालको से बात कर जांच में जुट गई है।

## मतदान जागरुकता को लेकर सिंहभूम चेंबर की बाइक रैली आज

जमशेदपुर। सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शनिवार 18 मई को संध्या 4 बजे चैम्बर भवन बिस्टुपुर से बाइक रैली निकाला जाएगा। इस बात की जानकारी मानद महासचिव मानव केडिया ने दी। चैम्बर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने बताया की जागरूकता अभियान के तहत बाइक रैली का आयोजन किया गया है, बाइक रैली सिंहभूम चैम्बर, बिस्टुपुर से प्रारंभ होकर बिस्टुपुर गोलचक्कर, स्ट्रैट माइल रॉड, साकची गोलचक्कर, मिलखिराम मार्केट, बाराद्वारी, भालूबासा, एग्रिको गोलचक्कर, गोलमुरी, बमार्माइंस, जुगसलाई से होते हुए चैम्बर भवन पहुंच समाप्त होगी। उन्होंने जमशेदपुरवाशियों को जागरूकता का संदेश देते हुए 25 मई को अपने बहुमूल्य मत का प्रयोग करने और लोकतंत्र की मजबूती में अपनी सहभागिता निभाने का आह्वान किया।

## बोरा में बंद युवक का शव किया बरामद, हत्या की आशंका

गम्हरिया। आदित्यपुर थाना क्षेत्र के टाटा–कांड्रा मार्ग पर केंदु गाछ स्थित पवन कांटा के समीप से शुक्रवार की सुबह पुलिस ने बोरा में बंद लगभग 37 वर्षीय एक युवक का शव बरामद किया है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी प्राप्त कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचाई नहीं हो पाई है। मृतक का रंग गोरा है, लेकिन उसका चेहरा पूरी तरह से काला पड़ गया था। उसके शरीर पर सिर्फ गमछा लिपटा है। शरीर पर भी कई जगह कटे का निशान भी पाया गया है। पुलिस ने आशंका व्यक्त किया है कि बेरहमी से पिटाई करने के बाद उसकी हत्या की गई है। पुलिस युवक की पहचान करने में जुट गई है।

## कैंसर पीड़ित महिला के श्राद्ध कर्म में दीनबंधु ट्रस्ट ने की मदद



जमशेदपुर। घाघीडीह जेल के समीप घाघीडीह बस्ती में कैंसर पीड़ित महिला की मृत्यु की सूचना ट्रस्ट के को ऑर्डिनेटर के माध्यम से प्राप्त हुई। पता चला की कैंसर के इलाज में परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत खराब हो गई जिसके कारण श्राद्ध कर्म नहीं कर पा रहे है। अध्यक्ष उत्तम चक्रवर्ती के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने परिवार के घर जाकर सांत्वना दिया और श्राद्ध कर्म के आवश्यक सामान तथा श्राद्ध भोज के लिए राशन सामाग्री प्रदान किया।

# जमशेदपुर के पश्चिम विधानसभा पहुंचा बिद्युत महतो का जनसंपर्क अभियान

## सघन जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से भाजपा के पक्ष में मांगा आशीर्वाद

खबर मन्त्र ब्यूरो



कदमा में जन संपर्क करते भाजपा प्रत्याशी बिद्युतवरण महतो।



साकची में दीपक प्रकाश के साथ जन संपर्क करने निकले बिद्युतवरण

**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा लगातार लोगों से संपर्क एवं संवाद के जरिये समर्थन जुटा रही है।

इस क्रम में शुक्रवार को सांसद सह भाजपा प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो ने जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा के विभिन्न मंडल क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से आशीर्वाद और समर्थन मांगा। जनसंपर्क अभियान में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश विशेष रूप से शामिल हुए। बिद्युत महतो ने मंडल अध्यक्ष, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय निवासियों के संग जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा अंतर्गत मानगो, उलीडीह, साकची पश्चिम, बिस्टुपुर, कदमा, सोनारी मंडल के विभिन्न क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाकर भाजपा के पक्ष में मतदान रूपी आशीर्वाद की अपील की। इस दौरान कार्यकताओं का उत्साह चरम पर रहा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने 'भाजपा जिंदाबाद,' 'नरेंद्र मोदी एवं बिद्युत महतो जिंदाबाद' के साथ 'अबकी बार चार सौ पार' का नारा लगाते हुए क्षेत्र के बुजुर्ग, युवा, महिलाओं, छात्राओं, दुकानदारों, मजदूरों के साथ समाज के अन्य वर्गों से मुलाकात कर केंद्र की मोदी सरकार एवं बिद्युत महतो के उपलब्धियों के पत्रक भेंटकर 25 मई को ईवीएम क्रमांक 2 पर बटन दबाकर बिद्युत महतो को विजयी बनाने का आग्रह किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने 19 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के घाटशिला फुटबॉल मैदान में होने वाले जनसभा को लेकर लोगों को आमंत्रण पत्र भेंटकर आमंत्रित किया।अभियान के क्रम में स्थानीय लोगों, दुकानदारों, स्थानीय क्लब एवं संस्थाओं ने भी बड़ी संख्या में शामिल होकर बिद्युत महतो का फूल-मालाओं एवं विजयी तिलक लगाकर अभिनंदन किया और चुनाव में पूर्ण रूप से समर्थन और आशीर्वाद भरोसा दिलाया। इस अवसर पर सांसद बिद्युत महतो ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के सफल और कुशल नेतृत्व की वजह से पूरी दुनिया में भारत का जो सम्मान बढ़ा है, वह अतुलनीय एवं अद्भुत है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने देशवासियों के हित में कई योजनाएं चलाई हैं। ये योजनाएं गरीब और जरूरतमंद के लिए वरदान साबित हुई हैं। आज ऐसी सभी योजनाओं का लाभ आमजनों को बिना किसी भेदभाव के मिल रहा है। बिद्युत महतो ने कहा कि आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के साथ-साथ किसानों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, नल से जल ऐसी योजनाएं हैं जिनसे जमशेदपुर के लाखों लोगों को लाभ मिला है। वहीं, महतो ने झारखंड की झामुमो-कांग्रेस और राजद गठबंधन सरकार पर निशाना साधते हुए उनके झूठे वादों से सतर्क और सावधान रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में राज्य की अक्षम, दिशाहीन और भ्रष्ट नेतृत्व से झारखंड विकास की दौड़ में पिछड़ गया है। लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में आशीर्वाद देकर भ्रष्टाचार की जननी और पोषक पार्टी को करारा जवाब दें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की उदासीनता और हठधर्मिता के कारण जिले में कई योजनाएं पूरी नही हो सकी। आने वाले पांच वर्षों में ऐसी सभी योजनाओं को समय से पूर्ण करना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

## 19 मई को घाटशिला में पीएम की सभा, ऐतिहासिक बनाने में जुटे भाजपाई

# पीएम पद पर तो मोदी ही आयेंगे : दीपक प्रकाश

- पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने कहा पहले से अधिक मार्जिन से बिद्युत महतो होंगे विजयी

खबर मन्त्र ब्यूरो



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते दीपक प्रकाश। साथ में संजीव सिन्हा व अनिल मोदी।



चुनावी सभा के लिए बन रहे पंडाल का निरीक्षण करने पहुंचे नीरज सिंह।

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्य और उपलब्धि आज डंके की तरह भारत के कोने-कोने में गूंज रही है। आज जनता की आकांक्षा है कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनें। पिछले दस वर्षों में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले दस वर्षों में गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर लागों को संबल करने के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं के माध्यम से उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है। उपरोक्त बातें झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कही। वे शुक्रवार को जमशेदपुर लोकसभा चुनाव प्रधान कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। साथ में भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन यादव, जिला उपाध्यक्ष संजीव सिन्हा, जमशेदपुर लोकसभा मीडिया प्रबंधन विभाग के अनिल मोदी एवं प्रेम झा मौजूद रहे। दूसरी ओर, घाटशिला के मऊभंडार मैदान में पीएम की सभा के मद्देनजर भव्य पंडाल बनाने का काम प्रगति पर है। पीएम की सभा के सह संयोजक एवं भाजपा व्यवसाय प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह ने आज पंडाल निर्माण कार्य का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। इधर, जमशेदपुर में दीपक प्रकाश ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दीपक प्रकाश ने कहा कि दुनिया के बड़े-बड़े अर्थशास्त्री ने अनुमान लगाया है कि आने वाले 5 वर्षों में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। इसलिए देश में पीएम पद पर आयेंगे तो मोदी ही। सांसद दीपक प्रकाश कहा कि 19 मई को घाटशिला के फुटबॉल मैदान में होने वाले प्रधानमंत्री मोदी के विशाल जनसभा ऐतिहासिक होगी। प्रधानमंत्री मोदी को देखने और सुनने के लिए जमशेदपुर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोग आतुर हैं। जमशेदपुर लोकसभा अंतर्गत सभी मंडलों से कार्यकर्ता पीएम मोदी की सभा में शामिल होंगें। किसी भी कार्यकर्ताओं को कोई असुविधा न हो इसके लिए विभिन्न स्तरों पर तैयारी की जा रही है। जमशेदपुर सीट पर संघर्ष के बारे में दीपक प्रकाश ने कहा कि जमशेदपुर का चुनाव एक सफल सांसद बिद्युत महतो और एक असफल विधायक समीर मोहंती के बीच है। विद्युत महतो आदर्श सांसद की भांति ईमानदार और बेदाग हैं। तो वहीं, समीर मोहंती के आतंक, लूट और गुंडागर्दी से बहरागोड़ा की जनता तंग हो गयी है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र की प्रबुद्ध जनता के आशीर्वाद और समर्थन से भाजपा जमशेदपुर में पहले से बड़ी जीत दर्ज करेगी।

## उत्कलिय ब्राह्मण समाज के सदस्य के निधन पर शोक

**पोटका।** उत्कलिय ब्राम्हण समाज के सक्रिय सदस्य अनिल कुमार पाणिग्रही का अचानक हृदय गति रुकने के कारण निधन हो गया। वे राजनगर प्रखंड के बी कुटुंब के रहने वाले थे। पांच दिन पूर्व उनके इकलौते पुत्र असीम कुमार पाणिग्रही का शादी हुआ है। घर में खुशी का माहौल अचानक गम में बदल गया। अनिल कुमार पाणी के निधन पर उत्कलीय ब्राम्हण समाज के केंद्रीय अध्यक्ष, सुधांशु शेखर मिश्र, सचिव सूर्य कुमार कर, रजनी सारंगी, सूर्य कांत दास, जय गोपाल पंडा, गौर मिश्र, रवि सतपथी, जोगेश दास, अमल दास, भीम सेन कर, अनिल मिश्र, दिलीप कर, सुरेश महापात्र आदि ने गहरा शोक प्रकट किया है तथा कहा की निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है।

# ईवीएम कमिशनिंग का कार्य पूर्ण, स्ट्रांग रूम किए गये सील

- 25 मई को जिले के 1887 मतदान केन्द्रों पर डाले जाएंगे वोट
- डीसी, डीडीसी और एसडीओ ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण
- मतदान के दिन हर ईवीएम/वीवी पैड पर 90 मिनट पहले होगा ट्रायल

खबर मन्त्र ब्यूरो



स्ट्रांग रुम सील करवा कर निकलते डीसी अनन्य मित्तल, एसडीओ पारुल सिंह और डीडीसी मनीष कुमार।

**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों के लिए ईवीएम व वीवीपैट मशीनों की कमिशनिंग की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इस मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने एलबीएसएम व को-ऑपरेटिव कॉलेज स्थित डिस्पैच सेंटर पहुंचकर कमिशनिंग कार्य का निरीक्षण किया। तथा कमिशनिंग उपरांत ईवीएम को संबंधित विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रांग रूम में रखे जाने की प्रकिया को अपनी उपस्थित में पूरी कराई। मौके पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार संबंधित विधानसभा क्षेत्र के एआरओ, एईआरओ उपस्थित थे। प्रत्याशी एवं उनके इलेक्शन एजेंट की मौजूदगी में ईवीएम और वीवीपैट की कमिश्निंग का कार्य किया गया है। इस मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए दिशा-निर्देश दिए। उन्होने कहा कि डिस्पैच सेंटर परिसर तथा स्ट्रांग रूम में कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति प्रवेश नहीं करने पायें इसे सुनिश्चित करें, 24☒7 सीसीटीवी से गहन निगरानी रखे जाने का निर्देश दिया। डीसी ने बताया कि चुनाव लड़ने वाले कैंडिडेट की सूची को अंतिम रूप देने के बाद ईवीएम और वीवीपीएटी की कमीशनिंग की गई है। मतदान दिवस पर वास्तविक मतदान शुरू होने के 90 मिनट पहले इलेक्शन एजेंटों की उपस्थिति में मॉक पोल किया जाएगा।

इस दौरान नोटा सहित प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए एक वोट डालकर कम से कम 50 वोट के साथ मॉक पोल किया जाता है। कंट्रोल यूनिट पर प्राप्त मॉक पोल के परिणाम का मिलान वीवीपैट से प्रिंट की गई पर्ची के साथ करते हुए एक प्रमाण पत्र पीठासीन अधिकारी की ओर से तैयार किया जाएगा। मॉक पोल के तुरंत बाद कंट्रोल यूनिट का क्लियर बटन दबाकर मॉक पोल का डाटा डिलीट किया जाएगा।

# मतदाता सूची वितरण का आज अंतिम दिन

खबर मन्त्र ब्यूरो

अबतक नहीं मिली है मतदाता सूचना पर्ची, तो 1950 टोल फ्री नंबर पर करें शिकायत

सभी बीएलओ को शत प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करना का दिया गया निर्देश

**जमशेदपुर।** 18 मई जिले में मतदाता सूचना पर्ची वितरण का अंतिम दिन है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनन्य मित्तल के निदेशानुसार पिछले 07 मई से मतदाता सूचना पर्ची का वितरण बीएलओ द्वारा प्रत्येक मतदाता के घर-घर जाकर किया जा रहा है।

वैसे मतदाता जिनको मतदाता सूचना पर्ची अभी तक प्राप्त नहीं हो पाई है उनसे जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अपील किया है कि टोल फ्री 1950 पर शिकायत करें, आपके क्षेत्र के बीएलओ द्वारा घर पर जाकर मतदाता सूचना पर्ची उपलब्ध कराई जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में जिले के शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने हेतु घर-घर मतदाता सूचना पर्ची पहुंचाने के साथ-साथ रंगीन वोटर गाइड भी उपलब्ध कराई जा रही है। इसके साथ ही सभी बीएलओ को स्पष्ट निर्देश है कि मतदाता सूचना पर्ची वोटर या उनके परिवार के सदस्य को ही दें। लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाने में सभी मतदाता की भागीदारी जरूरी है। शहर हो या सुदूर गांव, प्रत्येक मतदाता तक मतदाता पर्ची पहुंचाई जा रही है, ताकि सभी मतदाता अपने बूथ के बारे में जागरुक हो सकें।

# मतदान के दिन मतदाताओं को मिलेगा सवैतनिक अवकाश : डीसी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भारत चुनाव आयोग से प्राप्त निर्देश के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश घोषित किया है। इसलिए पूर्वी सिंहभूम में 25 मई को मतदान के दिन कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश (पेड लीव) मिलेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (ख) के आलोक में निदेशित किया गया है कि प्रत्येक व्यक्ति जो किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम, मॉल अथवा किसी अन्य स्थापना में नियोजित है एवं लोक सभा/विधान सभा में मतदान करने के हकदार है को मतदान के दिन अवकाश मंजूर किया जायेगा। अवकाश मंजूर किये जाने की स्थिति में किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या कमी नहीं की जायेगी। पूर्वी सिंहभूम जिले के सभी संस्थान/दुकान (शिफ्ट में कार्य कराने वाले संस्थान/मॉल/दुकान सहित) लोकसभा निर्वाचन-2024 के क्रम में दिनांक-25.05.2024 को (मतदान तिथि को) बन्द रहेंगे। दैनिक मजदूरी पर कार्यरत कर्मी एवं आकस्मिक कर्मी भी अवकाश एवं मजदूरी के हकदार होंगे।

एक नजर में

## ईसीएचएस के अधिकारी बाजवा के असहयोग से पूर्व सैनिक दु:खी



जमशेदपुर। ईसीएचएस में बैठे हुए पदाधिकारी बाजवा की लापरवाही से एक पूर्व सैनिक संजय की पत्नी की तबियत जानलेवा स्थिति में पहुंच गई है। दरअसल संजय ने 2 अप्रैल को ही अपनी पत्नी के लिए दवा का डिमांड किया था किन्तु इस गंभीर बीमारी को इसीएचएस के इंचार्ज ने गंभीरता से नहीं लिया जिससे मरीज की स्थिति बिगड़ गई है। बताते हैं कि पूर्व सैनिक संजय की पत्नी को गंभीर बीमारी है जिसके लिए हर माह 12 लाख रुपये की दवा की जरुरत पड़ती है। इस मामले को लेकर पूर्व सैनिकों का एक प्रतिनिधिमंडल जब इसीएचएस,सोनारी के इंचार्ज मिस्टर बाजवा से मिला तो उनका एक ही तर्क था कि लेटर आगे बढ़ा दिया है किन्तु कोई सुन नहीं रहा तो मैं क्या कर सकता हूं। फिर उन्होंने दिखावे के तौर पर फिर से दोबारा लेटर फॉरवर्ड कर एक दिन का समय लिया। शनिवार को पूर्व सैनिक फिर इसीएचएस जाकर दवा के बारे में इंचार्ज से मिलेंगे और जरुरत पड़ने पर विरोध प्रदर्शन भी करेंगे। पूर्व सैनिक परिषद ने शनिवार को दिन के 11 बजे पूर्व सैनिकों से इसीएचएस, सोनारी पहुंचने का आह्वान किया है। यह जानकारी विजय कुमार यादव ने दी है।

## यशस्विनी सहाय के पक्ष में कुकडु में मंत्री बन्ना गुप्ता ने किया जनसभा



जनसभा में जनता का अभिवादन करते मंत्री बन्ना गुप्ता, रांची सीट की कांग्रेस प्रत्याशी शयस्विनी सहाय, विधायक सबिता महतो व अन्य।

चांडिल। शुक्रवार को ईंचागढ विधानसभा के कुकड़ू हाट बाजार मैदान में कांग्रेस इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष में मतदान को लेकर विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता उपस्थित थे। इस दौरान उन्होंने केंद्र के भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। यशस्विनी सहाय के पक्ष में झामुमो ने खुल कर साथ दिया। यशस्विनी सहाय के पक्ष में ईंचागढ विधायक सविता महतो के नेतृत्व में सैकड़ों गाड़ीयों का काफिला कुकड़ू हाट बाजार मैदान पहुंचा। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा दस वर्षों में केन्द्र के मोदी सरकार ने गरीबों को महंगाई के सिवा कुछ नहीं दिया है। इस मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य पप्पू वर्मा, ओमप्रकाश लायेक, काबलु महतो, राजु चौधरी, युथ कांग्रेस विधानसभा प्रभारी उपेन्द्र गिरी, राहुल वर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## गठबंधन के पास न नीति है और न नेता : सुदेश महतो



चांडिल। आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में जनसभा किया। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि इंडी गठबंधन के पास न कोई नीति है और न ही नेता। जेएमएम ने कभी राज्यवासियों के हित में काम नहीं किया। कांग्रेस एवं जेएमएम ने राज्य को आर्थिक रूप से खोखला कर दिया है। तुष्टिकरण और वोट की राजनीति ही इंडी गठबंधन की पहचान है। जबकि एनडीए विकास आधारित राजनीति, स्पष्ट नीति एवं नेतृत्व के साथ चुनाव में है। मौके पर रांची लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ उपस्थित रहे। इस दौरान आगमी 25 मई को होने वाले मतदान में अधिक से अधिक संख्या में एनडीए के पक्ष में जनता का मत हासिल करने की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा हुई। आजसू के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस, केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो, मधु गोराई, सारथी महतो, भाजपा जिला अध्यक्ष उदय सिंहदेव, अमला मुर्मू, केंद्रीय सचिव चंद्रगुप्त सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बोड़ाम में कल्पना सोरेन की सभा 22 को, तैयारी में जुटे विधायक



जमशेदपुर। जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के बोड़ाम के हाट टोला मैदान में 22 मई को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की घर्मपत्नी और झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती के लिए चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। उस कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने हाट टोला मैदान पहुंच कर निरीक्षण किया। वहीं दूसरी और बोड़ाम के हाट टोला मैदान में चुनावी सभा को लेकर बोड़ाम भूला चौक पर विधायक ने पार्टी कार्यकताओं के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैठक की और कुछ दिशा निर्देश दिये। मौके पर विश्वनाथ सिंह सरदार, छोटूलाल हंसदा, काजोल सिंह, ईशान चंद्र मूर्मू, आकाश सिंह, बेलडिह मुखिया परिमल सिंह, विनय मंडल,रति रमन सिंह, खेतु गोप,गोरिनाथ महतो, विद्यासागर गोराई, गोबर्धन कुम्भकार आदि उपस्थित थे।

## मानकी मुंडा संघ के साथ विधायक मंगल कालिंदी ने की बैठक



जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम के मानकी मुंडा संघ ने शुक्रवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी जी के कार्यालय पहुंचकर उनसे मुलाकात की। इस दौरान जुगसलाई विधायक ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मानकी मुंडा संघ से विचार विमर्श किया और उनका समर्थन मांगा इस पर समाज के लोगों ने कहां की उनका समाज लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी के साथ है. इस दौरान मानकी मुंडा संघ चाकुलिया, बहरागोड़ा, धलभुमगढ़, घाटशिला, गुदाबंधा, जमशेदपुर पोटका , मुसामुनी एवम डुमुरिया प्रखंड कमिटी के प्रखंड अध्यक्ष, हातु मुंडा और पीढ़ मानकी के साथ साथ पूर्वी सिंहभूम जिला समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संगठन सचिव, संयुक्त सचिव, सलाहकार एवम धर्म सचिव आदि उपस्थित थे।

# झामुमो प्रत्याशी समीर महंती को आदिवासी एवं अनसूचित जाति का मिल रहा समर्थन

## जनसंपर्क के साथ-साथ सांगठनिक कार्यक्रमों में भी भाग ले रहे झामुमो प्रत्याशी

खबर मन्त्र ब्यूरो





**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी समीर महंती को विभिन्न जातिय एवं जन जातीय संगठन अपना लिखित समर्थन दे रहे हैं। इन संगठनों को समय देने के साथ-साथ समीर महंती गहन जन संपर्क भी चला रहे हैं। मानकी मुंडा समाज ने समीर मोहंती को समर्थन देने की घोषणा की।

शुक्रवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के साकची स्थित कार्यालय में मानकी मुंडा समाज के प्रतिनिधियों की बैठक हुई, जिसमें सभी ने एकमत होकर, लोकसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा (इंडिया गठबंधन) के प्रत्याशी समीर कुमार मोहंती को समर्थन देने का फैसला किया। इस बैठक के दौरान मानकी मुंडा संघ के प्रतिनिधियों ने झारखंड सरकार द्वारा आदिवासियों, मूलवासियों एवं गरीबों के विकास हेतु चलाई जा रही योजनाओं पर संतोष जताते हुए इंडिया गठबंधन को समर्थन का ऐलान किया। इस से पहले, बैठक के दौरान बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती ने झारखंड सरकार के चार सालों की गतिविधियों तथा जन-कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। मानकी मुंडा समाज का समर्थन मिलने पर आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी को यह विश्वास दिलाता हूं कि आदिवासी समाज से जुड़े मुद्दों को संसद में पुरजोर तरीके से उठाऊंगा।

इस बैठक के दौरान झामुमो के युवा नेता महावीर मुर्मू ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा आदिवासियों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ आदिवासी समाज को मिल रहा है। पेंशन, राशन, आवास एवं शिक्षा से जुड़ी योजनाओं से झारखंड की सामाजिक परिस्थिति में बदलाव आयेगा। इस अवसर पर झामुमो के युवा नेता महावीर मुर्मू, राज लकड़ा, मानकी मुंडा समाज के अध्यक्ष रोशन पूर्ति, सचिव राईमुल बांद्रा, संयुक्त जिला सचिव इंद्रजीत मुंडा, रुद्र नारायण सिंह, दुर्गा प्रसाद सिंह, क्षितिश मुंडा, जानुम साई पोरखाट, सुनील कुमार सिंह, मदन मनकी, शुभंकर सिंह, गुचीराम मुंडा, देवदास मुंडा, मंगल मुंडा, मॉसओ सोय, मोती लाल मुंडा, आकाश ओमई, टीपू टूई, जगदीश सिंह सरदार, अजीत कुमार मुंडा, सुधीर मुंडा, आशीष मुंडा, सोमनाथ पाविया, खोखन मुंडा समेत मानकी मुंडा समाज के कई नेता उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### नेपाल के पीएम प्रचंड चौथी बार 20 मई को बहुमत हासिल करेंगे

काठमांडू। नेपाल में वामपंथी दलों की गठबंधन सरकार इस समय अस्थिरता के दौर से गुजर रही है। ऐसे में प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड ने सदन में एक बार फिर विश्वास मत साबित करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार सुबह संसद सचिवालय को जानकारी दी, जिसमें बताया गया है कि 20 मई को प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत हासिल करेंगे। दरअसल, नेपाल के संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक यदि सत्ता गठबंधन का कोई भी दल सरकार से समर्थन वापस लेता है तो प्रधानमंत्री को 30 दिनों के भीतर फिर से विश्वास का मत लेना होगा। दो महीने पहले ही सत्ता पक्ष में सहभागी जनता समाजवादी पार्टी के विभाजन के बाद इसके एक धड़े ने सरकार से समर्थन वापस ले लिया था।

### जयपुर-आगरा हाईवे पर हादसा, पांच मरे

भरतपुर। जयपुर-आगरा हाईवे पर भरतपुर के हलैना के पास शुक्रवार को दोपहर में जयपुर जा रही यूपी रोडवेज की बस आगे चल रहे ट्रक में घुस गई। इस भीषण सड़क हादसे में पांच महिलाओं की मौत हो गई। 12 यात्री घायल हो गए हैं। पुलिस के अनुसार उत्तर प्रदेश परिवहन के अलीगढ़ डिपो की बस अलीगढ़ से जयपुर जा रही थी। हाईवे पर जयपुर की तरफ जा रहा लकड़ियों से भरा ट्रक आगे चल रहा था। ट्रक की स्पीड कम थी। बस की स्पीड तेज थी। बस ड्राइवर ने ओवरटेक करने की कोशिश की। इस दौरान सामने से दूसरा ट्रक आया तो बस ड्राइवर ने ब्रेक लगाने की जगह साइड में चल रहे ट्रक में बस घुसा दी। हादसे में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

### हूती विद्रोहियों ने अमेरिकी जासूसी ड्रोन को मार गिराया

सना। यमन के हूती विद्रोहियों ने शुक्रवार को कहा कि उसने मारिब प्रांत के ऊपर घूम रहे अमेरिका के एक यूएस एमक्यू-9 जासूसी ड्रोन को मार गिराया है। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सारेया ने हूती संचालित अल-मसीरा टीवी द्वारा प्रसारित एक बयान में कहा कि विमान को स्थानीय रूप से निर्मित सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल से निशाना बनाया गया था, और दृश्यों को दिखाने वाला वीडियो बाद में प्रसारित किया जाएगा।

### उ. कोरिया ने पूर्वी सागर में दागी कई मिसाइलें

सोल । उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को पूर्वी सागर की ओर कम दूरी की मारक क्षमता वाली कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। इससे एक दिन पहले दक्षिण कोरिया और अमेरिका की ओर से उन्नत लडाकू जेट विमानों के साथ संयुक्त हवाई अभ्यास किया था। योनहाप समाचार एजेंसी ने बताया कि दक्षिण कोरियाई सेना ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि उत्तर कोरिया ने अपराह्न 3 :10 बजे पूर्वी तटीय शहर वॉनसन से पूर्वी सागर की ओर कम दूरी की मिसाइलों दागी है।

### शेयर बाजार में तेजी जारी सेंसेक्स 253 अंक उछला

मुंबई। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत शुक्रवार को शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन भी तेजी रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 253 .31 अंक उछलकर 73,917 .03 अंक और निफ्टी 62 .25 अंक की बढ़त के साथ 22,466 पर बंद हुआ।

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.6 अरब डॉलर बढ़ा

मुंबई । वदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण और विशेष आहरण अधिकार में हुई बढ़ोतरी की बदौलत 10 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2 .6 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 644 .2 अरब डॉलर हो गया।



## कान्स में ऐश्वर्या ने लूटी महफिल

**मुंबई।** दुनियाभर में मशहूर और सबसे खुबसूरत एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन ने 77वें एनुअल कान्स फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर अपने हुस्न का जमकर जलवा बिखेरा। उनकी तस्वीरें और वीडियोज सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। ऐश्वर्या राय ने जैसे ही रेड कार्पेट पर धांसू एंट्री मारी, तो उनके लुक पर हर किसी की निगाहें थम गईं। एक हाथ में फ्रैक्चर होने के बावजूद ऐश्वर्या राय बच्चन रेड कार्पेट पर फुल कॉन्फिडेंट नजर आईं और एक झटके में पूरी महफिल लूट ली। कान्स फिल्म्स फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर ऐश्वर्या राय बच्चन ने मोनोक्रोमैटिक लुक चुना। उन्होंने ब्लैक मोनोक्रोमैटिक ड्रेस को व्हाइट श्रग के साथ पेयर किया। उनकी ड्रेस पर गोल्डन एम्बेलिशमेंट्स नजर आ रहे हैं। ड्रेस में पीछे की तरफ एक लंबी ट्रेल है. ऐश्वर्या राय बच्चन ने मेकअप मिनिमल रखा और बहुत कम एक्सेसरीज के साथ अपने लुक को कंप्लीट किया। गोल्डन कलर के बड़े लूप्स उनके लुक पर पर चार चांद लगा रहे हैं।

### दिल्ली शराब घोटाला मामले में इडी ने दाखिल की सप्लिमेंटरी चार्जशीट

# केजरीवाल और 'आप' को भी बनाया आरोपी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति से जुड़े कथित घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने शुक्रवार को एक पूरक आरोप पत्र दाखिल किया है। इसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पहली बार आरोपी बनाया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने इस मामले में आम आदमी पार्टी (आप) को भी आरोपी बनाया है। ईडी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उसने एक्साइज पॉलिसी मामले में अपराध से कथित आय के संबंध में अरविंद केजरीवाल और हवाला ऑपरेटरों के बीच चैट की खोज की है। एजेंसी का दावा है कि केजरीवाल की तरफ से अपने गैजेट का पासवर्ड शेयर करने से इनकार करने के बाद हवाला ऑपरेटरों के डिवाइस से



चैट बरामद की गई हैं। इस मामले में ईडी ने 21 मार्च को 55 वर्षीय केजरीवाल को भी गिरफ्तार किया था। केजरीवाल फिलहाल 1 जून तक सुप्रीम कोर्ट की तरफ से अंतरिम जमानत पर जेल के बाहर है। केजरीवाल को यह जमानत चुनाव प्रचार के लिए दी गई है।

**आठवीं चार्जशीट :** कुल मिलाकर यह इस मामले में ईडी की तरफ से दायर की गई यह आठवीं चार्जशीट है। इस मामले में ईडी ने अब तक 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। पिछले हफ्ते, एजेंसी ने बीआरएस नेता और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता और चार अन्य के खिलाफ इसी तरह की शिकायत दर्ज की थी। केजरीवाल को पहले दिल्ली एक्साइज पॉलिसी घोटाले का किंगपिन और मुख्य साजिशकर्ता कहा था।

**पहली बार राजनीतिक दल को बनाया आरोपी**

**एलजी ने दी थी केस चलाने की मंजूरी**

दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने शराब पॉलिस के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच की सिफारिश की। इसके बाद, ईडी ने पीएमएलए के तहत मामला दर्ज किया। ईडी ने 17 अगस्त को दर्ज की गई सीबीआई एफआईआर का संज्ञान लेते हुए 22 अगस्त, 2022 को 2021-22 की दिल्ली एक्साइज नीति में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए अपना मनी लॉन्ड्रिंग मामला दर्ज किया।

## समान नागरिक संहिता लागू करेंगे : राजनाथ

**बलिया।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के सिकन्दरपुर में जनसभा में ऐलान किया कि केंद्र में तीसरी बार सत्ता में आने पर समान नागरिक संहिता लागू करेंगे। यह हमारा कमिटमेंट है। क्योंकि यह भारत के संविधान के नीति निर्देशक तत्वों में शामिल है। राजनाथ सिंह ने सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रवींद्र कुशवाहा के समर्थन में आयोजित जनसभा में कहा कि संविधान निर्माताओं ने भी समान नागरिक संहिता के बारे में कहा था। उन्होंने कहा कि हम राजनीति देश



बनाने के लिए करते हैं। आज देश की चौड़ी सड़कों का श्रेय अटल जी को जाता है। सिंह ने कहा कि पिछले दस सालों में भारत के प्रति दुनिया में धारणा बदली है। पहले भारत को कमजोर समझा जाता था। आज भारत बोलता है तो दुनिया कान खोलकर सुनती है।

## बिभव की धमकी से झुकी पार्टी : मालीवाल

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सांसद स्वाति मालीवाल ने अपनी ही पार्टी की ओर से लगे आरोपों का जवाब देते हुए हुए कहा है कि पार्टी बिभव की धमकी के आगे झुक गई है और दो दिन पहले दिए अपने ही बयान से पलट गई है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि ये गुंडा (बिभव) पार्टी को धमका रहा है, मैं अरेस्ट हुआ तो सारे राज खोलूंगा। इसलिए ही लखनऊ से लेकर हर जगह शरण में घूम रहा है। इससे पहले मालीवाल के साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास में हुई मारपीट के मामले में एक वीडियो सामने आया

- केजरीवाल के पीए पार्टी को धमकी दे रहा कि मैं अरेस्ट हुआ तो सारे राज खोलूंगा
- सांसद के साथ दिल्ली के सीएम आवास में हुयी मारपीट का सामने आया वीडियो

था। इसमें वह सौफे पर बैठी हैं और पुलिस बुलाने की बात कर रही हैं। वीडियो पर सवाल खड़े करते हुए स्वाति मालीवाल ने इसे राजनीतिक हिटमैन की खुद को बचाने की कोशिश बताया था। उधर, आम आदमी पार्टी ने स्वाति मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीए के मारपीट करने की बात स्वीकारने के बाद अब अपना रुख



बदल लिया है। पार्टी नेता आतिशी ने संजय सिंह के बयान को अधूरी जानकारी पर आधारित करार देते हुए कहा है कि आज सामने आया वीडियो स्पष्ट करता है कि भाजपा के कहने पर स्वाति मालीवाल ने मुख्यमंत्री को फंसाने की साजिश रची है। इस पर स्वाति ने सोशल मीडिया पर कहा कि पार्टी में कल के आए नेताओं (आतिशी) ने 20 साल पुरानी कार्यकर्ता को भाजपा का एजेंट बता दिया। दो दिन पहले पार्टी ने पत्रकारवार्ता में सब सच कबूल लिया था और आज यू-टर्न लिया। उन्होंने कहा कि आज बिभव के दबाव में पार्टी ने हार मान ली और एक गुंडे (बिभव) को बचाने के लिए पूरी पार्टी से उनके चरित्र पर सवाल उठा रही है।

**बिभव ने मारा, घसीटा और अपशब्द कहे : मालीवाल**

मालीवाल के मामले में पुलिस ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। एफआईआर में स्वाति ने आपबीती बतायी है। उनका कहना है कि उन्हें थप्पड़ मारे गए, घसीटा गया और पेट और निचले हिस्से में मारा गया। साथ ही उन्हें कहा गया कि तू हमारी बात कैसे नहीं मानेगी, ... तेरी औकात क्या है। दिल्ली पुलिस की एफआईआर में स्वाति मालीवाल ने कहा कि वे 13 मई को सुबह नौ बजे मुख्यमंत्री आवास पर उनसे मिलने गई थीं। मुख्यमंत्री के पीए बिभव ने उनके साथ मारपीट की। वे उनपर चिल्लाए और कहा कि तू हमारी बात कैसे नहीं मानेगी? .... तेरी औकात क्या है कि हमको न कर दे। समझती क्या है खुद को, नीच औरत । तूझे सबक सिखायेंगे।

## वीरों की धरती बुंदेलखंड में बनेगा डिफेंस कॉरिडोर: मोदी

**एजेंसी**

हमीरपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि हमारी सरकार देश में दो डिफेंस कॉरिडोर बना रही है। एक डिफेंस कॉरिडोर वीरों की धरती बुंदेलखंड में बनेगा। क्योंकि बुंदेलखंड के लोग राष्ट्रहित के लिए सबसे आगे खड़े होने वाले लोग हैं। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि युवाओं को बुंदेलखंड छोड़कर न जाना पड़े। हमारा संकल्प है कि बुंदेलखंड उद्योग और रोजगार का केंद्र बनें। जनसभा में भीड़ देखकर मोदी ने कहा कि जिसको 4 जून के नतीजे जानने हों, वो बुंदेलखंड का यह दृश्य देख ले। मोदी ने हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदले के समर्थन में एक चुनावी जनसभा में

**एससी-एसटी-ओबीसी का पूरा आरक्षण मुस्लिमों को देना चाहती कांग्रेस : प्रधानमंत्री**



कहा कि एक जमाना था, जब सूखा बुंदेलखंड की पहचान बन गया था। बूंद-बूंद पानी को हमारा बुंदेलखंड तरसता था। सपा-कांग्रेस की सरकारें क्या करती थीं? योजनाएं निकालती थीं फिर उसका पैसा खा जाती थीं। सपा के लोग तुष्टीकरण के लिए किसी भी सीमा तक जा सकते हैं। वोटबैंक के लिए कांग्रेस आरक्षण खत्म कर रही और सपा समर्थन कर रही है। अब ये लोग संविधान बदलकर एससी-एसटी-ओबीसी का पूरा आरक्षण मुस्लिमों को देना चाहते हैं। मैंने सपा से कहा था कि आप तो पिछड़ों की राजनीति करते हो, पिछले दरवाजे से पिछड़ों का आरक्षण लूटने का जो जाल बिछाया जा रहा है, जरा उसका विरोध तो कीजिए लेकिन ये सपा के लोग मुंह पर ऐसा ताला लगाकर बैठ गए कि वो बोलने को भी तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि राम काज से आगे अब राष्ट्र काज का समय है। इस बार तो सपा-कांग्रेस ने चुनाव से पहले ही इरादे साफ कर दिए हैं। कांग्रेस कह रही है कि वो सबकी संपत्ति की जांच कराएगी। फिर वो आपकी संपत्ति में से एक हिस्सा, उनके लिए वोट जिहाद करने वाले वोटबैंक को दे देंगे।

## रायबरेली की जनता को सौंप रही हूं अपना बेटा : सोनिया

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने रायबरेली के लोगों से शुक्रवार को भावुक अपील करते हुए कहा कि वह उम्र के कारण यहां की जनता की सेवा अब नहीं कर पा रही हैं इसलिए अपने बेटे राहुल गांधी को उन्हें सौंप रही हैं। श्रीमती गांधी ने रायबरेली से पार्टी उम्मीदवार तथा अपने पुत्र राहुल गांधी को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि रायबरेली और अमेठी से उनके पारिवारिक रिश्ते हैं और अब ज्यादा उम्र के कारण यहां की जनता की सेवा नहीं कर पा रही हैं इसलिए यह दायित्व अपने बेटे राहुल गांधी को सौंप रही हैं।

उन्होंने कहा कि तीस साल तक आपने मुझे सेवा का मौका दिया। आपके सामने मेरा सिर श्रद्धा से झुका हुआ है। रायबरेली और अमेठी मेरा परिवार है। आज मैं आपको अपना बेटा सौंप रही हूं। जैसे आपने मुझे अपना माना, वैसे ही राहुल को अपना मानकर रखना

**सोनिया गांधी ने राहुल को वोट देने के लिए भावुक अपील की**



है। राहुल आपको निराश नहीं करेगा। प्रियंका गांधी ने भी अपने भाई को जिताने की अपील करते हुए कहा कि आज देश में बदलाव की आंधी उठी है। समाजवादी और कांग्रेस के कार्यकर्ता एकजुट होकर, एक सेना बनकर लड़ रहे हैं और इंडिया समूह को विजयी बनाएंगे। आज इस देश में आंधी उठी है। इस देश की पुकार है कि भाजपा की तानाशाह सरकार को हटाया जाए और देश में एक नई चेतना स्थापित हो। मोदी जी की सरकार को उखाड़ कर फेंक दीजिए।

### ह्यूस्टन में तूफान से चार लोगों की मौत और बिजली गुल

**ह्यूस्टन।** अमेरिका में टेक्सास प्रांत के सबसे



बड़े शहर ह्यूस्टन में तूफान की चपेट में आकर चार लोगों की मौत हो गई। प्रांतीय प्रशासन के मुताबिक हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि लोगों की मौत कैसे हुई। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय समयानुसार शहर में गुरुवार देर रात करीब नौ बजे आये तूफान से कई क्षेत्रों में पेड़ उखड़ गये और बिजली की लाइनें टूट गयीं। टेक्सास के सबसे बड़े स्कूल जिले ह्यूस्टन आईएसडी ने तूफान से हुई क्षति और बिजली कटौती के कारण शुक्रवार के लिए सभी कक्षाएं रद्द कर दीं। एक अमेरिकी प्राकृतिक गैस उपयोगिता, सेंटरप्वाइंट ने बताया कि तेज तूफान के कारण करीब नौ लाख लोग बिजली गुल होने से अंधेरे में हैं।

